सूर्योदय : 6:17
सूर्यास्त : 5:21
अधिकतम तापमान : 31.2
न्यूनतम : 18.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-20 अंक-135 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 06 नवम्बर 2026
25 जमादीउल अव्वल 1448 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com



इमरजेंसी लगाने वाले लोकतंत्र पर ज्ञान दे रहे

■ गाजियाबाद में बोले सीएम- राहुल गांधी बार-बार फेल हो रहे



गाजियाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गाजियाबाद में बीजेपी की पदयात्रा निकाली। इसके बाद हुई जनसभा में सीएम योगी ने कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि आज लोकतंत्र के बारे में कांग्रेस देश को ज्ञान दे रही है। ये वही कांग्रेस है जिसने 1975 में इमरजेंसी लगाई थी। यह वाकई एक हास्यास्पद स्थिति है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का हर नागरिक लोकतंत्र के प्रति पूरी तरह जागरूक है और जानता है कि इसके रास्ते में आने वाली रुकावटों की बेड़ियों को कैसे मजबूती से तोड़ा जाए। फिर भी, कांग्रेस और उसके सहयोगी इस सच्चाई को मानने से इनकार करते हैं। अगर वे चुनाव जीतते हैं तो इसे अपनी काबिलियत का सबूत बताते हैं और अगर हार जाते हैं तो इसका दोष ईवीएम पर मढ़ देते हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा- कांग्रेस देश का विश्वास खो चुकी है। राहुल गांधी बार-बार फेल हो रहे हैं। कांग्रेस राज में कई घोटाले हुए। आज देश भर में कांग्रेस अराजकता फैला रही है। ये चुनाव जीत जाते हैं तो ईवीएम को सही बताते हैं और हारने पर खराब बताते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। आज विपक्ष देश की संवैधानिक संस्थाओं पर बार-बार हमला कर रहा है।

हर जगह विरोध-प्रदर्शन के पीछे कांग्रेस : अपनी जनसभा में सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई गईं। योगी ने कहा- दिल्ली सहित अन्य जगहों पर कांग्रेस और उसके सहयोगियों के विरोध-प्रदर्शन के पीछे क्या कारण है? इसका केवल एक ही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इसने विरासत और विकास के बीच संतुलन बनाने की यात्रा को शानदार ढंग से आगे बढ़ाया है। वहीं, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल केवल रुकावटें पैदा करने और बाधा बनने का काम करते हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा- 500 सालों तक भगवान राम लला को या तो गुलामी के ढांचों के नीचे रहना पड़ा या फिर एक तंबू में। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राम मंदिर का विरोध किया। उन्होंने अदालतों में इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी और सड़कों पर भक्तों का सामना किया। जिस तरह अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है, उसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरे देश में दलितों, गरीबों और वंचितों के लिए 4 करोड़ घर बनाए गए हैं। जिस तरह काशी में काशी विश्वनाथ धाम का विकास किया गया, उसी तरह दिल्ली में भारत मंडपम की स्थापना की गई। जिस तरह केदारनाथ में केदारपुरी का पुनर्निर्माण किया गया, उसी तरह गाजियाबाद में पूर्वांचल और उत्तराखंड भवन बनाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने धनतेरस की प्रदेशवासियों को दी बधाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने धनतेरस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने भगवान धन्वंतरि से सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की है। अपने सन्देश में कहा कि धनतेरस सनातन हिन्दू धर्म की परम्परा और लोक-आस्था से जुड़ा पावन पर्व है।

भारत की नई ताकत 'प्रलय': हवा में रास्ता बदलने में माहिर



भुवनेश्वर। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को ओडिशा के तट से अपनी स्वदेशी रूप से विकसित 'प्रलय' मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण कर भारत के पारंपरिक मिसाइल बेड़े को एक नई मजबूती दी है।

सुबह 11:10 बजे किया गया यह प्रक्षेपण मिसाइल के 'यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल' का हिस्सा था, जो भारत की स्वदेशी मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक और बड़ा कदम है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस सफल परीक्षण की जानकारी साझा की।

घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं

■ जौनपुर में बोले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी



जौनपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पांच लाख करोड़ रुपये की लागत से सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में सड़कों की तस्वीर बदली है और अब उनकी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। खराब काम करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि वे दोबारा काम नहीं कर सकेंगे।

गडकरी ने कहा कि वह सड़कों की गुणवत्ता की निगरानी सैटेलाइट के माध्यम से करते हैं। छोटी-छोटी बातों का निरीक्षण किया जाता है और गुणवत्ता संबंधी रिपोर्ट भी उनके पास पहुंचती है। जनता के पैसे से बनने वाली सड़कों में किसी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश को विश्व की महाशक्ति बनाना, पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तैयार करना और गरीबी दूर करना सरकार का लक्ष्य है। राजनीति सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का माध्यम होनी चाहिए। रायबरेली का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 50-60 वर्षों के कार्यकाल की तुलना में उनकी सरकार ने दस वर्षों में तीन गुना अधिक काम किया है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर सरकार काम कर रही है।

मायावती ने दिया- 'वोट हमारा, राज भी हमारा' का नारा

■ बैठक में बीएसपी के सारे पदाधिकारी हुए शामिल



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सबसे बड़ा ऐलान 6 दिसंबर को होने वाले महापरिनिर्वाण दिवस समारोह को लेकर हुआ। मायावती ने कहा कि 6 दिसंबर को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) पर लखनऊ के डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर होने वाले विशाल श्रद्धा-सुमन समारोह में वे मुख्य अतिथि के रूप में नेतृत्व करेंगी।

बैठक में बीएसपी यूपी स्टेट यूनिट के पदाधिकारी, मंडल सहित सभी स्तर के पदाधिकारी और सभी 75 जिलों के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। मायावती ने बूथ लेवल तक की जमीनी तैयारियों, अच्छे से अच्छे उम्मीदवारों के चयन और सर्वसमाज में खास तौर पर गरीब व कमजोर तबकों को उनके वोट की शक्ति के प्रति जागरूक करने के लिए दिए गए कामों की प्रगति की समीक्षा की।

मायावती ने कहा कि बहुजन समाज के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का कारवां 'वोट हमारा, राज भी हमारा' के सर्वजन-हितैषी संकल्प के साथ सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करके अपनी मंजिल की ओर तेजी से बढ़ें।

आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर

ईडी मामला



नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को धनशोधन के नए मामले में फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक नए मामले में समपा नेता आजम खान की जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से आग्रह किया है कि याचिका को 16 नवंबर को दो न्यायाधीशों की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने खान की याचिका को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया और मुख्य न्यायाधीश से 16 नवंबर को एक खंडपीठ के समक्ष इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। आजम खान के वकील के मुताबिक, सपा नेता को जौहर ट्रस्ट से जुड़े धनशोधन मामले में एक नवंबर को गाजियाबाद की विशेष अदालत में पेश किया गया था।

केरल का कोच्चि बनेगा सीजेपी का 'जंतर मंतर'

■ कॉकरोच जनता पार्टी ने दिवाली से एक दिन पहले किया प्रदर्शन का ऐलान



नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने एसआईआर के खिलाफ केरल के कोच्चि में दिवाली से एक दिन पहले 7 नवंबर को धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। सीजेपी ने गुरुवार को कहा कि कोच्चि में जंतर मंतर होगा। पार्टी ने कोच्चि के राजेंद्र मैदान में चुनाव आयोग के खिलाफ आंदोलन के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है।

सीजेपी की ओर से प्रदर्शन के लिए जारी पोस्टर में 'सेव डेमोक्रेसी, कैंसल एसआईआर' का नारा दिया गया है। पोस्टर के मुताबिक, यह प्रदर्शन 7 नवंबर को शाम 4 बजे कोच्चि के राजेंद्र मैदान में आयोजित होगा। अभिजीत दीपके भी इस प्रदर्शन में शामिल होंगे।

कोच्चि में आयोजित होने वाला यह विरोध-प्रदर्शन, सीजेपी का पहला बड़ा कदम है। इससे पहले, दिल्ली के जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन करने की कोशिश के दौरान सीजेपी के नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था।



पीके इंटर कॉलेज मैदान में पूर्व की भांति लगेंगी अस्थाई दुकानें



अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। दीपावली के पावन पर्व पर शहरवासियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी एवं संबंधित अधिकारियों की टीम के साथ पीके इंटर कॉलेज मैदान में लगने वाली अस्थाई पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि पटाखा दुकानों की स्थापना पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए और सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी तरह की लापरवाही न हो। डीएम ने निर्देशित किया कि पूर्व की भांति पीके इंटर कॉलेज मैदान में ही निर्धारित व्यवस्था के अनुसार अस्थाई पटाखा दुकानों की स्थापना सुनिश्चित कराई जाए। दुकानों के बीच निर्धारित दूरी, अग्नि सुरक्षा सहित सभी जरूरी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि पटाखों की खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो और बाजार में सुरक्षित माहौल बना रहे उन्होंने मैदान के समीप ही व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, जिससे खरीदारी के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और लोगों को अपने वाहनों की पार्किंग के लिए भटकना न पड़े। डीएम ने उप जिलाधिकारी सदर एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलुव राजू आर और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय कुमार को आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कराने के निर्देश दिए डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पटाखा बाजार में सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था, आवागमन और आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, जिससे दीपावली का पर्व खुशियों और उल्लास के साथ सुरक्षित वातावरण में मनाया जा सके निरीक्षण के दौरान सीओ सिटी महक शर्मा, तहसीलदार सदर मुकेश कुमार वर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, ईओ संजय कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

04 नफर अभियुक्तों को सार्वजनिक स्थान पर जुआँ खेलते हुये किया गिरफ्तार



लखीमपुर-खीरी। थाना शारदानगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते हुए 04 नफर अभियुक्तों को सार्वजनिक स्थान पर जुआँ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के कब्जे से कुल 7110/- रुपये तथा 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध गिरफ्तारी व बरामदगी फर्द के आधार पर थाना शारदानगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक/वैधानिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण अशोक कुमार पुत्र शीतला प्रसाद निवासी ग्राम डीगुरपुरवा थाना शारदानगर निकेत उर्फ अनिकेत पुत्र स्व0 कमल किशोर निवासी ग्राम गोडा थाना शारदानगर मो0 रहीश पुत्र शहजाद निवासी ग्राम गोडा थाना शारदानगर जनपद खीरी

4. संतोष कुमार पुत्र परसराम निवासी ग्राम गोडा थाना शारदानगर अभियुक्त के विरूद्ध पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 314/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम अभियुक्त गण से बरामद 52 अदद ताश के पत्ते व माल फड 7110 रूपये

अमावस्या की उपस्थिति के कारण दीपावली का महापर्व आठ नवंबर रविवार को मनाया जाएगा

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। वर्ष दीपावली पर्व की तिथियों को लेकर विशेष ज्योतिषीय संयोग बन रहा है। चतुर्दशी के बाद अमावस्या तिथि और प्रदोष काल में अमावस्या की उपस्थिति के कारण दीपावली का महापर्व आठ नवंबर रविवार को मनाया जाएगा। वहीं सात नवंबर शनिवार को छोटी दीपावली यानी नरक चतुर्दशी और हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा इस बार पक्ष 14 दिन का है। तृतीया तिथि का क्षय होने के कारण यह स्थिति बनी है। अमावस्या तिथि आठ नवंबर को दोपहर 2:32 बजे प्रारंभ होगी प्रदोष काल और रात्रि में अमावस्या तिथि होने के कारण इसी दिन दीपावली मनाना शास्त्रसम्मत है।लक्ष्मी पूजन के तीन विशेष मुहूर्त इस बार लक्ष्मी गणेश पूजन के लिए विशेष मुहूर्त निर्धारित किए गए हैं। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए दिन में स्थिर कुंभ लग्न दोपहर 1 बजे से 2:36 बजे तक रहेगा। इस दौरान व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में गणेश लक्ष्मी का पूजन कर सकते हैं।

प्रदोष काल का श्रेष्ठ मुहूर्त शाम 5:27 बजे से 7:45 बजे तक वृषभ स्थिर लग्न में रहेगा। वहीं विशेष चौघड़िया मुहूर्त शाम 7:41 बजे से रात 10:27 बजे तक रहेगा। इस दौरान घरों में पूजन और व्यापार में ऋद्धि सिद्धि की कामना करना शुभ माना गया है।सोमवती अमावस्या और अन्नकूट का संयोग नौ नवंबर सोमवार को स्नान दान और श्राद्ध के साथ सोमवती अमावस्या का संयोग बन रहा है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं परंपरानुसार पूजन करेंगी। इसे विशेष पुण्यदायी माना गया है। इसी दिन अन्नकूट पर्व और गोवर्धन पूजा भी मनाई जाएगी। दस नवंबर मंगलवार को भैया दूज के साथ चित्रगुप्त पूजा और कलम दवात का पूजन होगा।

किसानों को सहूलियत अब इंतखाब (खतौनी / अधिकार अभिलेख की नकल) से भी हो सकेगी खरीद

लखीमपुर खीरी। जिले में इन दिनों धान खरीद चल रही है। किसानों को सहूलियत हो इसको लेकर अब इंतखाब ((खतौनी / अधिकार अभिलेख की नकल) से भी खरीद हो सकेगी। शासन की ओर से आए आदेश के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। फिलहाल बृहस्पतिवार को शहर की राजापुर मंडी में बनाए गए केंद्रों पर किसान तौल कराते हुए दिखाई दिए। इधर कुछ दिनों से सरकारी धान खरीद के लिए किसानों के रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा था। इससे किसान परेशान थे। विभागीय अधिकारियों का मानना था कि इससे खरीद पर प्रभाव पड़ रहा है। किसानों का कहना था कि रजिस्ट्रेशन का जब सत्यापन किया जाता है तो कहीं अनेबल टू सर्वे दिख रहा है कहीं धान की जगह दूसरी फसल दिख रही है। इसके साथ ही कई जगह नाम में भी परिवर्तन होने के चलते यह दिक्कतें सामने आ रही थी। किसानों ने जिस रकबा में धान की फसल का रजिस्ट्रेशन किया ऑनलाइन सत्यापन में उस रकबा पर फसल का मिलान नहीं हो रहा था।

दो पुत्रियों की मां ने अपने पति को दिया चकमा

लखीमपुर-खीरी। थाना हैदराबाद के गांव की दो पुत्रियों की मां अपने पति को चकमा देकर कही चली गई। थाना हैदराबाद के गांव निवासी ग्रामीण ने गोला कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि उसकी पत्नी ने बीमारी का बहाना बताकर दवा दिलाने के लिए गोला चलने को कहा। पत्नी के कहने पर बुधवार को दोपहर करीब तीन बजे वह अपनी पत्नी के साथ गोला आये और पत्नी का एक्स-रे करवाया। उसके बाद पत्नी कपड़े लेने के लिए मेला मैदान गई। युवक ने बताया कि पत्नी ने पैर दर्द का बहाना बताया और कहा कि हम यही बैठे हैं। तुम जाकर एक्स-रे रिपोर्ट ले आओ रिपोर्ट लेकर युवक वापस आया तो पत्नी वहां नहीं मिली। काफ़ी तलाशने के बाद भी नहीं मिली। युवक ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी है। युवक ने बताया कि उसको एक रोहित नाम के एक युवक पर शक है और पत्नी उससे बात करती थी। महिला के दो पुत्री हैं।

विद्युत विभाग जे.ई. खिलाफ एकजुट हुए आउटसोर्स कर्मी अधिशासी अभियंता को सौंपा गया शिकायती पत्र

बदायूं। विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मियों द्वारा अवर अभियंता पर गंभीर आरोप लगाते हुए अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र सौंपा गया है।मामला विद्युत वितरण खंड बिसौली के दिसौलीगंज उप केंद्र से जुड़ा हुआ है।

विद्युत वितरण खंड बिसौली के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र दिसौलीगंज पर तैनात आउटसोर्स संविदा कर्मचारियों ने संबंधित अवर अभियंता के कथित व्यवहार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड बिसौली को सामूहिक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मानसिक उत्पीड़न, अभद्र भाषा का प्रयोग, अवैध धन उगाही के लिए दबाव बनाने, वेतन कटौती तथा नौकरी से निकलवाने की धमकियां देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

कर्मचारियों का आरोप है कि उपकेंद्र पर कार्यरत कुशल एवं अकुशल श्रमिकों के साथ लंबे समय से कथित रूप से अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। उनका कहना है कि अवर अभियंता के दूरा छोटी-छोटी बातों पर मुकदमा दर्ज कराने और विभागीय कार्रवाई कराने की धमकी दी जाती है। इससे कर्मचारियों में भय, तनाव और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

अलापुर क्षेत्र में आबकारी विभाग ने चलाया अभियान



बदायूं। (अवधनामा संवाददाता) दीपावली के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा थाना अलापुर क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। आबकारी अधिकारी हरि शंकर शुक्ला ने बताया कि बृहस्पतिवार को टीम थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर में निरीक्षक प्रकाश कुमार के नेतृत्व में पहुंची थी। टीम द्वारा मौके से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब व 250 ग्राम लहन बरामद किया गया है।

डेंगू और मलेरिया का तांडव, अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इज़ाफ़ा

बदायूं। (अवधनामा संवाददाता) मौसम बदलने के साथ ही जिले में बुखार का सिलसिला लगातार ज़ारी है। ज्यादातर देहात क्षेत्र में बुखार के पीड़ित बढ़ते ही जा रहे हैं जिस कारण अस्पतालों में मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। पिछले 28 दिनों में जनपद के अलग-अलग स्थानों पर 19 बच्चों की मौत हो चुकी है।जनपद के विकासखंड जगत,आलापुर वजीरगंज कादरचौक आदि क्षेत्रों में बुखार का तांडव जारी है। केवल नवंबर माह में अब तक मलेरिया के 15 तथा डेंगू के तीन मरीजों की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा चुकी है।लगातार मौतों एवं बुखार पीड़ितों की बढ़ती संख्या के प्रति जिम्मेदार विभागों की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।लोगों का कहना है कि देहात क्षेत्र में मरीजों संख्या बढ़ने का सबसे बड़ा कारण गंदगी की वजह से मच्छरों की भरमार है। बताया जाता है कि अलापुर ब्लॉक क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई न होने के कारण यहां गंदगी के अंबार लगे हैं जिस वजह से यहां अत्यधिक मच्छर पनप रहे हैं। यह हालत तब है जब विगत दिवस यहां दो मरीजों की मौत हो चुकी है।स्वास्थ्य विभाग के डा0 तहसीन ने बताया कि इस वर्ष जनपद भर में डेंगू के 98 तथा मलेरिया के 670 मरीज मिल चुके हैं।विगत दिनों हुई मौतों के बाद एडी हेल्थ सीमा अग्रवाल द्वारा बृहस्पतिवार को जनपद में पहुंचकर कई ब्लॉकों का निरीक्षण किया गया है।

दीपावली को सकुशल रूप से संपन्न कराने हेतु जनपद पुलिस अलर्ट



बदायू। (अवधनामा संवाददाता) दीपावली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा पूरी तरह से कमर कस ली गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में जनपद में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। बाजारों, प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस द्वारा निरंतर पैदल गश्त, वाहन चेकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों तथा गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, जिससे आमजन सुरक्षित एवं निर्भीक वातावरण में त्योहार मना सकें।पुलिस द्वारा जनपदवासियों से अपील की जाती है कि दीपावली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं, पटाखों का सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक प्रयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद वासियों को पुलिस परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी गई हैं।

नीलगाय से टकराई कार, रिटायर्ड प्रोफेसर की मौत

बदायूं। थाना इस्लामनगर क्षेत्र में कार सवार प्रोफेसर की सड़क हादसे में मौत हो गई।उनकी कार सड़क पर अचानक आई नीलगाय से टकरा गई जिस घटना घटित हो गई। पुलिस ने मृतक केशव को कब्जेमें लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेसवे पर हादसा उस वक्त हुआ जब शामली निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर अनिल कुमार (62) अपने ड्राइवर सहित कार से प्रयागराज से मेरठ जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी कार गंगा एक्सप्रेस वे के पिलर नंबर 143 के निकट पहुंची तभी सड़क पर अचानक आई नीलगाय से टकरा गई। बताते हैं कि ड्राइवर ने नीलगाय को सामने देखकर कार को बहुत बचाने की कोशिश की लेकिन बचाते-बचाते कार नीलगाय से जा टकराई। हादसे में प्रोफेसर अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए,जबकि ड्राइवर बाल बाल बच गया।

नौ वर्षों से नहीं खुला सामुदायिक शौचालय, ग्रामीण परेशान, अधिकारी मस्त

अवधनामा संवाददाता



बलरामपुर। जनपद के विकासखंड तुलसीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरेछीटन में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गांव में लाखों रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय पिछले करीब नौ वर्षों से ग्रामीणों के उपयोग में नहीं आ रहा है। शौचालय बंद रहने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार,सामुदायिक शौचालय का निर्माण इस उद्देश्य से कराया गया था कि गांव के लोगों,विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को शौच के लिए परेशानी न उठानी पड़े। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यह सुविधा वर्षों से ग्रामीणों को उपलब्ध नहीं हो सकी। हैरानी की बात यह है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गई और समाचार पत्रों में भी खबरें प्रकाशित हुईं। इसके बाद अधिकारियों की सक्रियता दिखाने के लिए शौचालय की मरम्मत और रंगरोगन तो करा दिया गया,लेकिन कुछ समय बाद फिर वही पुरानी स्थिति बन गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध और शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या का स्थायी समाधान कराने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। सरकारी धन खर्च होने के बाद भी यदि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा नहीं मिल रही है तो यह संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। सामुदायिक शौचालय को तत्काल नियमित रूप से संचालित कराया जाए तथा इसके रखरखाव और देखरेख की जिम्मेदारी तय की जाए,ताकि सरकारी योजना का लाभ वास्तव में ग्रामीणों को मिल सके।

अब सवाल यह है कि नौ वर्षों से बंद पड़े सामुदायिक शौचालय की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी अधिकारी कब जागेंगे और कब गांव के लोगों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा?

डीएम ने मतदाता सूचियों का मिलान कर छूटे हुए पात्र मतदाताओं को चिह्नित करने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

बलरामपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तुलसीपुर के अंतर्गत प्राथमिक पाठशाला मुजेहनी, मजरा बालापुर में स्थित बूथ संख्या 396, 397 एवं 398 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम सम्मिलित किए जाने, नवीन मतदाताओं के पंजीकरण तथा फॉर्म-06 भरवाए जाने की कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से संबंधित बूथों की मतदाता सूची, नवीन मतदाता पंजीकरण की प्रगति तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र युवाओं एवं महिलाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित बीएलओ को निर्देशित किया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची एवं पंचायत निर्वाचन की मतदाता सूची का गहनता से मिलान किया जाए। इस दौरान ऐसे व्यक्तियों को चिह्नित किया जाए, जो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की पात्रता रखते हैं, लेकिन किसी कारणवश उनका नाम सूची में सम्मिलित नहीं हो सका है।

उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत निर्वाचन की मतदाता सूची में दर्ज ऐसे व्यक्तियों का सत्यापन किया जाए, जिनका नाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में उपलब्ध नहीं है। पात्रता की पुष्टि करते हुए संबंधित मतदाताओं से फॉर्म-06 भरवाकर नियमानुसार उनका नाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में सम्मिलित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पूर्णता निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता की पहचान करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं एवं मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित पात्र महिला मतदाताओं के पंजीकरण पर जोर दिया।

उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में ऐसे युवाओं एवं महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित करें, जिनका नाम अभी तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है।

क्षेत्राधिकारी उतरौला द्वारा थाना श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के चौकीदारों को वितरित किए गए वस्त्र

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस एवं ग्राम चौकीदारों के मध्य समन्वय एवं सहयोग को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ0 जितेन्द्र कुमार एवं थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम चौकीदारों को वस्त्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर चौकीदारों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया। साथ ही अपने-अपने ग्राम क्षेत्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा पुलिस का सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

डाक्टर अनुकृति दुबे वरिष्ठ प्रबंधक ने यूपी फाइनेंस सचिव आईएएस संदीप कौर से की मुलाक़ात



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका के अंतर्गत रिन्यूवल एंड क्लाइमेट प्रोग्राम ओजस यूपी की वरिष्ठ प्रबंधक जलवायु परिवर्तन एव स्थिरता डाक्टर अनुकृति दुबे ने यूपी फाइनेंस सचिव आईएएस संदीप कौर से मुलाक़ात की ।

इस मुलाक़ात में दोनों अधिकारियों के मध्य महिला सशक्तिकरण एवं रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम पर विस्तार से चर्चा हुई साथ साथ सीएसआर कंपनियों के द्वारा चलाई रही एक्टिविटीज को रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को जोड़ने पर गहन विचार व्यक्त हुए और एक साथ मिलकर इस दिशा में काम करने की सहमति बनी ।

फाइनेंस सचिव आईएएस संदीप कौर ने कहा कि सरकार की लखपति दीदी योजना से महिलायो को लाभ मिलेगा साथ साथ महिलाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे इस दिशा में पूरा सहयोग मेरे द्वारा किया जाएगा । और महिलायो को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग किया जायेगा । ग्रीन एंटरप्राइज मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा ।

श्रीदत्तगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई: एनडीपीएस एक्ट के मामले में लंबे समय से वांछित वारंटी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

बलरामपुर। जनपद में अपराधियों और वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रीदत्तगंज पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय रवाना कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ. जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज श्री योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, दिनांक 5 नवंबर 2026 को थाना श्रीदत्तगंज पुलिस टीम ने माननीय न्यायालय एएसजे/एफटीसी/सीएडब्ल्यू बलरामपुर से जारी गैर जमानती वारंट के तहत मुकदमा संख्या 01/2022, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त मो. इजहार उर्फ मो. रजा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो. इजहार उर्फ मो. रजा पुत्र मो. अकरम, निवासी रुखी मझारी, थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है।

हाईकोर्ट के आदेश पर बलरामपुर प्रशासन का बड़ा बयान, डीएम ने समयबद्ध अनुपालन का दिया भरोसा

बलरामपुर। उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में बलरामपुर सदर तहसील क्षेत्र से संबंधित जनहित याचिका (पीआईएल संख्या 1033/2026) के क्रम में पारित आदेश को लेकर जिला प्रशासन ने अपना पक्ष स्पष्ट किया है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने मामले में न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन को लेकर प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि संबंधित प्रकरण जनपद की सदर तहसील से जुड़ा हुआ है। मामले में विधिक निर्देश एवं आख्या प्राप्त करने के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक पत्राचार किया गया था। हालांकि, कुछ प्रक्रियात्मक कारणों के चलते न्यायालय के समक्ष निर्धारित तिथि तक समयबद्ध निर्देश प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

डीएम की मौजूदगी में तहसील तुलसीपुर के ग्राम बालापुर में धान की फसल की क्रॉप कटिंग संपन्न, फसल की उत्पादकता का किया गया आकलन

डीएम ने कृषक से संवाद कर सरकारी धान क्रय केंद्र पर उपज विक्रय करने की किया अपील

अवधनामा संवाददाता



बलरामपुर। जनपद में खरीफ फसलों की उत्पादकता का सटीक आकलन किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की मौजूदगी में तहसील तुलसीपुर के ग्राम बालापुर में धान की फसल की क्रॉप कटिंग संपन्न कराई गई।

इस दौरान ग्राम बालापुर, तहसील तुलसीपुर की गाटा संख्या 1073 में कृषक श्यामराज यादव पुत्र श्री वैरागी, निवासी ग्राम लौकहवा के खेत में खरीफ फसल के अंतर्गत धान की क्रॉप कटिंग सीसीई (ष्टष्टश्च) ऐप के माध्यम से संपादित की गई।

क्रॉप कटिंग के दौरान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धान की फसल की कटाई कर उपज का आकलन किया गया। इस दौरान *धान की उत्पादकता 14.350 किलोग्राम प्रति डिसमिल प्राप्त हुई।*

जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए फसल की उत्पादकता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोगों के माध्यम से फसलों की वास्तविक उत्पादकता का वैज्ञानिक एवं पारदर्शी ढंग से आकलन किया जाता है। इससे जनपद में कृषि उत्पादन के सही आंकड़े प्राप्त होते हैं, जो कृषि संबंधी योजनाओं एवं नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कृषक श्यामराज यादव से संवाद कर धान की खेती, फसल की स्थिति, उत्पादन एवं कृषि से संबंधित अन्य पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।×ष32;

जिलाधिकारी ने कृषक को सरकारी धान क्रय केंद्र पर अपनी उपज विक्रय किए जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीद की व्यवस्था की गई है। किसान सरकारी धान क्रय केंद्रों पर अपनी उपज का विक्रय कर शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त करें।

जिलाधिकारी ने कृषक को बताया कि सरकारी धान क्रय केंद्र पर धान विक्रय करने के उपरांत 48 घंटे के भीतर भुगतान की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य एवं समयबद्ध भुगतान उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी कृषकों से अपील की कि वे अपनी धान की उपज सरकारी क्रय केंद्रों पर विक्रय करें तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

उन्होंने कहा कि जनपद में धान खरीद के लिए *कुल 37 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं*, जहां कृषकों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास, किसानों की आय में वृद्धि तथा उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। क्रॉप कटिंग जैसे प्रयोगों से प्राप्त आंकड़े कृषि उत्पादन की वास्तविक स्थिति को समझने एवं किसानों के हित में बेहतर कार्ययोजना तैयार करने में सहायक होते हैं।

इस दौरान राजस्व एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा कृषक उपस्थित रहे।

सूर्योदय : 6:17
सूर्यास्त : 5:21
अधिकतम तापमान : 31.2
न्यूनतम : 18.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-20 अंक-135 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 06 नवम्बर 2026
25 जमादीउल अव्वल 1448 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com



JKJ

JUGAL KISHORE
JEWELLERS AND BANKERS



FLAT
30% OFF
On Making Charges
On Jewellery Purchase
Above Rs.4 Lakhs

OR

BOOK YOUR
GOLD RATE

Pay the LOWER of the
TWO GOLD RATES!

Booking Date Rate or Purchase Date Rate

AMINABAD
Opposite Jhandewalan Park
Phone No.- 8355065272

TELIBAGH
Near Vardani Hanuman Ji Mandir
Phone No.- 9235665530

दीपोत्सव के दशक पर रामनगरी में दिखेगा इतिहास, संस्कृति और आधुनिकता का संगम

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। दसवें दीपोत्सव-2026 को भव्य और यादगार बनाने के लिए रामनगरी में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सात नवंबर को आयोजित होने वाले दीपोत्सव में श्रद्धालुओं को जहां रामायण काल की झलक देखने को मिलेगी, वहीं अयोध्या के 500 वर्षों के इतिहास, श्रीराम मंदिर आंदोलन और विकास की यात्रा से भी रूबरू होने का अवसर मिलेगा। आयोजन को लेकर प्रशासन ने स्वास्थ्य सुरक्षा से लेकर तकनीक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक व्यापक इंतजाम किए हैं।दीपोत्सव में श्रद्धालुओं कीस्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 12 प्रमुख स्थलों पर एंबुलेंस तैनात की जाएंगी। राम की पैड़ी सहित प्रमुख स्थानों पर मोबाइल चिकित्सा टीमें भी प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराएंगी। इसके अलावा 12 निजी अस्पतालों में पांच-पांच बेड आरक्षित किए गए हैं। आपात स्थिति में श्रद्धालु स्वास्थ्य कंट्रोल रूम के नंबर 8881004894 पर संपर्क कर



सकते हैं। उधर, रामकथा पार्क में संस्कृति विभाग की ओर से विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें वर्ष 1500 से वर्तमान समय तक अयोध्या के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक घटनाक्रमों को प्रदर्शित किया जाएगा। श्रीराम मंदिर आंदोलन के पुरोधाओं के योगदान को अभिनय आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। मंदिर निर्माण से लेकर अयोध्या के कायाकल्प तक की यात्रा भी प्रदर्शनी का हिस्सा होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका अवलोकन करेंगे।दीपोत्सव को तकनीक से जोड़ने के लिए शहर के 25 प्रमुख स्थानों पर एलईडी वैन और 20 सार्वजनिक स्थलों पर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से मुख्य आयोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके साथ ही 13 प्रमुख मार्गों और चौराहों पर होर्डिंग व स्टैंडी लगाकर रामनगरी को सजाया जाएगा।राम की पैड़ी पर इस बार पुष्पक विमान और राम दरबार विशेष आकर्षण होंगे। पर्यटन विभाग की ओर से तैयार किए जा रहे पुष्पक विमान की लंबाई 30 फीट, चौड़ाई 12 फीट और ऊंचाई 16 फीट होगी। वहीं, 30 गुणा 20 फीट क्षेत्र में करीब 20 फीट ऊंचा राम दरबार बनाया जा रहा है। सरयू में रामायण थीम पर आधारित तीन नावें भी आकर्षण बढ़ाएंगी। बंगाल सहित अन्य राज्यों के कारीगर इन संरचनाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।वहीं, रामकथा पार्क में 16 फीट लंबे, 12 फीट चौड़े और 15 फीट ऊंचे भव्य रामरथ का निर्माण किया जा रहा है। इसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी सहित अन्य स्वरूप विराजमान होंगे।

कार्यकर्ताओं के स्नेह से सजा अभिनंदन का समारोह, नीरज कन्नौजिया का हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा का क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने के बाद नीरज कन्नौजिया का अयोध्या में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोहों में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन कर नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता जताई।

परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान विद्याकुल, अयोध्या में पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय की उपस्थिति में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यहां कार्यकर्ताओं ने नीरज कन्नौजिया को 51 किलो की विशाल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

वहीं, सर्किट हाउस सभागार में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल की मौजूदगी में स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस



अवसर पर अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि नीरज कन्नौजिया को क्षेत्रीय मंत्री की जिम्मेदारी मिलना संगठन के लिए प्रसन्नता का विषय है। भाजपा में कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण का सम्मान होता है। उन्हें विश्वास है कि नीरज कन्नौजिया अपनी नई जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि भाजपा में संगठन के प्रति समर्पण और निरंतर परिश्रम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। नीरज कन्नौजिया को क्षेत्रीय मंत्री की जिम्मेदारी मिलना उनके संगठनात्मक योगदान का सम्मान है। नीरज कन्नौजिया ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताकर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

गोसाईगंज में विद्युत व्यवस्था सुधारने की पहल को मिली मंजूरी

अयोध्या। गोसाईगंज बाजार में लो-वोल्टेज, अघोषित बिजली कटौती और जर्जर तारों की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जगी है। नगर पंचायत की सभासद आरती जायसवाल की ओर से उठाई गई मांग पर विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और जर्जर तारों को बदलने की प्रक्रिया शुरू की है। इन कार्यों को चालू वित्तीय वर्ष के बिजनेस प्लान में शामिल कर स्वीकृति और क्रियान्वयन के लिए प्रदेश मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है।सभासद ने ठंडी सड़क, थाना रोड, महादेवा घाट, सांसद गली और सत्संग घाट पर लगे ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग की थी। इसके अलावा मड़हापुल से भीटी तिराहा और भीटी तिराहा से रामलीला रंगमंच तक नंगे तारों को हटाकर एबीसी केबल लगाने तथा कई मार्गों पर जर्जर एबीसी केबल बदलने का प्रस्ताव दिया था।अधिशासी अभियंता दर्शननगर अमित कुमार ने सभासद आरती जायसवाल को विभागीय कार्रवाई की जानकारी दी।

निषाद पार्टी ने संगठन में किया फेरबदल, प्रेम सागर निषाद बने जिलाध्यक्ष

अयोध्या। निषाद पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह में अवध प्रांत के अध्यक्ष संजीत निषाद ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रेम सागर निषाद को जिलाध्यक्ष, अनिल कुमार निषाद को महासचिव, डॉ. विजय कुमार निषाद को अयोध्या मंडल प्रभारी और निन्नू राम निषाद को प्रदेश सचिव बनाया गया।इसके अलावा महादेव देहाती को मंडल सचिव, रामकुमार दादा को मंडल संस्कृति सचिव, दिनेश निषाद को मंडल सचिव, अमृतलाल निषाद को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, प्रमिला निषाद को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, अंकित पांडेय को जिला उपाध्यक्ष और अरुण यादव को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई। रामसूरत निषाद का नाम भी नवनियुक्त पदाधिकारियों में शामिल रहा। समारोह में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल वर्मा, महामंडलेश्वर संतोष महाराज, राष्ट्रीय सचिव राजेश निषाद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

वॉलीबॉल में स्वर्ण पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का सम्मान

अयोध्या। सहोदय सीबीएसई अंडर-19 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लौटे ग्रामर्षि एकेडमी इंटरनेशनल के खिलाड़ियों का विद्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया। यश विद्या मंदिर दर्शननगर में आयोजित प्रतियोगिता के बालक वर्ग में 29 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। इसमें ग्रामर्षि एकेडमी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक डॉ. अंजू पांडेय ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टीम की सफलता में खेल प्रशिक्षक अजय सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रबंधक ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। इससे अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित होता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य रणविजय शर्मा, प्रशासक डीएन दुबे, मीडिया प्रभारी रवि सिंह, मनीष तिवारी, विजयलक्ष्मी गुप्ता सहित शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पाक्सो आरोपित समेत चार बरी

अयोध्या। रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र में चार साल पहले किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय ने पाक्सो एक्ट के मुख्य आरोपित समेत चार लोगों को दोषमुक्त कर दिया है। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट प्रथम) निरूपमा विक्रम ने पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने और अभियोजन पक्ष का आरोप साबित नहीं होने पर आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।अभियोजन के अनुसार, 29 दिसंबर 2022 की रात करीब दो बजे गांव का ही कुलदीप उर्फ कुंदन मांझी 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। परिजन जब आरोपित के घर पहुंचे तो वहां मौजूद परिवार के लोगों ने उन्हें धमकी देकर भगा दिया। इसके बाद रामजन्मभूमि थाने में अपराध संख्या 89/2022 के तहत धारा 363, 366, 504, 506 और पाक्सो एक्ट की धारा 3/4 में मुकदमा दर्ज कराया गया। सुनवाई के दौरान पीड़िता के बयानों में विरोधाभास और पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने पर अदालत ने चारों आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया।

दीपावली पर मिट्टी के दिये की मची धूम, बिक्री बढ़ी

जैदपुर बाराबंकी। आगामी पर्व दीपावली को लेकर जहां बजार की रौनक में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, वहीं नगर पंचायत जैदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में मिट्टी के बरतनों के साथ मिट्टी के छोटे छोटे दिए बनाने का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है, जहां विभिन्न सामाग्री के साथ मिट्टी के बर्तन व दिये की बिक्री भी धीरे धीरे शुरू हो गयी है। बताते चलें कि आगामी पर्व दीपावली में चार चांद लगाने हेतु नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला पूरब तरफ मोलवी कटरा, अली अकबर कटरा इस्लामनगर और मुरलीगंज के साथ साथ अन्य जगहों, मिट्टी के प्रसिद्ध कारीगरों द्वारा मिट्टी के बर्तन व दिए बनाने का कार्य चालू है, जहां पर लोगों की आमद भी होने लगी है, इस संबंध में जैदपुर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी नूर अहमद से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस मिट्टी के बर्तनों का कारोबार हमारा पुश्तैनी कार्य है, पूर्व में हमारे दादा और स्वर्गीय पिता हाजी अली अहमद जी भी मिट्टी के कार्य में अपना पूरा जीवन बिता दिया है, और अब इस समय हम और हमारा पूरा परिवार मिट्टी के बर्तनों का कार्य करके परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं।

ईसीआई नेट के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्वाचन संबंधी कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु ईआरओ व एईआरओ को दिया गया प्रशिक्षण

रायबरेली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में ईसीआई नेट के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्वाचन संबंधी कार्यों को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को ईसीआई नेट के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को ईसीआई नेट के विभिन्न पहलुओं, इसकी कार्यप्रणाली तथा निर्वाचन से संबंधित सूचनाओं एवं कार्यों के डिजिटल प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई।

कायस्थ महासभा ने मनोज श्रीवास्तव का किया जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। मनोज कुमार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेलकूद प्रकोष्ठ भाजपा मनोनीत किए जाने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बाराबंकी इकाई के तत्वावधान में तथा जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव के संयोजन स्वागत किया गया जिसमें महासभा के समस्त पदाधिकारियों ने स्वागत कर बधाईयां प्रदान की। स्वगात के दौरान मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि वह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन देते हैं कि संगठन की सेवा करते हुए खेल जगत से जुड़े हुए प्रदेश भर के महत्वपूर्ण व्यक्तियों व संस्थाओं को भाजपा से जोड़ने का अभियान चलाएंगे। उन्होंने आगे कहा की भविष्य मे जनपद के होनहार बच्चो की हौसला अफजाई कर उन्हें आगे बढ़ाने का मौका दिया जायेगा ताकि अपने देश 2 प्रदेश समेत जनपद का नाम रोशन करें। इस अवसर पर



भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रामसिंह भुल्लन ,कार्यालय प्रभारी सतीश विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा बिंद्रा प्रसाद वर्मा, जिला महामंत्री महिला इकाई ऋचा सिंह गुंजन, जिला उपाध्यक्ष लीना श्रीवास्तव, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल,विश्व हिन्दू परिषद नगर मंत्री सौरभ गुप्ता, राष्ट्रीय जागरण मंच नगर अध्यक्ष सोनू पहलवान, बबलू प्रजापति सहित अन्य लोगों ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत कर बधाईयां प्रदान की।

त्रिलोकपुर सहकारी समिति में हंगामा, किसान यूनियन का प्रदर्शन नारेबाजी

बाराबंकी। रामनगर तहसील के बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति त्रिलोकपुर में टोकन वितरण में कथित मनमानी और बुजुर्ग किसानों से धक्का-मुक्की को लेकर गुरुवार को भारी हंगामा हुआ। किसानों ने सचिव पर रजिस्टर में नाम दर्ज कर टोकन न देने तथा पहले आओ-पहले पाओ व्यवस्था में चहेतों को खाद वितरण करने का आरोप लगाया। किसानों का कहना है कि छोटे किसान सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहते हैं, जबकि बड़े किसानों को 30 बोरी तक खाद दी जाती है। बुजुर्ग रामसागर यादव (70) व रामचंद्र वर्मा (68) से कथित बदसलूकी और धक्का-मुक्की से किसान भड़क उठे। दो घंटे तक नारेबाजी के बाद एडीओ कोऑपरेटिव खुशबू राय मौके पर पहुंचीं। भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों के समर्थन में धरना शुरू कर दिया।

ज़मानत कराकर वापस लोट रहे युवक का शव झाड़ियों मे मिला

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। सड़क दुर्घटना के एक मामले मे जमानत कराकर घर के लिए निकले एक 38 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बाऊली चौराहे के निकट झाड़ियों मे पड़ा मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक असंदरा थाना क्षेत्र के ग्राम मवैया निवासी है। बताते चले कि असंदरा थाना क्षेत्र के ग्राम मवैया निवासी अमित कुमार पुत्र उमानाथ जो अपने सगे मामा उमाशंकर दुबे की सकार्पियों का चालक है तीन माह पूर्व रामसनेही घाट थाना क्षेत्र भीखरपुर मोहम्मदपुर के निकट सकार्पियों से एक दुर्घटना हो गयी थी जिसमे मृतक वांछित था बुधवार को मृतक अमित अपने मामा उमाशंकर दुबे व बाबा राम कुंवारे तिवारी के साथ बाराबंकी जमानत के



लिए गया था जमानत होने के बाद अमित वही से लापता हो गया था जिसका शव गुरूवार की सुबह लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बाऊली चौराहे के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों के बींच पड़ा मिला।सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक रिषभ सिंह चंदेल ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से शीनख्त हो गयी है तथा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा अभी तक कोई तहरीर नही मिली है।

गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने भरी हुंकार, सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में महिलाओं ने कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। जनपद की बदहाल व्यवस्थाओं और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में बुधवार को गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में गुलाबी साड़ी पहने और हाथों में डंडे लिए सैकड़ों महिलाओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बहुआ ब्लॉक के सुजानपुर, बहुआ देहात सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बंद पड़ी जल जीवन मिशन की पानी की टंकियों को चालू कराने और पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की गई। इसके अलावा पीएम आवास योजना से वंचित गरीब पात्रों का



सत्यापन कराकर उन्हें योजना की सूची में शामिल करने की मांग उठाई गई। संगठन ने जिंदपुर टोल प्लाजा पर राहगीरों से अभद्रता और अवैध वसूली पर रोक लगाने, शहर में जर्जर बिजली के खंभों को हटाने, पटाखा मंडी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा दुकानदारों का उत्पीड़न बंद कराने की मांग भी रखी। वहीं थानों में महिलाओं और पीड़ितों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराने तथा जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और बहुआ पीएचसी में बाहर की दवाएं लिखने और कथित अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन लेने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस दौरान जिला अध्यक्ष सरला सिंह, मीना सिंह, संगीता, सरिता, सतून, शहरुन, उर्मिला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

किसान यूनियन की बैठक में धान खरीद और खाद की किल्लत का मुद्दा उठा

फतेहपुर। शहर के नहर कॉलोनी परिसर में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की मासिक बैठक आयोजित हुई। इसमें धान खरीद केंद्रों पर किसानों को हो रही परेशानियों और रबी की बुवाई के लिए खाद की किल्लत का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में किसानों ने कहा कि धान खरीद केंद्रों पर आ रही दिक्कतों के कारण उन्हें उपज बेचने में परेशानी हो रही है। वहीं, रबी फसलों की बुवाई के समय पर्याप्त खाद उपलब्ध न होने से किसान परेशान हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान कराने का भरोसा दिया। उन्होंने किसानों के हितों की लड़ाई लगातार जारी रखने की बात कही। इस दौरान नगर अध्यक्ष अनुराग सिंह, मंत्री चंद्रमोन शुक्ला, संगठन मंत्री मनोज कुमार, राम बहादुर पाल, लल्लू सिंह, सचिव सुनील कुमार अवस्थी और ग्राम अध्यक्ष धरम सिंह यादव सहित अन्य पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

एसपी ने पुलिस कार्यालय में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

जनसुनवाई में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं एसपी के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से



अवगत कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। जिन मामलों में स्थलीय जांच की आवश्यकता है, उनमें मौके पर जाकर तथ्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समय से समाधान करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनसुनवाई व्यवस्था के माध्यम से पीड़ितों को न्याय दिलाने और पुलिस के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करने के लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

डीएम ने खेत पहुंचकर कराई धान की क्रॉप कटिंग, 57 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मिली उपज

किसानों से संवाद कर औद्यानिक और जैविक खेती अपनाने पर दिया जोर, अधिकारियों को ऐप पर उपज का आकलन दर्ज करने के दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। जिले में खरीफ फसल की उत्पादकता का वास्तविक आकलन करने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने तहसील सदर के तेलियानी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कशेरुवा में धान की फसल की क्रॉप कटिंग कराई। जिलाधिकारी ने कृषक मंतूरा देवी पत्नी रामबाबू के खेत गाटा संख्या 638 में स्वयं की मौजूदगी में फसल की कटाई और मड़ाई की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

इस दौरान निर्धारित 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में धान की फसल की क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें कुल 24.33 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई। इसके आधार पर धान की औसत उत्पादकता 57 क्विंटल प्रति हेक्टेयर आंकी गई।

क्रॉप कटिंग के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर जिले में फसल उत्पादन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर खेती-किसानी और कृषि उत्पादकता की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को परंपरागत खेती के साथ कैश क्रॉप (नकदी फसल) एवं औद्यानिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही जैविक खेती पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसान खेती में विविधीकरण के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने की दिशा में प्रयास करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित ऐप पर क्रॉप कटिंग के माध्यम से प्राप्त उपज का आकलन समय से दर्ज कराया जाए, ताकि कृषि उत्पादन से संबंधित आंकड़ों में पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक उत्पादकता का सही आकलन हो सके।

मतदेय स्थलों के संभाजन के उपरान्त जनपद में 2409 मतदेय स्थल एवं 1470 मतदान केंद्र अनुमोदित

रायबरेली। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 04 नवम्बर 2026 को मतदेय स्थलों के संभाजन संबंधी प्रस्तावों को अनुमोदित किए जाने के उपरान्त जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में संभाजन से पूर्व एवं संभाजन के पश्चात अनुमोदित मतदान केंद्रों तथा मतदेय स्थलों की स्थिति से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का संभाजन किया गया है।

मौसम के बदलते मिजाज से बढ़े मरीज, चौक सीएचसी में उमड़ी भीड़

अवधनामा संवाददाता

मिठौरा (महराजगंज)। महायोगी गुरु गोरखनाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौक बाजार में इन दिनों मौसम बदलने के साथ ही मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। बदलते मौसम के कारण सर्दी, जुखाम, बुखार, पेट संबंधी रोग, गठिया दर्द, टायफाइड सहित अन्य मौसमी बीमारियों ने लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है।

गुरुवार को स्वास्थ्य केंद्र में कुल 210 मरीजों का इलाज किया गया। डॉ. श्रद्धा गौतम ने सभी मरीजों को बारी-बारी से देखा, उनकी जांच की और उचित परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि इस समय मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण सर्दी, जुखाम और पेट की बीमारियां अधिक फैल रही हैं। लोगों को ठंडे पानी, बासी भोजन और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।



स्वास्थ्य केंद्र में लैब की सुविधा भी मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। लैब टेक्नीशियन विद्यासागर ने बताया कि आज कुल 30 मरीजों की विभिन्न प्रकार की लैब जांचें की गईं। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही मरीजों को सही दवा और इलाज दिया गया, जिससे उन्हें काफी राहत मिली।

वहीं फार्मासिस्ट राजेश त्रिपाठी ने मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। दवा पाकर मरीजों के चेहरों पर संतोष झलक उठा। ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना की।

इस अवसर पर डॉ. श्रद्धा गौतम, फार्मासिस्ट राजेश त्रिपाठी, लैब टेक्नीशियन विद्यासागर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मरीजों की सेवा में तत्परता से सहयोग किया।

एफआरसीटी ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई दीपावली

महराजगंज। दीपावली के पावन पर्व पर फास्ट रिलीफ चैरिटेबल टीम महराजगंज की ओर से गुरुवार को आधारशिला वृद्धाश्रम फरेंदा में बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाई गई। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने वृद्धजनों को उपहार देकर सम्मानित किया और उनके बीच खुशियां बांटीं। कार्यक्रम में संस्थापक महेंद्र वर्मा और जिलाध्यक्ष सुधीर त्रिपाठी सहित प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों ने बुजुर्गों को पट्टिका ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद मिठाइयां वितरित की गईं और सभी के साथ दीप जलाकर दीपावली की खुशियां साझा की गईं। संस्था की ओर से वृद्धजनों को स्वादिष्ट भोजन भी कराया गया। संस्थापक महेंद्र वर्मा ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की नींव हैं। उनके चेहरे पर मुस्कान लाना और सम्मान देना सौभाग्य की बात है। जिलाध्यक्ष सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि संस्था अब तक 133 बेटियों की शादी और 16 लोगों के आकस्मिक निधन पर करीब चार करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दे चुकी है।

स्कॉर्पियो से एक क्विंटल गांजा बरामद, महिला तस्कर गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

ठूठीबारी (महराजगंज)। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। पुलिस ने लोहरौली ग्रामसभा के पास एक स्कॉर्पियो वाहन से करीब एक क्विंटल (100 किलोग्राम) गांजा बरामद किया है। इस कार्रवाई में एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किए जाने की सूचना है। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो में कुल तीन लोग सवार थे।

जानकारी के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ठूठीबारी पुलिस ने लोहरौली के पास घेराबंदी कर संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोक लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। इतनी बड़ी खेप मिलने से पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई। पुलिस अब गिरफ्तार महिला से पूछताछ के साथ गांजे की खेप के स्रोत, इसकी सप्लाई कहां की जानी थी और तस्करी के इस कारोबार में शामिल अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाने में जुटी है। साथ ही फरार बताए जा रहे अन्य लोगों की तलाश और पूरे तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ठूठीबारी पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

सेंट जेवियर्स स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

फतेहपुर। यातायात माह नवंबर-2026 के तहत गुरुवार को सेंट जेवियर्स स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सफर के दौरान सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने और दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को स्वयं नियमों का पालन करने के साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

दीपावली पर स्वच्छता कर्मयोगियों और सभासदों का सम्मान, श्याम जायसवाल ने भेंट की मिठाई व अंगवस्त्र

अवधनामा संवाददाता



बढ़नी, सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत बढ़नी के डाक बंगले में गुरुवार को दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर स्वच्छता कर्मयोगियों और सभासदों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने स्वच्छता कर्मियों एवं निर्वाचित और शासन से नामित सभासदों को मिठाई और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्याम जायसवाल ने कहा कि स्वच्छता के सच्चे कर्मयोगियों और सभासदों का सम्मान करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को राजनीति से जोड़कर न देखा जाए। सम्मान का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। पद मिले या न मिले, क्षेत्र की जनता ने उन्हें जो स्नेह और सम्मान दिया है, उससे उनका कद बढ़ा है। पिछले चार वर्षों से वह क्षेत्र की जनता की सेवा में जुटे हैं और हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने घोषणा की कि ठंड बढ़ने पर विधानसभा शोहरतगढ़ क्षेत्र के युवाओं को जैकेट और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने कहा कि सभासद और स्वच्छता कर्मी उनके परिवार के अभिन्न अंग हैं। इनके बिना नगर पंचायत का कार्य संभव नहीं है। श्याम जायसवाल द्वारा किए गए सम्मान से वह स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

मन का मैल धोने का साधन है श्रीराम कथा : विजय कौशल जी महाराज

पथरा। डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के सेमरहना गांव में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन गुरुवार को कथा व्यास विजय कौशल जी महाराज ने रावण वध और भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन तथा राजतिलक का प्रसंग सुनाया। संगीतमय चौपाइयों के माध्यम से लंका विजय से लेकर प्रभु श्रीराम की अयोध्या वापसी तक का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। रावण वध के प्रसंग पर पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। महाराज जी ने बताया कि भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने का समाचार मिलते ही पूरे नगर में उत्सव का माहौल छा गया।

इलेक्ट्रॉनिक सामानो के आगे फीकी पड़ी मिट्टी के दीपों की चमक

ककरहवा, सिद्धार्थनगर। दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। दुकानों पर रंग-बिरंगी चाइनीज झालरें, आकर्षक एलईडी लाइटें और सजावटी सामान लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय परंपरा और संस्कृति की पहचान माने जाने वाले मिट्टी के दीपकों की चमक फीकी पड़ती नजर आ रही है। आधुनिक रोशनी के बढ़ते चलन ने पारंपरिक दीयों की मांग को प्रभावित किया है, जिससे कुम्हारों के चेहरे पर मायूसी दिखाई दे रही है। कभी दीपावली के त्योहार पर घर-घर मिट्टी के दीपक जलाने की परंपरा थी। त्योहार से कई दिन पहले ही लोग बाजारों से बड़ी संख्या में दीये खरीदते थे। लेकिन अब उनकी जगह बिजली से जलने वाली झालरों और एलईडी लाइटों ने ले ली है। कम कीमत में मिलने वाली रंग-बिरंगी झालरें लोगों को अधिक आकर्षित कर रही हैं। यही वजह है कि मिट्टी के दीपकों की बिक्री पहले जैसी नहीं रह गई है। दीपक बनाने वाले कुम्हारों का कहना है कि मिट्टी, मेहनत और समय लगाने के बाद भी उन्हें उचित कीमत नहीं मिल पाती। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक सजावटी सामान के बढ़ते चलन से उनका पारंपरिक कारोबार प्रभावित हो रहा है।

15 नवंबर से बंद होगा निवेश मित्र-2.0 पोर्टल, नए आवेदन निवेश मित्र-3.0 पर होंगे

सिद्धार्थनगर। निवेश मित्र-2.0 पोर्टल का संचालन आगामी 15 नवंबर से बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद कृषि रक्षा विभाग से संबंधित लाइसेंस के लिए नए आवेदन निवेश मित्र-3.0 पोर्टल के माध्यम से ही किए जा सकेंगे।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सिद्धार्थनगर ने बताया कि अपर कृषि निदेशक (कृषि रक्षा), कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 1276 दिनांक 30 अक्टूबर 2026 के क्रम में यह निर्देश जारी किया गया है। यू0पी0ई0ओ0डी0बी0 (इन्वेस्ट यूपी) द्वारा भी निवेश मित्र-2.0 पोर्टल को 15 नवंबर से बंद किए जाने की जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि निवेश मित्र-2.0 पोर्टल पर पूर्व में किए गए जिन आवेदनों के लाइसेंस अभी लंबित हैं, उनका निर्धारित समय के भीतर निस्तारण कराया जाएगा। इसके बाद इस पोर्टल पर कोई नया आवेदन नहीं किया जाएगा।

इटवा थाने में विवेक गुप्ता के खिलाफ सौंपा गया ज्ञापन, अभद्र टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

इटवा सिद्धार्थनगर। सोशल मीडिया फेसबुक पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के प्रति कथित रूप से की गई अशोभनीय एवं अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में गुरुवार, 5 नवंबर को हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने इटवा थाने पहुंचकर विवेक गुप्ता के खिलाफ लिखित शिकायत एवं ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। निवर्तमान जिला महामंत्री संगठन संजय कुमार मिश्र ने कहा कि लोकतंत्र में विचारों की असहमति और आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी की माता के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के प्रति करोड़ों लोगों की आस्था और श्रद्धा जुड़ी हुई है।

आगामी त्योहार को लेकर प्रशासन अलर्ट, संयुक्त टीम कर रही गस्त

अवधनामा संवाददाता



ककरहवा सिद्धार्थनगर। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। ककरहवा कस्बे के मुख्य मार्गों से लेकर सीमावर्ती पगडंडी रास्तों तक सुरक्षा एजेंसियां विशेष सतर्कता बरत रही हैं। गुरुवार देर शाम मोहाना थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने ककरहवा बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस और एसएसबी के जवानों ने सीमावर्ती इलाके में पैदल गश्त कर आने-जाने वाले लोगों की जांच की। मुख्य रास्तों के साथ ही ऐसे वैकल्पिक मार्गों पर भी निगरानी रखी गई, जिनका इस्तेमाल लोग सीमा पार आवागमन के लिए करते हैं। मोहाना थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि धनतेरस, लक्ष्मी पूजा, दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए पुलिस और एसएसबी संयुक्त रूप से निगरानी कर रही हैं। सीमा पर आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति दिखाई देने पर विशेष पूछताछ और जांच की जाएगी।

इस दौरान ककरहवा चौकी प्रभारी अशोक कुमार, उमेश कुमार, मनोज कुमार, अनुराग तिवारी सहित पुलिस और एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत, चालक मौके से फरार

उन्नाव। जिले के बीघापुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे मजदूर आशु बाजपेई 44 वर्ष की मौत हो गई। हादसा रघुराज डिग्री कॉलेज के पास सूर्या ईंट भट्टे के सामने हुआ।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने उनकी पहचान की। आशु, स्वर्गीय लल्ली बाजपेई के बेटे और सिकंदरपुर करन, थाना बीघापुर के निवासी थे। परिजनों ने बताया कि वह मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के मुताबिक, बुधवार देर रात आशु पैदल जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस आशु को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

ससुराल में दामाद को पेट्रोल डालकर जलाया, 95% झुलसे युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता



उन्नाव। जिले में ससुराल में दामाद को जलाकर मारने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवक मंगलवार को पत्नी के बुलाने पर ससुराल गया था। जहां पत्नी उस पर मायके में रहने का दबाव बना रही थी। विवाद बढ़ने पर ससुर ने घर में रखा पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। 95 प्रतिशत झुलसे युवक ने इलाज के दौरान बुधवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान बांगरमऊ थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी करन 22 वर्ष के रूप में हुई है। वह घर बनाने के काम में मजदूरी करता था। उसकी शादी पुरवा के शीतलगंज निवासी प्रीति 19 वर्ष से हुई थी। दोनों की दो साल की बेटी है।परिजनों के मुताबिक, शादी के करीब 10 दिन बाद ही प्रीति मायके चली गई थी और वहीं रहने लगी थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। आरोप है कि प्रीति चाहती थी कि करन उसके साथ मायके में ही रहे।मृतक के भाई संजय कुमार ने बताया कि उनका भाई करन 2 नवंबर को बेटी की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर ससुराल गया था। आरोप है कि रात करीब 1:30 बजे जब वह सो रहा था, तभी ससुराल पक्ष के लोगों ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस घटना में वह करीब 95 प्रतिशत झुलस गया था।

संजय के मुताबिक, भाई को पहले उन्नाव से कानपुर और फिर लखनऊ ले जाया गया। वहां समुचित इलाज नहीं मिलने पर उसे निजी यूनाइटेड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज में कुछ ही घंटों के भीतर एक लाख रुपये से अधिक खर्च हो गए। इसके बाद दूसरे अस्पताल में भी करीब 80 से 90 हजार रुपये खर्च हुए। परिवार मजदूरी करके गुजर-बसर करता है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उन्होंने भाई को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।युवक की मौत की खबर मिलने पर परिजनों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया और कार्रवाई का भरोसा दिया। गुरुवार दोपहर उन्नाव में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

संजय ने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने दो दिन बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है।

डीसीएम की टक्कर से 25 वर्षीय युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

उन्नाव। जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के ललऊखेड़ा के पास गुरुवार भोर में डीसीएम की टक्कर से 25 वर्षीय सुजीत की मौत हो गई। वह बोलेरो के पास खड़े होकर दोस्त से बात कर रहा था। टक्कर के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक की पहचान सुजीत पुत्र रामस्वरूप, निवासी शिवसिंह खेड़ा के रूप में हुई है। वह ड्राइवर का काम करता था।

सुजीत के चाचा आलोक कुमार ने बताया कि वे सिकंदरपुर की ओर जा रहे थे। गदनखेड़ा बाईपास के पास सड़क किनारे रुके थे, तभी पीछे से आए डीसीएम ने सुजीत को टक्कर मार दी। परिजनों ने बताया कि हादसे के बाद डीसीएम चालक को पकड़ लिया गया।आलोक कुमार के मुताबिक, सुजीत की शादी नहीं हुई थी। परिवार में उसकी मां और दो छोटी बहनें हैं। वह दोनों बहनों का इकलौता भाई था।

अर्धनग्न हालत में डीएम कार्यालय पहुंचा पिता, 3 साल से न्याय न मिलने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता



उन्नाव। जिले में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे एक व्यक्ति अर्धनग्न हालत में शिकायत लेकर डीएम कार्यालय पहुंच गया। उसने पुलिस और प्रशासन पर 3 साल से न्याय नहीं देने का आरोप लगाया। मौके पर एसडीएम ने उसकी शिकायत सुनी। व्यक्ति ने बेटे के यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण की कोशिश समेत कई मामलों में पुलिस की जांच पर सवाल उठाए।

शुक्लागंज के रहने वाले अखिलेश शुक्ला ने मीडिया को बताया कि उनका नाबालिग बेटा कानपुर के सेंट्रल एंड सी स्कूल में पढ़ता था। आरोप है कि वहां बेटे का यौन उत्पीड़न किया गया और धर्मांतरण कराने की कोशिश हुई। अखिलेश के मुताबिक, 3 साल तक परेशान होने के बाद इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ।उन्होंने बताया कि एसपी को शपथपत्र और प्रार्थनापत्र दिए थे, लेकिन गंगाघाट थाने में हुई जांच के दौरान इन दस्तावेजों को शामिल नहीं किया गया।

अखिलेश ने हरदोई के संडीला कोतवाली में प्रभारी इंस्पेक्टर अनुराग सिंह नाम के व्यक्ति के खिलाफ दर्ज एक अन्य मुकदमे की जांच पर भी सवाल उठाए। उनके मुताबिक, जनवरी में दर्ज इस मुकदमे की जांच के दौरान उन्होंने दो शपथपत्र, मोबाइल नंबर, बैंक खाते से जुड़ी जानकारी और अन्य दस्तावेज पुलिस को दिए थे। उनका आरोप है कि जांच में इनका जिक्र नहीं किया गया और मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई। उन्होंने थाने में जमा पेन ड्राइव गायब किए जाने का भी आरोप लगाया। अखिलेश का दावा है कि इस संबंध में उनके पास वीडियो रिकॉर्डिंग है।अखिलेश ने पत्नी से जुड़े एक अन्य मामले का भी जिक्र किया। उनके मुताबिक, पत्नी को धक्का दिए जाने के मामले में एनसीआर दर्ज हुई थी, लेकिन पुलिस ने उसमें भी फाइनल रिपोर्ट लगा दी।

6 नवम्बर से शुरू होगी पटाखों की बिक्री नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के मैदान मे तैयारियां शुरू

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकरनगर। दीपावली पर्व को लेकर जलालपुर में पटाखों की दुकानों को लगाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 6 नवंबर से शुरू होने वाले पटाखा बाजार के लिए प्रशासन की ओर से स्थान चिन्हित कर लिया गया है। इस बार नगर के नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के मैदान में पटाखों की दुकानें लगाई जाएंगी। इसके लिए नगर पालिका प्रशासन ने आवश्यक व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं।

इसी क्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने गुरुवार को नरेंद्र देव इंटर कॉलेज मैदान पहुंचकर पटाखा दुकानदारों से बातचीत की। उन्होंने दुकानदारों को दुकान लगाने के लिए निर्धारित स्थान और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि मैदान में कुल 40 पटाखा दुकानें लगाई जानी हैं। इसके लिए स्थान का निर्धारण करते हुए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि दुकानदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने दुकानदारों से निर्धारित स्थान पर ही अपनी दुकानें लगाने और प्रशासन की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन करने की बात कही। दीपावली के मद्देनजर पटाखा बाजार में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मौके पर व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष देवेश कुमार मिश्रा, छाछू मोहल्ले के सभासद आशीष सोनी, अनुज सोनकर, जलालपुर नगर अध्यक्ष संदीप कुमार अग्रहरि तथा अमित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पटाखा बाजार के लिए स्थान निर्धारित होने के बाद दुकानदारों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर पालिका प्रशासन की ओर से मैदान में दुकानों के लिए जगह व्यवस्थित करने का काम किया जा रहा है। 6 नवंबर से बाजार शुरू होने के साथ ही दीपावली की खरीदारी को लेकर यहां चहल-पहल बढ़ने की उम्मीद है।

सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए एलईडी वैन रवाना डीएम ईशा प्रिया ने दिखाई हरी झंडी

अम्बेडकरनगर। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिले में एलईडी वैन के जरिए प्रचार अभियान शुरू किया गया है। बुधवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लखनऊ की ओर से भेजी गई यह वैन जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। इसमें लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सरकारी योजनाओं, विकास कार्यों और शासन की उपलब्धियों से जुड़ी प्रचार सामग्री दिखाई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक सरल और प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए एलईडी वैन रवाना की गई है।

जनपद मे निजी अस्पतालों पर शिकंजे की तैयारी 16 से तीस नवम्बर तक चलेगा जाँच अभियान

दानिश मेहदी



अम्बेडकरनगर। जिले में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों और क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग विशेष अभियान चलाने जा रहा है। 16 से 30 नवंबर तक सभी तहसीलों में जांच की जाएगी। बिना पंजीकरण, आवश्यक डिग्री और लाइसेंस के अस्पताल संचालित मिलने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

सीएमओ डॉ. प्रमोद कुमार के निर्देश पर गठित टीमें निजी अस्पतालों के पंजीकरण, चिकित्सकीय सुविधाओं, भवन के नक्शे और निर्धारित मानकों की जांच करेंगी। अभियान में गली-मोहल्लों में संचालित क्लीनिकों के साथ पूर्व में सील किए गए अस्पताल भी शामिल होंगे।

जांच टीम में संबंधित क्षेत्र के चिकित्साधिकारी, अग्निशमन विभाग और बायोवेस्ट संस्था के कर्मचारी शामिल रहेंगे। इसके अलावा डिप्टी सीएमओ, केंद्र अधीक्षक और थाना अध्यक्ष भी टीम का हिस्सा होंगे। निरीक्षण की तारीख सीएमओ तय करेंगे और टीमों को उसी दिन शाम तक अपनी रिपोर्ट कार्यालय में जमा करनी होगी।

जिले में निजी चिकित्सा संस्थानों में दो महिलाओं की मौत के मामलों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने यह कदम उठाया है। जुलाई में बसखारी के एक नर्सिंग होम में गर्भपात के दौरान महिला की मौत हुई थी। वहीं, 24 अक्टूबर को इल्तिफातगंज के एक दंत क्लीनिक में इलाज के दौरान महिला की जान चली गई थी। आरोप था कि उसे एनेस्थीसिया की अधिक मात्रा दी गई थी। सीएमओ डॉ. प्रमोद कुमार के मुताबिक जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन और बिना पंजीकरण के अस्पताल संचालित करने के मामले सामने आने पर सख्त कार्रवाई होगी। बिना आवश्यक डिग्री और लाइसेंस के चिकित्सा संस्थान चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पड़ोसी के विवाद मे युवक पर लाठी डंडो से हमला सर फटा परिवार को जान से मारने की धमकी

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकरनगर। मालीपुर थाना क्षेत्र के हरखपुर कोड़हा गांव में पड़ोसियों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक के साथ कथित तौर पर लाठी-डंडों से मारपीट की गई, जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित ने पड़ोसी समेत उसके परिवार के लोगों पर मारपीट करने और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी राम केवल पुत्र स्वर्गीय रामसरन ने मालीपुर थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका पड़ोसी राजितराम पुत्र मन्नू आए दिन शराब के नशे में धुत होकर उसके और परिवार की बहू-बेटियों के साथ गाली-गलौज करता है। आरोप है कि बीते 29 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 7:30 बजे राजितराम शराब के नशे में उसके दरवाजे पर पहुंचकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। जब राम केवल ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया।

पीड़ित के मुताबिक, इसके बाद राजितराम के दोनों बेटे शिवम और रिषु तथा उसकी पत्नी गायत्री भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने एकजुट होकर उसके साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान राजितराम ने डंडे से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। शोर-शराबा सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उसे बचाया।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान आरोपितों ने उसे और उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। इससे परिवार के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। मामले में पीड़ित ने 4 नवंबर 2026 को मालीपुर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में मालीपुर थाना अध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दीपावली की रौनक बढ़ाएगा माटीकला मेला, मिट्टी के उत्पादों से सजेगा बाजार

गोण्डा। दीपावली के त्योहार पर मिट्टी के दीयों की रोशनी और पारंपरिक कला को प्रोत्साहित करने के लिए गोण्डा में लघु माटीकला मेले का आयोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड की ओर से आयोजित इस मेले का शुभारंभ प्रजापति पुरम, जानकी नगर स्थित बहराइच रोड पर हुआ। मेले का आयोजन 07 नवंबर 2026 तक किया जाएगा।

मेले में मिट्टी से तैयार आकर्षक दीये, खिलौने, घरेलू उपयोग के बर्तन और अन्य पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य माटीकला से जुड़े स्थानीय कारीगरों, शिल्पियों और छोटे उद्यमियों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा उनके हुनर को नई पहचान दिलाना है। मेले के जरिए कारीगरों को अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने और सीधे ग्राहकों तक पहुंच बनाने का अवसर मिलेगा।

मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



गोण्डा। मोतीगंज थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने वांछित नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम पिपरा-भिटौरा अंधरीजोत निवासी राजकुमार वर्मा उर्फ सोनू पुत्र चंद्रभान वर्मा ने मोतीगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीते 8 अक्टूबर 2026 को पारिवारिक विवाद के दौरान उनकी भाभी ने अपने मायके पक्ष को फोन कर बुला लिया। इसके बाद मायके पक्ष के लोग अपने अन्य साथियों के साथ तीन मोटरसाइकिलों से उनके घर पहुंचे और एकजुट होकर घर में घुस गए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से वादी और उनके परिजनों की पिटाई की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में वादी समेत परिवार के चार लोग घायल हो गए थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 222/2026 दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। इसी क्रम में गुरुवार, 5 नवंबर को मोतीगंज पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मामले में वांछित नामजद अभियुक्त राजेन्द्र वर्मा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

त्योहारों पर सुरक्षा का कड़ा पहरा, अपराधियों पर शिकंजा कसने के निर्देश

गोण्डा। आगामी दीपावली एवं छठ पूजा के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के साथ ही जनपद में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अभिषेक की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में पुलिसकर्मियों की समस्याओं से लेकर अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं, जनशिकायतों और त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था तक विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों से उनकी व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उनके समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद आयोजित अपराध गोष्ठी में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध की स्थिति और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई। आगामी दीपावली एवं छठ पूजा को देखते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों, प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और छठ पूजा के घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के साथ ही लगातार गश्त एवं भ्रमणशील रहने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाली गतिविधियों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए।

अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक ने प्रभावी दिन एवं रात्रि गश्त सुनिश्चित करने, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की नियमित चेकिंग करने तथा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही यक्ष ऐप के माध्यम से की जा रही पुलिस कार्रवाई की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को ऐप का अधिकाधिक उपयोग करने और आवश्यक सूचनाओं को समय से अपडेट करने के निर्देश दिए।

श्रद्धा और भक्ति के दीपों से जगमगाया सरयू-कटरा घाट, भव्य आरती और भजन संध्या ने बांधा समां

अवधनामा संवाददाता



गोण्डा। गंगा उत्सव-2026 के अवसर पर करनैलगंज स्थित सरयू-कटरा घाट पर श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर जिला गंगा समिति के तत्वावधान में वन विभाग द्वारा भव्य सरयू आरती, भजन संध्या, दीपदान एवं दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा सरयू तट हजारों दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने मां सरयू की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं लोक कल्याण की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठानों एवं मां सरयू की आरती के साथ हुआ। आरती के दौरान घाट पर मौजूद श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर नजर आए। इसके बाद आयोजित भजन संध्या में प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। वहीं दीपदान कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने सरयू तट पर दीप प्रज्वलित कर नदी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। देखते ही देखते दीपों की जगमगाहट से पूरा घाट आकर्षण का केंद्र बन गया। दीपोत्सव का मनोहारी दृश्य लोगों के लिए विशेष आकर्षण रहा। इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखना ही नहीं, बल्कि जनमानस में नदियों की स्वच्छता, निर्मलता और संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत करना भी रहा। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अजीत सिंह निवासी ग्राम अराव पोस्ट बरौत जनपद प्रयागराज अपने नाबालिग पुत्री जिसका पुराना नाम आद्रिका यादव आयु 6 वर्ष, जन्म तिथि 02.11.2020 है, का नाम बदलकर भविष्य के लिए आद्रिका सिंह रख दिया है। भविष्य में मेरे पुत्री को इसी नए नाम, आद्रिका सिंह से जाना और पहचाना जाए। इसके लिए मैंने दिनांक 02.11.2026 को गोण्डा न्यायालय से एक शपथ-पत्र बनवाया है।

द नेम ऑफ द रोज- अम्बर्टो इको की नॉवेल

कई बार आप पहली किताब लिखकर ही फंस जाते हैं। पाठकों, समीक्षकों की उम्मीद आपसे बढ़ जाती है, वे आप पर दबाव बनाने लगते हैं। यही हुआ अम्बर्टो इको के साथ। 15 जनवरी 1932 को जन्मे इको ने 1980 में अपना पहला उपन्यास लिखा, 'द नेम ऑफ द रोज'। उन्हें लगता, अब उन्हें अपने मन से नहीं दूसरों के दबाव से किताब लिखनी होगी। पाठकों, समीक्षकों की अपेक्षाओं पर खरे उतरने केलिए लिखना होगा। किसी लेखक केलिए यह बड़ा डरवना विचार है। उपन्यास प्रकाशित होते साहित्य जगत में तहलका मच गया। इटैलियन भाषा का यह उपन्यास शीघ्र विलियम वीवर के इंग्लिश अनुवाद में प्रकाशित हुआ। जल्द ही यह 30 भाषाओं में अनूदित हो दुनिया भर के पाठकों, समीक्षकों तक पहुंच गया।

यह कानन डॉयल के शरलक होम्स को इंग्लैंड से उठा कर 14वी शताब्दी (1327) की इटली के एक बेनेडिक्ट मठ में स्थापित कर देता है। प्रलय होने वाली है, ऐसा विश्वास सुदूर पहाड़ी पर बने प्राचीन खूब समृद्ध क्रिश्चियन मठ में एक मौत के बाद पादरियों को होता है और वे ब्रदर विलियम को सहायता के लिए बुलाते हैं। हत्या की खोजबीन करने फ्रांसिस्कन ब्रदर विलियम ऑफ बास्केर्विल आता है। लेकिन उसके आने के बाद हत्याओं का सिलसिला तेज हो जाता है। रात को विष देकर हत्याएं हो रही हैं, जिन्हें आत्महत्या की संज्ञा दी जा रही है। मरने वालों की अंगुली एवं जिह्वा पर स्याही के दाग मिलते हैं। कोई पादरी खून के कठौते में डूबा हुआ मिलता है, तो कोई हरबल बाथ टब में पड़ा मिलता है। विलियम जासूसी प्रारंभ करता है। वह रहस्यमय संकेतों को खोलता है, लाइब्रेरी की भूलभुलैया में गहरे उतरता है, तो मठ के पादरियों के क्राइस्ट विरोधी विचारों को पाता है। लेखक-चिंतक अम्बर्टो इको का उपन्यास इतिहास, यूरोपियन बुद्धिजीवियों, राजनीति, साहित्य सिद्धांत का पुलिंदा है। उपन्यास में प्राचीन ग्रीक चिंतक अरस्तू के ग्रंथ 'पोयटिक्स' के खोए दूसरे भाग का उल्लेख है। माना जाता है, इस दूसरे भाग में अरस्तू ने 'ट्रैजडी' के बाद 'कॉमेडी' पर लिखा था। उम्बर्तो इको ने कल्पना की, उसमें 'हंसी' के दार्शनिक महत्व पर चर्चा है। उपन्यास में ईसाई धर्मसत्ता ने इस दूसरे भाग को एक लाइब्रेरी की भूलभूलैये में छिपा दिया। उसकी चिंता थी, हंसी एक खतरनाक चीज है। यह लोगों में सत्ता का भय मिटा सकती है। किताब शिष्य अडोस द्वारा तब लिखी गई है, जब वह वृद्ध हो चुका है। मुख्य कथानक के साथ अन्य कथाएं चलती हैं। ईश निंदा एवं पापों की सजा देने इंक्विजीटर्स आते हैं। नए विचार लोगों तक न पहुंचे, उनमें सत्ता का डर कायम रहे, इसीलिए जो लोग उस किताब तक पहुंचने का प्रयास करते हैं, उन्हें समाप्त कर दिया जाता है। ये सत्ताधारी मठीश लोग इतने अंध भक्त हैं, एक पादरी किताब खाने लगता है। जब उसे लगता है, रहस्य किसी के हाथ लगने वाला है, तो वह दुर्लभ ग्रंथों की पूरी लाइब्रेरी जला कर खाक कर देता है। ब्रदर विलियम ऑफ बास्केर्विल और उनका युवा शिष्य एडोस (क्रिस्चन स्लेटर) जितनी किताबें बचा सकते थे, जलती लाइब्रेरी से निकाल लाते हैं। ऐसा ही दृश्य फिल्म 'अगोरा' में भी फिल्माया गया है। नया-नया उदित हुआ ईसाई धर्म जो भी अपने अनुकूल न पा रहा था, वह सब कुछ नष्ट कर रहा था। नव ईसाइयों केलिए ज्ञान-विज्ञान उनका सबसे बड़ा दुश्मन था। वे ज्ञान का भंडार एलेक्जेंड्रिया लाइब्रेरी जला डालते हैं। हाईपेशिया (रेचल वाज़) नायिका अपने शिष्यों के साथ हस्तलिखित स्क्रोल बचाने का प्रयास करती है। नालंदा पुस्तकालय बहुत दिनों तक जलता रहा था। कुछ लोगों ने अवश्य वहां भी किताबें बचाने का प्रयास अवश्य किया होगा। 1977 की फिल्म, 'हंचबैक ऑफ नोर्त डैम' जिसकी शुरुआत में लिखा है, '1480, पेरिस, फ्रांस एक काला भयानक समय जब लोग विश्वास करते थे, पृथ्वी चपटी है और कैथेड्रल के पुस्तकालयों में ईश्वरीय सत्य पवित्र कागज पर हाथ से लिखा रखा है। यह ऐसी दुनिया थी, जहां आधुनिक विचार चर्च द्वारा प्रतिबंधित थे, मात्र एक प्रिंटेड पन्ना रखने की सजा मौत थी। मार्कुस जुसक की किताब 'द बुक थीफ' में हिटलर काल में किताबें जलाने की बात आती है। अमेरिकन रचनाकार एवं स्क्रीनप्ले राइटर रे डगलस ब्रेडबरी के उपन्यास 'फैरनहीट 451' में भी किताब रखना जुर्म है। यहां बकायदा किताबें जलाने वाला एक विभाग सक्रिय है। लेकिन जब उपन्यास का नायक मोन्टैग किताब के संसर्ग में आता है, तो उसका पूरा जीवन बदल जाता है। किताबें जीवन बदल देती हैं, तभी तो पामुक अपनी किताब 'द न्यू लाइफ' (1994) के शुरुआती वाक्य 'मैंने एक दिन एक किताब पढ़ी और मेरी पूरी जिंदगी बदल गई' रखते हैं।

बाजारों में रौनक और शुभ-लाभ के भाव!

बाजारों में रौनक आई, दीपों का त्योहार है,
शुभ-लाभ और स्वागत के बढ़ गए भाव हैं।
कभी दस रुपये में मिलें थे, मंगल के संदेश,
कीमत सुन सोच रहा, आम आदमी विशेष।

स्वागत करना महँगा, शुभ-लाभ भी महँगा,
महँगाई ने कर दिया है, हर उत्सव को तंगा!
लक्ष्मीजी के चरणों का हैं, बढ़ गया बाजार,
पूजा से पहले जेब टटोले, हरेक दुकानदार।

शंख, स्वास्तिक व कलश, सभी के दाम बढ़े,
खुशियों के इस पर्व में, बजट के पहिए अड़े।
तीन दिनों का बाजार हुआ, 5 दिनों से कम,
खरीदार की जेब में पैसा, दुकानदार को गम।

तीस फीसदी दाम बढ़े हैं, ग्राहक हुआ उदास,
बिक्री की उम्मीदों पर भी, पड़ने लगी है घास।
शुभ-लाभ के खेल में, लाभ किसे मिल पाए?
शुभ की आशा लें ग्राहक, खाली हाथ न जाए।

लक्ष्मी पूजा तभी सफल, जब मन में हो प्यार,
अब मंगल के प्रतीकों को ना बनाओं व्यापार।
दीप जलें हर घर-आँगन, खुशियों की बरसात,
महँगे शुभ-लाभ से बेहतर, 'सस्ती' हो सौगात।



संजय एम तराणेकर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

धनतेरसः धन की पूजा नहीं, धन के शुद्ध संस्कारों का पर्व

पंच पर्वों से जुड़े दीपावली महापर्व का दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस केवल दीपावली के आरंभ का पर्व नहीं, बल्कि धन के प्रति हमारी दृष्टि को परखने का अवसर है। यह वह दिन है जब भारतीय संस्कृति धन की पूजा के साथ मनुष्य को यह स्मरण कराती



ललित गर्ग

है कि धन साधन है, साध्य नहीं, समृद्धि जीवन का अलंकार है, जीवन का आधार नहीं। दुर्भाग्य यह है कि आधुनिक समय में धन की परिभाषा इतनी संकुचित हो गई है कि धन का अर्थ संवेदना, सदाचार और संतोष से नहीं, बल्कि संग्रह, सुविधा, प्रतिष्ठा और शक्ति से जोड़ा जाने लगा है। आज दुनिया में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है, लेकिन क्या उसी अनुपात में मनुष्य समृद्ध हुआ है? चंद हाथों में सिमटती संपदा और बढ़ती आर्थिक विषमता ने समाज में एक विचित्र असुरक्षा पैदा की है। भौतिक सुविधाएं बढ़ी हैं, पर विश्वास घटा है। साधन बढ़े हैं, लेकिन साधना कमजोर हुई है। घर बड़े हुए, मगर हृदय छोटे होते गए। परिणामतः हिंसा, छल, भ्रष्टाचार, चोरी, शोषण, दुराचार और असीम संग्रह जैसी प्रवृत्तियां केवल समाज में नहीं, हमारे भीतर भी जगह बनाने लगी हैं। चेहरों की पहचान बची है, लेकिन चरित्र की पहचान धुंधली पड़ रही है।

धनतेरस का वास्तविक संदेश इसी विसंगति को दूर करने में छिपा है। धन का विरोध भारतीय चिंतन कभी नहीं करता, वह धन के अंधे संग्रह और उसके अनुचित उपयोग का विरोध करता है। सनातन दृष्टि में लक्ष्मी तभी मंगलकारी है, जब वह धर्म और लोकमंगल से जुड़ी हो। भगवान महावीर का अपरिग्रह हमें बताते हैं कि आवश्यकता से अधिक संग्रह अंततः मनुष्य को वस्तुओं का स्वामी नहीं, वस्तुओं का दास बना देता है। जैन दर्शन का संयम और अल्पीकरण केवल साधु जीवन की साधना नहीं, बल्कि गृहस्थ जीवन के लिए भी एक महत्वपूर्ण जीवन-दृष्टि है। महात्मा गांधी ने धन के इसी प्रश्न को ट्रस्टीशिप के सिद्धांत से जोड़ा। उनके लिए संपत्ति का अधिकार केवल निजी उपभोग का अधिकार नहीं था, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी था। धन हमारे पास हो सकता है, लेकिन उसका अंतिम अर्थ तभी है जब उससे किसी और के जीवन में आशा, सम्मान और अवसर पैदा हों। इसलिए प्रश्न यह नहीं कि हमारे पास कितना धन है, प्रश्न यह है कि हमारे धन का हमारे चरित्र पर कितना अधिकार है और हमारे धन से समाज को कितना अधिकार मिलता है।

धनतेरस धन की कामना का पर्व है। इस दृष्टि से यह अर्थव्यवस्था का पर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक् एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया



गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस तरह इस उत्सव में उपरोक्त तीनों प्रकार से लक्ष्मी की उपासना यानी धन एवं सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। यही कारण है कि इस दिन बर्तन खरीदे जाते हैं। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी धनतेरस के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुई थीं इसीलिए ऐसा माना जाता है कि इस दिन सोना-चांदी घर लाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है, घर में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आती है और अच्छा भाग्य भी घर लाते हैं। सोना खरीदने से बुरी शक्तियां और नकारात्मक ऊर्जा घर से दूर होती है। कई परिवार इस दिन सोना-चांदी खरीदकर अपनी सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का पालन करते हुए इस दिन दिव्यता एवं धन की देवी लक्ष्मी देवी की पूजा करते हैं। लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिए। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ। आज आवश्यकता धन कमाने की नहीं, धन कमाने की शुद्ध पद्धति और उसके शुद्ध उपयोग की है। यदि साध्य समृद्धि है तो साधन भी शुद्ध होने चाहिए। बेईमानी, शोषण, छल और भ्रष्टाचार से अर्जित धन चाहे कितनी भी बड़ी संपत्ति क्यों न बना दे, वह जीवन में शांति और समाज में सम्मान नहीं ला सकता। इसके विपरीत परिश्रम, ईमानदारी और नैतिकता से अर्जित सीमित धन भी जीवन को गरिमा प्रदान करता है। धनतेरस हमें संग्रह के साथ विसर्जन की चेतना देता है। जिस धन का प्रवाह समाज तक नहीं पहुँचता, वह अंततः जड़ हो जाता है। दान, सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, जरूरतमंदों की सहायता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्थान में धन का उपयोग उसकी सार्थकता बढ़ाता है। दीपक की तरह धन भी तभी प्रकाश देता है, जब वह स्वयं जलकर दूसरों के जीवन में उजाला फैलाए।

इसलिए धनतेरस पर हमें केवल यह नहीं पूछना चाहिए कि इस वर्ष हमारी संपत्ति कितनी बढ़ी, बल्कि यह भी पूछना चाहिए कि हमारा संतोष कितना बढ़ा, हमारा चरित्र कितना मजबूत हुआ, हमारी करुणा कितनी गहरी हुई और हमारे धन से कितने जीवनों में उजाला आया। हमारे पास कार न हो, कोठी न हो, ऊँची कुर्सी न हो-कोई बात नहीं, लेकिन हमारे पास ईमान, इंसानियत, आत्मसम्मान, संयम और चरित्र अवश्य होना चाहिए। यही वह संपदा है जिसे न बाजार खरीद सकता है, न समय छीन सकता है। धनतेरस का दीप तभी सच्चे अर्थों में जलेगा, जब हमारे भीतर धन के साथ धर्म, समृद्धि के साथ संवेदना, भोग के साथ संयम और अधिकार के साथ उत्तरदायित्व का प्रकाश भी जले। धन की समृद्धि जीवन को सुविधापूर्ण बना सकती है, लेकिन चरित्र की समृद्धि ही जीवन को महान बनाती है। यही धनतेरस का सनातन संदेश है और यही आधुनिक समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता भी।

बदलते वैश्विक कूटनीतिक समीकरण में ट्रंप की हार के मायने

अमेरिकी लोकतंत्र की विशेषता है कि वहां मतदाता राष्ट्रपति को चुनने के दो वर्ष बाद ही उसके कामकाज का मूल्यांकन करने का अवसर प्राप्त करते हैं। इस बार मतदाताओं ने महंगाई, जीवनयापन की बढ़ती लागत, ईरान के साथ युद्ध, आव्रजन नीति और प्रशासनिक फैसलों को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। विशेष रूप से ईरान के साथ लंबे युद्ध और उससे उत्पन्न आर्थिक दबाव ने रिपब्लिकन पार्टी की



संजीव ठाकुर

राजनीतिक स्थिति को कमजोर किया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, कभी रिपब्लिकन पार्टी के मजबूत गढ़ माने जाने वाले क्षेत्रों में भी डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को उल्लेखनीय सफलता मिली। यह इस बात का संकेत है कि अमेरिकी मतदाता केवल राजनीतिक नारों से प्रभावित नहीं होते, बल्कि आर्थिक सुरक्षा, शांति और लोकतांत्रिक जवाबदेही को भी प्राथमिकता देते हैं।

अमेरिका की राजनीतिक पटल पर हुए मध्यावधि चुनावों के परिणाम ने एक बार फिर वैश्विक राजनीति की दिशा और दशा को मोड़ दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को इन चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा है, जबकि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने अमेरिकी संसद के दोनों सदनों–प्रतिनिधि सभा और सीनेट पर अपना ऐतिहासिक कब्जा जमा लिया है। यह चुनाव परिणाम राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ एक बड़े जनमत संग्रह के रूप में देखे जा रहे हैं, जिसका सीधा असर आने वाले समय में वैश्विक कूटनीति और भारत-अमेरिका संबंधों पर पड़ेगा।

इस चुनाव में अमेरिकी राजनीति के भीतर भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों की बढ़ती ताकत और उनकी राजनीतिक परिपक्वता खुलकर सामने आई है। डेमोक्रेटिक पार्टी की इस जीत में प्रवासी भारतीयों ने एक महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाई है। कैलिफोर्निया से रो खन्ना, वॉशिंगटन से प्रमिला जयपाल, वर्जीनिया से सुहास सुब्रमण्यम और फ्लोरिडा से पिया दांडिया जैसे भारतीय मूल के नेताओं ने शानदार जीत दर्ज कर अमेरिकी विधायिका में अपने प्रभाव को और मजबूत किया है।

प्रवासी भारतीयों ने न केवल अपने मतदान से नीतिगत बदलावों का समर्थन किया, बल्कि इमिग्रेशन (प्रवासन), ग्रीन कार्ड बैकलॉग, और आर्थिक स्थिरता जैसे मुद्दों को मुख्यधारा की बहस के केंद्र में ला दिया। यह इस बात का प्रमाण है कि अमेरिकी नीति-निर्माण में अब भारतीय समुदाय की आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। संसद के दोनों सदनों में



डेमोक्रेट्स के नियंत्रण में आने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के विधायी एजेंडे और आक्रामक विदेश नीतियों पर गंभीर ब्रेक लग सकता है। वैश्विक मंच पर इसके दूरगामी परिणाम होंगे. चुनाव प्रचार के दौरान ईरान के साथ बढ़ते तनाव और युद्ध के मुद्दों को मतदाताओं ने प्रमुखता से नकारा। इससे अमेरिकी प्रशासन को अपनी पश्चिम एशिया नीति पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है।

डेमोक्रेटिक पार्टी के मजबूत होने से अंतरराष्ट्रीय समझौतों, पर्यावरण संबंधी नीतियों (जैसे पेरिस समझौता) और पारंपरिक सहयोगियों के साथ रिश्तों में एक बार फिर नरमी और स्थिरता देखने को मिल सकती है। भारत के दृष्टिकोण से, अमेरिकी संसद में बदले हुए समीकरणों के बीच दिल्ली को अपनी कूटनीति को अधिक बहुआयामी और लचीला बनाना होगा। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के बीच संतुलन बिठाते हुए रक्षा, तकनीक और व्यापारिक साझेदारी को आगे बढ़ाना भारत की प्राथमिकताओं में शामिल होगा।

इस राजनीतिक उलटफेर के बाद दुनिया भर के शीर्ष नेताओं की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं:

अपनी पार्टी की हार को स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'हम डेमोक्रेट्स के साथ काम करेंगे और उनके साथ मिलकर काम करने को पूरी तरह उत्सुक हैं। हम संभवतः कोई न कोई रास्ता निकाल लेंगे। मुझे लगता है कि इस हार की एक बड़ी वजह ईरान को लेकर उठाए गए कदम भी रहे, लेकिन आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को परमाणु हथियार हासिल करने की छूट नहीं दी जा सकती। डेमोक्रेटिक पार्टी की इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बराक ओबामा ने कहा, अमेरिकियों ने अपने वोट के जरिए एक स्पष्ट और मजबूत संदेश दिया है। वे ऐसी राजनीति चाहते हैं जो लोगों को बांटने के बजाय उन्हें एकजुट करे और देश की गंभीर चुनौतियों का ठोस समाधान पेश करे।

ईरान के संसदीय अध्यक्ष मोहम्मद बागेर ग़ालिबाफ़ ने अमेरिकी चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, वजह चाहे अंतरात्मा की आवाज हो या बढ़ती महंगाई, यह सच है कि अमेरिकियों ने युद्ध को 'ना' कहा है। हम इस जनभावना के संदेश का पूरी तरह समर्थन करते हैं.

डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी की मध्यावधि चुनाव में यह हार अमेरिकी घरेलू राजनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत तो है ही, साथ ही यह वैश्विक कूटनीति के स्थापित समीकरणों को भी पुनर्गठित करेगी। इसमें प्रवासी भारतीयों की बढ़ती राजनीतिक हिस्सेदारी यह सुनिश्चित करती है कि भविष्य की अमेरिकी नीतियां अल्पसंख्यकों और प्रवासियों के हितों के प्रति अधिक संवेदनशील होंगी। भारत और अन्य वैश्विक ताकतों के लिए यह समय नई राजनीतिक वास्तविकताओं के साथ तालमेल बिठाकर आगे बढ़ने का है।

दबदबा था, दबदबा है मगर अब वैसा नहीं रहेगा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दो वर्षों में जिस अंदाज में देश की राजनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को अपनी मर्जी के मुताबिक चलाने की कोशिश की, उसे अब एक बड़ी लोकतांत्रिक चुनौती का सामना करना पड़ा है। तीन नवंबर को हुए मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की करारी शिकस्त और डेमोक्रेटिक पार्टी का अमेरिकी संसद के दोनों सदनों पर कब्जा ट्रंप के लिए महज चुनावी हार नहीं, बल्कि



राजीव तिवारी

उनकी राजनीतिक ताकत पर जनता का सीधा सवाल है। यह परिणाम बताता है कि दुनिया की सबसे ताकतवर कुर्सी पर बैठा व्यक्ति भी अमेरिकी लोकतंत्र की संस्थागत व्यवस्था और मतदाताओं की नाराजगी से ऊपर नहीं है।


डेमोक्रेटिक पार्टी ने प्रतिनिधि सभा यानी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट, दोनों में बहुमत हासिल कर लिया है। उपलब्ध चुनावी नतीजों के मुताबिक डेमोक्रेट्स को प्रतिनिधि सभा में कम से कम 225 सीटें और सीनेट में 54 सीटें मिल चुकी हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए यह इसलिए भी बड़ा झटका है कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में जिन राज्यों और इलाकों में ट्रंप को शानदार समर्थन मिला था, उनमें भी मतदाताओं ने इस बार पार्टी का साथ छोड़ दिया। टेक्सास, कंसास और दक्षिण कैरोलिना जैसे परंपरागत रिपब्लिकन प्रभाव वाले राज्यों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों की जीत ने इस चुनाव को सामान्य सत्ता-विरोधी मतदान से कहीं बड़ा राजनीतिक संदेश बना दिया है।

इस नतीजे का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि ट्रंप अब भी अमेरिका के राष्ट्रपति हैं, लेकिन जनवरी 2027 से शुरू होने वाली नई कांग्रेस में उनके पास अपनी पार्टी का संसदीय बहुमत नहीं रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति प्रणाली में राष्ट्रपति और संसद की शक्तियां अलग-अलग हैं। राष्ट्रपति सरकार का प्रमुख और कार्यपालिका का सर्वोच्च पदाधिकारी होता है, जबकि कानून बनाने, सरकारी खर्च को मंजूरी देने और प्रशासनिक फैसलों पर निगरानी रखने का अधिकार कांग्रेस के पास है। इसलिए चुनावी हार से ट्रंप की राष्ट्रपति पद की शक्तियां खत्म नहीं होंगी, लेकिन उन शक्तियों का इस्तेमाल पहले की तरह बेधड़क करना निश्चित रूप से कठिन हो जाएगा।

राष्ट्रपति की ताकत और संसद की लगाम

अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता करती है, लेकिन राष्ट्रपति को कानून बनाने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार कांग्रेस यानी संसद के पास है, जिसके दो सदन हैं। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में 435 सदस्य होते हैं, जिनका चुनाव हर दो साल में होता है। वहीं सीनेट में 100 सदस्य होते हैं, प्रत्येक राज्य से दो। दोनों सदनों की सहमति के बिना कोई विधेयक कानून नहीं बन सकता। राष्ट्रपति किसी विधेयक को वीटो कर सकते हैं, लेकिन यदि दोनों सदनों में दो-तिहाई सदस्य उसके पक्ष में मतदान कर दें तो राष्ट्रपति का वीटो भी निष्प्रभावी हो जाता है।

अब तक ट्रंप के सामने यह मुश्किल नहीं



थी। प्रतिनिधि सभा और सीनेट में रिपब्लिकन बहुमत होने के कारण उनकी नीतियों और विधायी प्रस्तावों को आगे बढ़ाने में पार्टी का समर्थन मिलता रहा। उनकी सरकार को अपने एजेंडे के लिए संसद में उतना संघर्ष नहीं करना पड़ा, जितना अब करना पड़ेगा। जनवरी में नई कांग्रेस के गठन के बाद स्थिति बदल जाएगी। डेमोक्रेटिक पार्टी प्रतिनिधि सभा में स्पीकर का पद हासिल करेगी और सीनेट की कमान भी उसके हाथ में होगी। हकीम जेफ्रीज का प्रतिनिधि सभा का नया स्पीकर बनना लगभग तय माना जा रहा है।

यहां एक महत्वपूर्ण बात समझने की है कि चुनाव परिणाम आने के अगले ही दिन राष्ट्रपति की संसदीय स्थिति नहीं बदल जाती। नई कांग्रेस का कार्यकाल तीन जनवरी 2027 से शुरू होगा। तब तक मौजूदा कांग्रेस काम करती रहेगी। लेकिन राजनीतिक समीकरण अभी से बदल चुके हैं।

ट्रंप की सबसे बड़ी मुश्किल सिर्फ यह नहीं होगी कि डेमोक्रेट्स उनके विधेयकों को रोकेंगे, बल्कि यह होगी कि वे उनके प्रशासन के कामकाज की व्यापक जांच भी कर सकेंगे। अमेरिकी कांग्रेस की समितियों को सरकारी विभागों से दस्तावेज मांगने, अधिकारियों को तलब करने और सुनवाई करने का अधिकार है। इसका इस्तेमाल डेमोक्रेटिक पार्टी ट्रंप प्रशासन के फैसलों, उनके परिवार के कारोबारी हितों, सरकारी संसाधनों के इस्तेमाल और प्रशासनिक नियुक्तियों की जांच के लिए कर सकती है।

प्रतिनिधि सभा के पास महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार भी है। हालांकि राष्ट्रपति को पद से हटाने के लिए सीनेट में महाभियोग पर सुनवाई और दो-तिहाई बहुमत से दोषसिद्धि आवश्यक है। इसलिए डेमोक्रेट्स के दोनों सदनों में बहुमत होने के बावजूद ट्रंप को तत्काल पद से हटाना आसान नहीं होगा। फिर भी महाभियोग की कार्यवाही उनके राजनीतिक जीवन और प्रशासन के लिए गंभीर दबाव पैदा कर सकती है।

सीनेट की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रपति को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, राजदूतों और अनेक वरिष्ठ सरकारी पदों पर नियुक्तियों के लिए सीनेट की सहमति की जरूरत होती है। अब डेमोक्रेटिक बहुमत इन नियुक्तियों को रोक सकता है, उन पर लंबी सुनवाई करा सकता है और अपनी शर्तों पर सहमति दे सकता है। किसी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश का पद खाली होने की स्थिति में यह शक्ति ट्रंप के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाएगी।

यानी राष्ट्रपति अपनी पसंद के लोगों को नामित तो कर सकेंगे, लेकिन उन्हें महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचाने के लिए विपक्ष की संसदीय सहमति हासिल करनी पड़ सकती है। .S. Senate +w

क्या राष्ट्रपति फिर भी मनमानी कर सकते हैं?

यहां अमेरिकी राष्ट्रपति प्रणाली का एक दूसरा पहलू भी है। राष्ट्रपति केवल संसद के भरोसे काम नहीं करते। उनके पास कार्यकारी आदेश जारी करने, प्रशासनिक एजेंसियों को निर्देश देने, विदेश नीति संचालित करने और सेना के सर्वोच्च कमांडर के रूप में निर्णय लेने की शक्तियां हैं। यही वजह है कि कांग्रेस में बहुमत गंवाने के बाद भी ट्रंप पूरी तरह कमजोर नहीं पड़ेंगे।

वे आव्रजन नीति, व्यापार शुल्क, सरकारी विभागों के प्रशासनिक निर्देश और कई अन्य विषयों पर कार्यकारी शक्तियों का इस्तेमाल जारी रख सकते हैं। वास्तव में ट्रंप प्रशासन ने चुनाव से पहले ही ऐसी स्थिति के लिए तैयारी शुरू कर दी थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के अधिकारी कांग्रेस में डेमोक्रेटिक बहुमत आने की स्थिति में कार्यकारी अधिकारों के जरिए सरकार चलाने के विकल्पों पर काम कर रहे थे।

लेकिन कार्यकारी आदेशों की भी संवैधानिक सीमाएं हैं। राष्ट्रपति किसी कार्यकारी आदेश के जरिए कांग्रेस द्वारा पारित कानून को खत्म नहीं कर सकते। सरकारी खर्च के लिए उन्हें कांग्रेस से स्वीकृत धन की जरूरत होगी। उनके फैसलों को अदालतों में चुनौती दी जा सकती है और कांग्रेस बजट तथा सरकारी वित्त पोषण को लेकर दबाव बना सकती है। इस तरह राष्ट्रपति के पास फैसले लेने की शक्ति तो रहेगी, लेकिन उन फैसलों को लागू करने और लंबे समय तक बनाए रखने की राह आसान नहीं होगी।

28 वैज्ञानिक अधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

अवधनामा संवाददाता



- फॉरेंसिक अधिकारी न्याय व्यवस्था के सारथी: योगी
- वैज्ञानिक साक्ष्यों से अपराधियों को सजा दिलाने पर जोर
- अपराधी कितना भी शक्तिशाली हो, सजा जरूर मिले : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रूल ऑफ लॉ स्थापित करना, हर पीड़ित को समयबद्ध न्याय दिलाना, अपराधी चाहे कितना भी शक्तिशाली हो, उसे सजा दिलाना और किसी भी निर्दोष का उत्पीड़न न होने देना प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली की मूल भावना है। न्याय के मन्दिर में 'सत्यमेव जयते' की उक्ति को सिद्ध करने के लिए प्रत्यक्ष, सटीक और वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

यदि पुलिस प्रणाली न्याय दिलाने के मार्ग की महारथी है, तो फॉरेंसिक अधिकारी उस व्यवस्था के 'सारथी' हैं। फॉरेंसिक अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी, शुद्धता और समयबद्धता के साथ निभानी होगी, ताकि तारीख-दर-तारीख की परम्परा समाप्त हो सके। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 28 वैज्ञानिक अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवचयनित वैज्ञानिक अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि पूरे परिवार के विश्वास और खुशी का प्रतीक है। साक्षात्कार सम्पन्न होने के शाम तक परिणाम जारी होने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चयन प्रक्रिया राज्य सरकार की प्रशासनिक शुचिता को दर्शाती है। अभ्यर्थियों को किसी सिफारिश, लेन-देन या गलत रास्ते की आवश्यकता नहीं पड़ी। उनकी योग्यता और मेरिट ही उनके चयन का आधार बनी है। जिस पारदर्शिता से उनका चयन हुआ है, उसी ईमानदारी से वे पीड़ित को न्याय और अपराधी को सजा दिलाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

मुख्यमंत्री ने महर्षि गौतम के न्याय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय मनीषा में प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द प्रमाणों की महत्ता हजारों वर्ष पूर्व ही स्थापित कर दी गई थी।

'यत्र यत्र धूमः, तत्र तत्र अग्निः' के सिद्धान्त की भांति आज फॉरेंसिक वैज्ञानिक भी उंगलियों के निशान, रक्त के नमूने, बाल, डी0एन0ए0 अवशेष और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर वास्तविक अपराधियों तक पहुँचने का कार्य करते हैं। जुलाई, 2024 से देश में लागू 03 नये आपराधिक कानूनों में 07 वर्ष से अधिक सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य संकलन को अनिवार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कानून लागू होने से पूर्व ही दूरदर्शी सोच के साथ 'उत्तर प्रदेश स्टेट फॉरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट' की स्थापना की। राज्य को 500 विशेषज्ञों की आवश्यकता थी, जिसके सापेक्ष सरकार ने 600 से अधिक फॉरेंसिक साक्ष्य संकलित करने वाले पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित कर फील्ड में तैनात किया है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश स्टेट फॉरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट की स्थापना की पृष्ठभूमि साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व लखनऊ एयरपोर्ट के पास स्थित इस बहुमूल्य सरकारी भूमि पर एक भू-माफिया का अवैध कब्जा था। राज्य सरकार ने कठोर कार्रवाई कर भूमि को मुक्त कराया और वहाँ इस विश्वस्तरीय संस्थान का निर्माण कराया। आज यह संस्थान ए0आई0, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी, क्वाण्टम फॉरेंसिक और फॉरेंसिक साइंसेज में डिग्री व डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने वाला प्रमुख केन्द्र बन चुका है।

विराज कंस्ट्रक्शंस ने लॉन्च की बीबीडी एम्ब्रोसिया, बीबीडी ग्रीन सिटी में 231 लग्ज़री विला

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। बीबीडी समूह की कंपनी विराज कंस्ट्रक्शंस प्रा. लि. (वीसीपीएल) ने 31 अक्टूबर को लखनऊ के आईटीसी फॉर्च्यून पार्क बीबीडी में आयोजित समारोह में 4 बीएचके और 5 बीएचके विला की सिग्नेचर लग्ज़री परियोजना बीबीडी एम्ब्रोसिया लॉन्च की।

समारोह में चेयरमैन विराज सागर दास और देवांशी सागर दास के साथ अमित श्रीवास्तव और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। शहर के लगभग 200 चैनल पार्टनर और रियल एस्टेट ब्रोकर भी शामिल हुए। परियोजना की प्रस्तुति हेड ऑफ़ सेल्स बृजेश पाण्डेय ने दी।

बीबीडी एम्ब्रोसिया 318 एकड़ की टाउनशिप बीबीडी ग्रीन सिटी के भीतर 24 एकड़ में फैली है। इसमें 231 विला हैं, यानी प्रति एकड़ लगभग 10 विला। परियोजना का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा हरित और खुला क्षेत्र है, और इसके केंद्र में 66,000 वर्ग फुट का षट्कोणीय बहुउद्देशीय पार्क है। 4 बीएचके विला का निर्मित क्षेत्र लगभग 3,100 वर्ग फुट है। लिफ्ट वाले 5 बीएचके विला का निर्मित क्षेत्र लगभग 4,500 वर्ग फुट है।

पाण्डेय ने कहा, 'बीबीडी एम्ब्रोसिया अपने स्थान, निर्माण गुणवत्ता और जीवनशैली में अनूठी है। यह शहर के बीच एक हरित परियोजना है, जहां रोज़मर्रा की सभी सुविधाएं कुछ ही दूरी पर हैं। इसे उन ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो हरित, टिकाऊ और सिग्नेचर प्रीमियम जीवनशैली चाहते हैं। '

कंपनी के अनुसार, पिछले तीन-चार वर्षों में लखनऊ में लग्ज़री जीवनशैली की मांग लगातार बढ़ी है। साइट पर विकास कार्य शुरू हो चुका है और परियोजना लगभग ढाई वर्ष में पूरी होने की उम्मीद है। फेज़ 1 लॉन्च हो चुका है, और फेज़ 2 मार्च 2027 तक लॉन्च करने की योजना है। सुविधाएं : 24×7 गेटेड सुरक्षा, सीसीटीवी के साथ तीन-स्तरीय सुरक्षा, कम्युनिटी क्लबहाउस, सेंट्रल पार्क और पैटियो, बच्चों का क्षेत्र और प्ले ज़ोन, नेचर वॉक और जॉगिंग ट्रैक। ये डेवलपर की वेबसाइट पर Ambrosia Estates Phase I नाम से सूचीबद्ध हैं।

आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति के साथ मनाएं पर्व : भूपेन्द्र



अवधनामा संवाददाता

बानपुर। त्योहार धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना बानपुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष बानपुर भूपेन्द्र सिंह ने की। इस दौरान क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित लोगों से आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी लोग शासन-प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों का पालन करते हुए त्योहार मनाएं। त्योहार खुशियों और आपसी मेल-मिलाप का प्रतीक हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि न करें जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो। उन्होंने पटाखा कारोबारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि सभी दुकानदार निर्धारित मानकों के अनुरूप वैध लाइसेंस बनवाकर ही पटाखों की बिक्री करें तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही दुकानें संचालित करें। सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन यंत्र, बालू एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखें, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से समय रहते निपटा जा सके व कोई भी अप्रिय घटना घटित होने पर पुलिस को तुरन्त सूचित करें।

जमीन का बैनामा कराने के बाद दोबारा दानपत्र करने का आरोप

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम वडोखरा में जमीन के बैनामे के बावजूद उसी भूमि का दोबारा कथित फर्जी दानपत्र कराने और खेत में उड़द की फसल काट रहे परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जमीन पर अपना हक जताते हुए छह लोगों ने महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर न्यायालय के आदेश से महरौनी पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना, मारपीट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम वडोखरा निवासी कमला पत्नी राजू बंशकार ने शिकायत में बताया कि उसने 25 अक्टूबर 2023 को तहसील महरौनी में सखी बाई पत्नी गुठीला से आराजी संख्या 475/5, रकबा 1.215 हेक्टेयर भूमि का रजिस्टर्ड बैनामा कराया था। इसके लिए उसने निर्धारित धनराशि का पूरा भुगतान किया था।

ओवरलोड वाहनों के खिलाफ मोटर मालिकों का एआरटीओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



- लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हुआ अनशन, एआरटीओ ने ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई का दिया भरोसा

ललितपुर। जनपद में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को मोटर मालिकों ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। ओवरलोड परिवहन पर रोक लगाने की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन में मोटर मालिकों ने अनशन भी किया। प्रदर्शन की अगुवाई वार्ड नंबर 15 के पार्षद एड.मनमोहन चौबे एवं मोटर मालिकों ने की। एआरटीओ की ओर से लिखित आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया। प्रदर्शन कर रहे मोटर मालिकों का आरोप था कि जनपद में ओवरलोड वाहनों का संचालन लगातार जारी है, लेकिन इनके खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालित करने वाले मोटर मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने ओवरलोड परिवहन पर तत्काल रोक लगाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। मोटर मालिकों के धरना-प्रदर्शन के बाद सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आकिब खुर्शीद ने मामले का संज्ञान लेते हुए पांच नवंबर 2026 को कार्यालय ज्ञाप जारी कर लिखित आश्वासन दिया। ज्ञापन में एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि जनपद में माल वाहनों द्वारा ओवरलोड परिवहन के विरुद्ध परिवहन विभाग नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चला रहा है। चेकिंग के दौरान ओवरलोडिंग पाए जाने पर संबंधित वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान तथा वाहन निरुद्धि (सीज) की कार्रवाई की जाती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

आज से शुरू होगा निःशुल्क राशन वितरण

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत जनपद जालौन में नवंबर माह का निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 6 नवंबर से शुरू होकर 30 नवंबर तक चलेगा। इस संबंध में आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन लखनऊ द्वारा 3 नवंबर को जारी निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम चावल, कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं एवं 3 किलोग्राम चावल, कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन वितरण प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। वितरण की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई है। अंतिम दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी सत्यापन के जरिए राशन उपलब्ध कराया जाएगा।

'हनुमान अंश' के निर्देशक ने साझा कीं बचपन की यादें

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। फिल्म 'हनुमान अंश' के निर्देशक विशाल चतुर्वेदी के माता-पिता सुधा चतुर्वेदी और शशिकांत चतुर्वेदी के जनपद आगमन पर लाजपत नगर स्थित आनंद सेठ के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। दोनों यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इस दौरान पुराने परिचितों और नगर के लोगों से मिलकर उन्होंने कोंच से जुड़ी पुरानी यादें ताजा कीं। आनंद सेठ ने बताया कि विशाल चतुर्वेदी का बचपन कोंच में ही बीता है। उन्होंने यहां खेलकूद के साथ अपनी शुरुआती शिक्षा-दीक्षा भी प्राप्त की। उनके माता-पिता का भी कोंच से गहरा नाता रहा है। उनके पिता ने यहां स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दी है। इसी दौरान विशाल का बचपन कोंच में बीता और उन्होंने यहीं से शुरुआती शिक्षा हासिल की। शशिकांत चतुर्वेदी ने कहा कि कोंच के लोगों से उनका हमेशा से गहरा जुड़ाव रहा है।



दो वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में किया गया पेश

ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को तालबेहट और गिरार थाना पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। एएसपी कालू सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस ने एक वारंटी तथा थाना गिरार पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों में ग्राम खांदी मजरा बरवारी साई मंदिर के पास निवासी नरेंद्र कुमार यादव पुत्र राजू यादव शामिल हैं। वहीं, दूसरे वारंटी थाना गिरार के ग्राम बलना निवासी सिया यादव पुत्र स्व.रजुवा को गिरार पुलिस ने गिरफ्तार किया। तालबेहट पुलिस की कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र मिश्र तथा गिरार पुलिस की कार्रवाई में थानाध्यक्ष संजय दुबे मय पुलिस टीम शामिल रहे।



बेसन लड्डू और छैना रसगुल्ला के नमूने लिए

ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)। दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को जनपद में जांच अभियान चलाया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीम ने दो स्थानों से मिठाइयों के नमूने संग्रहित किए। नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तालाबपुरा, ललितपुर निवासी रोहन साहू पुत्र जगतराम साहू के निर्माण स्थल से बेसन लड्डू का नमूना संग्रहित किया। इसके अलावा घुसयाना स्थित विशाल मेगा मार्ट से छैना रसगुल्ला का नमूना लिया गया।

दीप प्रदर्शनी में ऐतिहासिक एवं विशिष्ट दीपों का प्रशंसनीय प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



- युवाओं को अपनी संस्कार युक्त संस्कृति को जीवन में जीने की प्रेरणा प्रदान करते हैं

उरई (जालौन)। भगवान श्री राम की अयोध्या वापसी के उपलक्ष्य में दीपोत्सव के महापर्व पर इन्टैक उरई अध्याय, बुंदेलखंड कानपुर प्रांतीय कला धरोहर समिति संस्कार भारती एवं भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा उरई के संयुक्त तत्वावधान में एक दीप प्रदर्शनी का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसका शुभारंभ जनपद जालौन के जिला पंचायत राज अधिकारी श्री राम अयोध्या प्रसाद गुप्त जी ने शंख ध्वनि के मध्य श्री गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रदर्शनी के अवलोकन के समय मुख्य अतिथि श्री राम अयोध्या प्रसाद गुप्त ने कहा कि इतने सारे दीपों को एक साथ देखकर मन प्रफुल्लित हुआ। प्रदर्शनी में पीतल के इतने सारे छोटे बड़े विभिन्न आकार प्रकार के दीप वास्तव में एक सुखद अनुभूति देते हैं। ऐसे आयोजनो से अपने देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण तो मिलता ही है साथ ही साथ हमें अपनी संस्कृति पर गर्वित होने का सौभाग्य भी प्राप्त होता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन समाज को ऊर्जावान करते हैं तथा युवाओं को अपनी संस्कार युक्त संस्कृति को जीवन में जीने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

दीप प्रदर्शनी के संयोजक डॉक्टर हरीमोहन पुरवार ने बतलाया कि इन दीपों का इतिहास 5000 वर्षों से भी पूर्व का है। हड़प्पा सभ्यता में तमाम टेराकोटा की दीप पाए गए। इस्लाम में भी चिराग का वर्णन मिलता है तथा इसी प्रकार से क्रिश्चियनिटी में भी मोमबत्तियां का चलन है। दीप अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का सशक्त माध्यम है। इस प्रदर्शनी में पीतल के जो दीप प्रदर्शित किए गए उनमें स्वास्तिक आकार का ,ओम आकार का, तथा तमाम पक्षियों, ऊंटो, हाथी के आकार से युक्त लटकने वाले दीप प्रदर्शित किए गए । प्रदर्शनी में डेढ़ सौ साल पुराना मयूर आकति का एक ऐसा लकडी का दीप प्रस्तुत किया गया जिसके ऊपर इतनी तेल की चीकट जम गई थी कि उसने स्वयं एक अद्भुत कलात्मक आकार ले लिया।

मालवा एक्सप्रेस में महिला यात्री का पर्स चोरी

ललितपुर। मालवा एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का कीमती सामान और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। चलती ट्रेन में महिला के सिरहाने रखा पर्स अज्ञात चोर पार कर ले गए। पर्स में करीब 95 हजार रुपये कीमत का आईफोन, 30 हजार रुपये नकद, महंगे चश्मे और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। शिकायत पर जीआरपी थाना ललितपुर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पंजाब राज्य के अमृतसर में मकबूल रोड, व्हाइट एवेन्यू के सामने निवासी 51 वर्षीय अमिता अग्रवाल पत्नी समीर अग्रवाल 24 सितंबर को मालवा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12920) से जालंधर से उज्जैन की यात्रा कर रही थीं। वह ट्रेन के ए-2 कोच में सीट संख्या पांच पर सवार थीं। बताया गया कि 25 सितंबर की सुबह करीब सात बजे ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी। इसी दौरान महिला यात्री ने अपना काले रंग का बैग सीट पर पास में रख लिया और सो गई।

जनभागीदारी का संदेश दे रहा कलेक्ट्रेट में स्थापित सेल्फी पॉइंट

अवधनामा संवाददाता



उरई (जालौन)। जनगणना-2027 को जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाने तथा आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सेल्फी पॉइंट पर जिलाधिकारी समीर एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजीव राज ने सेल्फी लेकर जनगणना में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया।

सेल्फी पॉइंट के माध्यम से जनसामान्य को यह संदेश दिया जा रहा है कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश और जनपद के भविष्य के विकास की आधारशिला है। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत नागरिक 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट http://se.census.gov.in पर जाकर स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी तथा 05 से 09 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण की प्रक्रिया संपन्न होगी। जिलाधिकारी समीर ने जनपदवासियों से अपील की कि वे जनगणना-2027 को सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं और स्व-गणना की सुविधा का लाभ उठाकर निर्धारित समयावधि में अपने परिवार का विवरण दर्ज करें।

कुनाल जाटव ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

अवधनामा संवाददाता

- 3.17 सेकंड में टाइप की अंग्रेजी वर्णमाला



उरई(जालौन)। प्रतिभा, लगन और तकनीक के प्रति जुनून हो तो सफलता की नई इबारत लिखी जा सकती है। इसे सच कर दिखाया है उरई के होनहार छात्र कुनाल जाटव ने। डिवाइन मर्सी स्कूल में कक्षा 11 के छात्र कुनाल ने अंग्रेजी वर्णमाला को महज 3.17 सेकंड में टाइप कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने 3.25 सेकंड के पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर जनपद जालौन का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

कुनाल की इस असाधारण उपलब्धि पर जिलाधिकारी समीर ने उन्हें सम्मानित किया और उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुनाल जालौन के मोहल्ला बघौरा के निवासी हैं। उनके पिता संतोष कुमार जाटव सरकारी शिक्षक हैं, जबकि उनकी मां गृहिणी हैं। बेटे की इस सफलता से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। कुनाल को बचपन से ही कंप्यूटर और तकनीक के क्षेत्र में विशेष रुचि रही है। लगातार अभ्यास और मेहनत के दम पर उन्होंने अपनी टाइपिंग क्षमता को इस स्तर तक पहुंचाया। इतना ही नहीं, वह खेलों से जुड़े कई सॉफ्टवेयर भी तैयार कर चुके हैं। उनकी दिलचस्पी केवल रिकॉर्ड बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह तकनीकी क्षेत्र में नए प्रयोग कर अपनी अलग पहचान बनाना चाहते हैं। कुनाल का सपना भविष्य में टेक आंत्रप्रेन्योर बनकर अपना बड़ा उद्यम स्थापित करना है। वह तकनीक के क्षेत्र में नए विचारों और नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ना चाहते हैं।

बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर बसपा की विशाल महारैली

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु.मायावती के निर्देशन में भारतरत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में विशाल महारैली का आयोजन किया जाएगा। महारैली को सफल बनाने के लिए बहुजन समाज पार्टी की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में 6 नवंबर को सुबह 11 बजे बहुजन समाज पार्टी जिला कार्यालय में अति महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक के मुख्य अतिथि झांसी मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी रविकांत मौर्य होंगे। बैठक में महारैली की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की सहभागिता और संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित होने वाली विशाल महारैली का स्थल बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल, गोमती नगर, लखनऊ निर्धारित किया गया है।

प्राग दत्त ने जन्मदिवस पर 'बोधिसत्व बाबा साहब टुडे' के नवीन अंक का किया विमोचन

अवधनामा संवाददाता





लखनऊ। लखनऊ के कैलाशपुरी-ई स्थित गायत्री सदन में दादा, पोता और नाती का संयुक्त जन्मदिवस हर्षोल्लास एवं पारिवारिक आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 89 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी, पूर्व लेखाधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकार प्राग दत्त, उनके 29 वर्षीय पोते ई-संजय दत्त तथा 26 वर्षीय नाती डॉ. ऋतिक कटारिया (एम.एस.) का जन्मदिवस संयुक्त रूप से मनाया गया।

जन्मदिवस समारोह में सूजी के हलवे से तैयार केक के साथ चीनी युक्त एवं शुगर फ्री केक काटे गए। वहीं सेब, केला, ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो, कीवी सहित दर्जनों ताजे फलों एवं फूलों से तैयार आकर्षक केक का पीले वस्त्र से ढके होने के बाद 'हैप्पी बर्थडे' बोलकर अनावरण किया गया। उपस्थित लोगों ने तीनों को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ नागरिक प्राग दत्त एवं उनके पोते ई-संजय दत्त का जन्मदिवस 4 नवंबर को पड़ता है, जबकि नाती डॉ. ऋतिक कटारिया का जन्मदिवस 29 अक्टूबर को था। दोनों युवा अपने कार्य एवं व्यावसायिक व्यस्तताओं के कारण आउट ऑफ स्टेशन एवं आउट ऑफ कंट्री रहते हैं। इसी कारण तीनों का जन्मदिवस संयुक्त रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अनूठे आयोजन ने पारिवारिक प्रेम, एकता और सादगी का संदेश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन के संयोजक एवं पूर्व अधिकारी वरिष्ठ नागरिक पीसी कुरील, समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक संपादक ज्ञान प्रकाश जख्मी तथा पूर्व उपनिदेशक सूचना प्रमोद कुमार ने तीनों को बधाई देते हुए उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।

16 वर्ष से अधिक उम्र की दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी ई-ट्राईसाइकिल

अवधनामा संवाददाता

- पैसठ हजार रुपये तक मिलेगी सहायता

उरई(जालौन)। जनपद की दिव्यांग छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 में ई-ट्राईसाइकिल योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत 16 वर्ष या उससे अधिक उम्र की पात्र दिव्यांग छात्राओं को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ई-ट्राईसाइकिल प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत प्रति ई-ट्राईसाइकिल अधिकतम 65 हजार रुपये की धनराशि अनुमन्य की गई है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि योजना का उद्देश्य ऐसी दिव्यांग छात्राओं को शैक्षिक पुनर्वासन की सुविधा देना है, जिन्हें स्कूल-कॉलेज, कोचिंग, लाइब्रेरी, लैब और हॉस्टल आदि तक आने-जाने में परेशानी होती है। जनपद में निवास करने वाली ऐसी छात्राएं, जो किसी शिक्षण संस्थान या कोचिंग में अध्ययनरत अथवा शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, आवेदन कर सकती हैं।

ये होंगी पात्रता की शर्तें

योजना का लाभ लेने के लिए छात्रा के पास मुख्य चिकित्साधिकारी, जालौन स्थान उरई द्वारा प्रमाणित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड होना अनिवार्य है। छात्रा की दृष्टि एवं मानसिक स्थिति अच्छी होनी चाहिए तथा कमर का ऊपरी हिस्सा स्वस्थ होना चाहिए, ताकि वह स्वयं ई-ट्राईसाइकिल चलाने में सक्षम हो।
इसके अलावा छात्रा या उसका परिवार आयकरदाता श्रेणी में नहीं होना चाहिए। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को प्रथम वरीयता दी जाएगी।

सनबीम स्कूल में धूमधाम से मना अभिव्यक्ति-2026

नृत्य-नाटिका में सजीव हुई श्रीराम की जीवनगाथा

अवधनामा संवाददाता



मुगलसराय। दुलहीपुर स्थित सनबीम स्कूल मुगलसराय में बुधवार, 4 नवंबर को विद्यालय का वार्षिकोत्सव 'अभिव्यक्ति-2026' धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की 21 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा को समर्पित इस आयोजन की मुख्य प्रस्तुति 'एक महागाथा : मनुष्य, मर्यादा और जीवन' रही। इसमें लगभग 250 विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और भावाभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीणा, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कृषि संकायाध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक बाबूजी एवं अम्मा जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय की निदेशिका श्वेता कानूडिया एवं सेक्रेटरी यदुराज कानूडिया ने अतिथियों का स्मृति-चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रामायण के प्रमुख प्रसंगों को 18 दृश्यों में प्रस्तुत किया। श्रीराम जन्म, सीता स्वयंवर, वनगमन, सीता हरण, हनुमान जी का लंका पहुंचना, लंका दहन और राम-रावण युद्ध सहित विभिन्न प्रसंगों को आकर्षक नृत्य एवं भावाभिनय के जरिए साकार किया गया। वहीं 12 विद्यार्थियों ने भाट-चारण की पारंपरिक शैली में कथावाचन कर प्रत्येक दृश्य की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की। वनगमन के भावुक दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर किया, जबकि हनुमान जी के पराक्रम और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रसंगों पर सभागार तालियों से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सत्य, त्याग, प्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा का संदेश दिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेजी, कला एवं भूगोल विषयों के माध्यम से रामायण काल की सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक परिस्थितियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की।

मुख्य अतिथि उदय सिंह मीणा ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर ईमानदारी और जिम्मेदारी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। प्रो. सतीश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है।

विशिष्ट अतिथि हर्ष मधोक ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता विकसित करने के साथ उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। वहीं भरतनाट्यम गुरु महेश आर. पांडेय ने कहा कि थिएटर बच्चों में अनुशासन, संवेदना और आत्मविश्वास विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

विद्यालय की निदेशिका श्वेता कानूडिया ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है, जब बच्चों में ज्ञान के साथ संस्कार, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास हो। प्रधानाचार्या सौमिता चटर्जी ने वर्षभर की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार जताया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधन सदस्य आत्माराम तुलस्यान, सुभाष तुलस्यान, अभिषेक तुलस्यान, एडिशनल डायरेक्टर श्रुति अग्रवाल, डीन यू.बी. रॉय, उपप्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह, शैक्षणिक प्रमुख साधना सिंह, वरिष्ठ समन्वयक राजेश सिन्हा, डॉ. गुंजन सिंह, मनीष पांडेय सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उपभोक्ता हितों की आवाज बुलंद करेंगे: संजय श्रीवास्तव

- सीसीआई के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हुआ भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता



चंदौली। राष्ट्रीय उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति की चंदौली इकाई की कायज़्कारिणी की बैठक गुरुवार, 5 नवंबर को 40 फीट रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में समिति के राष्ट्रीय सचिव संजय श्रीवास्तव को भारत के प्रमुख उपभोक्ता संगठनों में शामिल सीसीआई का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वाराणसी मंडल अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को माल्यापज़्ण कर टोपी, अंगवस्त्र एवं बैज पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद जिला संरक्षक रतन कुमार श्रीवास्तव, रघुवीर सिंह, समाजसेवी सतीश जिंदल, राजेंद्र यादव, अशोक श्रीवास्तव, अभिषेक नारायण, अमित श्रीवास्तव, नरेंद्र अरोड़ा, अमरीक सिंह, दिनेश शमाज़, गुलशन अरोड़ा एवं मोहित श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका स्वागत किया।

अपने मनोनयन पर आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने नेशनल चेयरमैन डॉ. अनंत शमाज़, राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. सेल्वाराज, राष्ट्रीय कायज़्कारी अध्यक्ष भूपसिंह सिंह पाल, राष्ट्रीय महासचिव मुकेश वैष्णव एवं डायरेक्टर कैलाश कुमावत के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उपभोक्ताओं के हितों के लिए कायज़ कर रहे संगठनों को सीसीआई से जोड़कर सदस्यता दिलाई जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष आशाराम यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

आवास में मिले दंपति के रक्तरंजित शव

- खुलासे के लिए सर्विलांस, फॉरेंसिक और एसओजी समेत पांच टीमें गठित, पोस्टमार्टम के लिए शव भेजे गए

अवधनामा संवाददाता



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के चौराहा स्थित पुलिस चौकी के निकट पुरानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सरकारी आवास में गुरुवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब वहां रह रहे पति-पत्नी के रक्तरंजित शव मिले। वहीं उनकी दो वर्षीय मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी मिली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। दोहरे हत्याकांड की आशंका से नगर और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद जिले के पखरापुर निवासी 32 वर्षीय संजीव कठेरिया अपनी 26 वर्षीय पत्नी शिखा और दो वर्षीय बेटी मान्या के साथ पीएचसी के सरकारी आवास में रह रहे थे। गुरुवार सुबह परिजन आवास पहुंचे तो संजीव और शिखा के रक्तरंजित शव पड़े मिले, जबकि मासूम मान्या गंभीर रूप से घायल थी। परिजनों ने बताया कि संजीव की मां वेदवती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाई के पद पर तैनात थीं। उनकी मृत्यु के बाद से संजीव इसी सरकारी आवास में रह रहा था। वह रेलवे टिकट बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ध्यानेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल मासूम मान्या को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया और उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। वारदात की गंभीरता को देखते हुए कानपुर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक जमुना प्रसाद, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अधिकारियों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने और वारदात का जल्द खुलासा करने के लिए सर्विलांस, फॉरेंसिक और एसओजी समेत पांच पुलिस टीमों का गठन किया है। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को जांच में तेजी लाने और सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से पड़ताल करने के निर्देश दिए। उधर शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाते समय परिजनों और मौके पर मौजूद लोगों ने विरोध जताया। इससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया।

चित्रकूट में 95 पदों पर भर्ती का विज्ञापन निकला फर्जी

अवधनामा संवाददाता



- सीएमओ ने वीडियो जारी कर किया खुलासा
- लोगों से अपील-फर्जी विज्ञापन के झांसे में आकर न भरें फॉर्म, न करें किसी से पत्राचार

चित्रकूट। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय चित्रकूट के नाम से सोशल मीडिया पर 95 पदों पर बंपर भर्ती का वायरल हो रहा विज्ञापन पूरी तरह फर्जी है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने वीडियो जारी कर भर्ती के दावे का खंडन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके कार्यालय की ओर से ऐसी कोई भर्ती न तो प्रस्तावित है और न ही इस संबंध में कोई आधिकारिक विज्ञापन जारी किया गया है।

सीएमओ ने जनपद के बेरोजगार युवाओं एवं आमजन को सावधान करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 95 पदों पर भर्ती के संदेश पर विश्वास न करें। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण की जानकारी पहले ही प्रेस को दी जा चुकी है। साथ ही पुलिस अधीक्षक को भी पूरे मामले से अवगत कराया गया है।

फर्जी विज्ञापन वायरल करने वाले प्लेटफॉर्म की जांच कराने के लिए साइबर सिक्योरिटी को भी पत्र लिखा गया है, ताकि इस मामले की वास्तविकता सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

सीएमओ ने आमजन से अपील की है कि भर्ती के नाम पर किसी भी तरह के झांसे में न आएं। कोई भी व्यक्ति इस विज्ञापन के आधार पर आवेदन फॉर्म न भरे, न किसी से पत्राचार करे और न ही किसी कथित नियुक्ति पत्र को स्वीकार करे।

उन्होंने दोहराया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय चित्रकूट से 95 पदों पर भर्ती का कोई आदेश या विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। इसलिए लोग सतर्क रहें और किसी भी भ्रामक सूचना पर भरोसा करने से बचें।

पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई कर फरियादियों की सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



चित्रकूट (अवधनामा संवाददाता) पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों को शिकायतों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से उसका समाधान किया जाए। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई मे सुनी 74 शिकायतें



हरदोई (अवधनामा संवाददाता) जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई मे कुल 74 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत का निष्पक्षता से परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई में आमजन की शिकायतें सुनी जाएं तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर नगर मजिस्टेऊट संजय कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

बीएसए कॉलेज शिक्षक एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

मथुरा (अवधनामा संवाददाता) बीएसए (पीजी) कॉलेज, मथुरा शिक्षक एसोसिएशन का नव निर्वाचन 3 नवंबर 2026 को निर्वाचन अधिकारी प्रो. एस.के. सिंह द्वारा चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराए जाने के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सूची प्राचार्य को प्रस्तुत की गई, जिस पर प्राचार्य ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी। निर्वाचन में डॉ. यू.के. त्रिपाठी को अध्यक्ष, डॉ. बी.के. गोस्वामी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री नरेंद्र कुमार को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. रेखा राय को मंत्री/सचिव, श्री पंकज कुमार पाठक को संयुक्त मंत्री/सचिव तथा डॉ. संघर्ष राठौर को कोषाध्यक्ष चुना गया।

भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ हुआ रामलीला का समापन



अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के तिर्वारोड स्थित नवनिर्मित आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य रामलीला का समापन भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक किया गया। समापन अवसर पर पूरे परिसर में जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे। मंच पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और माता सीता के मनमोहक दर्शन के साथ रामराज्य की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। बीतीशाम नगर के तिर्वारोड पर भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, प्रदेश मंत्री भाजपा अनु. मोर्चा रामवीर कठेरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार पाठक, भाजपा जिला मंत्री राजीव ठाकुर, डा. सुधीर दीक्षित नें रामलीला मंचन में रावण वध के उपरान्त भगवान श्री राम का राजतिलक कर रामलीला का समापन करनें के उपरान्त कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और आदर्श जीवन मूल्यों का प्रतीक है, जो समाज को सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। वहीं समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता एवं पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभ्रांतजनों और मीडिया कर्मियों को धार्मिक पुस्तक व मोमेंटो भेंट कर एवं शॉल ओडाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों का समिति अध्यक्ष मयंक गुप्ता, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, रामलीला समिति के पूर्व अध्यक्ष संजीव गुप्ता उर्फ टीटू ने रामलीला कलाकारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए समिति के पदाधिकारियों को आयोजन की सफलता पर बधाई दी।

एमजीएम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज संभल में एक दिवसीय रिसर्च स्कॉलर्स सेमिनार का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

- डॉ. हसन अहमद निज़ामी 'डॉ. सआदत अली सिद्दीकी शैक्षिक पुरस्कार 2026' से सम्मानित

संभल। उर्दू विभाग, एमजीएम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज संभल और संभल एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान में कॉलेज के सेमिनार हॉल में एक गरिमामय 'एक दिवसीय रिसर्च स्कॉलर्स सेमिनार' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी (उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. हसन अहमद निज़ामी को उनकी शैक्षणिक और साहित्यिक सेवाओं के सम्मान में उर्दू विभाग की ओर से 'डॉ. सआदत अली सिद्दीकी शैक्षिक पुरस्कार 2026' प्रदान किया जाना रहा। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ छात्रों द्वारा प्रस्तुत हम्द और नात से हुआ। इसके पश्चात उर्दू विभागाध्यक्ष एवं संभल एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने उद्घाटन भाषण देते हुए सभी उपस्थित लोगों और अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने संभल एजुकेशन फाउंडेशन के उद्देश्यों और शैक्षिक जागरूकता से संबंधित इसके प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सेमिनार के विभिन्न सत्रों में रिसर्च स्कॉलर्स नाज़िया परवीन, अंजुम निशा, तस्लीम जहाँ, मोहम्मद मुइज़ आलम, अमरीन जहाँ, उर्फी खानम, शफीकुर्रहमान बरकाती और राशिदा ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। शोधकर्ताओं ने अपने-अपने विषयों पर शोधपरक और ज्ञानवर्धक विचार प्रस्तुत किए, जिनकी उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ. हसन अहमद निज़ामी ने अपने संबोधन में सभी रिसर्च स्कॉलर्स के शोध पत्रों की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य के शोध के लिए उपयोगी सुझाव व मार्गदर्शन दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. किश्वर जहाँ ज़ैदी, सैयद हुसैन अफ़सर और मुशीर ख़ान तरीन ने भी सेमिनार, प्रस्तुत शोध पत्रों और छात्रों के प्रयासों पर अपने विचार व्यक्त किए।

समारोह की अध्यक्षता एमजीएम कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर योगेंद्र सिंह ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उर्दू विभाग और संभल एजुकेशन फाउंडेशन के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों को इस सफल और उद्देश्यपूर्ण आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक और शोध कार्यक्रम छात्रों की शैक्षणिक क्षमताओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहने चाहिए। इस गरिमामय समारोह का संयुक्त संयोजन डॉ. नवेद अहमद ख़ान और डॉ. रियाज़ अनवर ने किया, जबकि मंच संचालन का दायित्व शफीकुर्रहमान बरकाती और डॉ. रियाज़ अनवर ने कुशलतापूर्वक निभाया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मथुरा में तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने बाबा बेटा पोते को कुचला, तीनों की मौत

मथुरा। मथुरा में तेज रफ्तार ने एक ही परिवार पर कहर बरपा दिया है। तेज रफ्तार वाहनों पर कोई लगाम नहीं है। आए दिन तेज रफ्तार वाहन लोगों की जान को ले रहे हैं।थाना राया क्षेत्र के बरेली हाईवे पर गांव गजू के पास गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार की तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार अनियंत्रित दिल्ली नंबर की लाल कलर की स्विफ्ट कार हाईवे से उतरकर सीधे खेत में जा घुसी और वहां काम कर रहे बाबा उनके बेटे और नाती को रौंद दिया। हादसे में जवाहर सिंह उनके बेटे हरवीर और नाती अंकित की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। मांट के विधायक राजेश चौधरी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वसन दिया।जानकारी के अनुसार गांव गजू निवासी जवाहर सिंह अपने खेत में पूर्वजों के लिए स्थान बनवा रहे थे। तभी यह हादसा हुआ।

ट्रेनों पर पथराव और ट्रैक पर अवरोध डालने पर कार्रवाई होगी

गुरसहायगंज, कन्नौज। चलती ट्रेनों पर पथराव करने और रेलवे ट्रैक पर अवरोध उत्पन्न करने की घटनाओं को रोकने के लिए जीआरपी पुलिस ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में जीआरपी कन्नौज चौकी प्रभारी/निरीक्षक नरेश कुमार ने कांस्टेबल राहुल तेवतिया सहित पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय रेलवे परिसर के निकट आने-जाने वाले लोगों को एकत्र कर चौपाल लगाई। इस दौरान लोगों को ट्रेनों पर पथराव करने, रेलवे ट्रैक पर पत्थर, लकड़ी अथवा अन्य वस्तुएं रखने जैसे कृत्यों के गंभीर परिणामों और उनके विरुद्ध होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी गई। गुरूवार को आयोजित चौपाल में जीआरपी कन्नौज चौकी प्रभारी /निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि चलती ट्रेन पर फेंका गया एक पत्थर भी यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इससे यात्रियों को गंभीर चोट लगने के साथ ही ट्रेन के संचालन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसी तरह रेलवे ट्रैक पर पत्थर, लकड़ी या अन्य अवरोधक वस्तुएं रखने से रेल हादसे की आशंका बढ़ जाती है।

2027 में प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सपा सरकार बनेगी: जमालुद्दीन

अवधनामा संवाददाता



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के बाईपास हाईवे किनारे नवनिर्मित जेके रॉयल पैलेस गेस्ट हाउस का भव्य समारोह के बीच उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी एवं पूर्व चेयरमैन धीरेंद्र आर्य के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर गेस्ट हाउस का शुभारंभ किया।

गुरुवार को उद्घाटन समारोह के दौरान पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी एवं पूर्व चेयरमैन धीरेंद्र आर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार में व्यापारिक गतिविधियों और व्यापारियों की समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते व्यापारी समेत समाज का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त हो चुकी है और आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में बदलाव के विकल्प के रूप में समाजवादी पार्टी की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता पूर्ण बहुमत के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी।

कार्यक्रम के दौरान आयोजक एडवोकेट शाहमीर खान ने सभी अतिथियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मुस्ताक अहमद भुट्टो, भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, जाबिर खान बाबूजी, शाहनवाज खान एडवोकेट, मास्टर अलम शेर खान, वसीम हसन उर्फ लल्ला दुबे, बड़े ठाकुर, पूर्व प्रधान आसिफ जमा खान, आमिर खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

दीपावली से देव प्रबोधनी एकादशी तक मथुरा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

अवधनामा संवाददाता

- पर्वों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर डीएम-एसएसपी ने की बैठक

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज (यम द्वितीया), गोपाष्टमी, अक्षय नवमी, देव प्रबोधनी एकादशी आदि पर्वों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पर्वों के दौरान जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की संभावित भीड़, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधाओं तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद मथुरा भगवान श्रीकृष्ण जी की जन्मभूमि एवं प्रमुख धार्मिक तीर्थस्थल होने के कारण दीपावली से लेकर देव प्रबोधनी एकादशी तक आयोजित होने वाले विभिन्न पर्वों पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आगमन होता है। विशेष रूप से गोवर्धन पूजा एवं अक्षय नवमी के अवसर पर गोवर्धन की सप्तकोसीय परिक्रमा तथा भाईदूज (यम द्वितीया) पर यमुना जी के विश्राम घाट पर स्नान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित विभाग अभी से अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों, परिक्रमा मार्गों, घाटों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। नियमित रूप से कूड़ा उठान, नालियों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई एवं पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। प्रमुख मार्गों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन वाले क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। कहीं भी जलभराव अथवा गंदगी की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्वों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं अन्य उपकरणों का पूर्व में निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत करा ली जाए। खुले एवं लटकते विद्युत तारों को तत्काल ठीक कराया जाए तथा प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विद्युत सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

अवैध और मिलावटी मदिरा का सेवन जानलेवा, इससे बचें: डीएम

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी ने अपील की है कि सस्ती अवैध मदिरा के चक्कर में अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा या मिलावटी मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने / बिकने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो कि एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आंखों की रोशनी भी जा सकती है तथा व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। मदिरा के उपभोक्ता मदिरा अधिकृत आबकारी दुकानों से ही क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी मदिरा बोतल/टेट्रा पैक निर्धारित एम0आर0पी0/विक्रय मूल्य पर ही खरीद कर सेवन करें। पाउच वाली मदिरा किसी भी दशा में न खरीदें क्योंकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा कहीं भी अवैध अड्डों से अवैध मदिरा की बिक्री की जाती है अथवा वैध दुकानों से निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री की जाती है, तो इसकी सूचना जनहित में निम्नलिखित नम्बरों पर दें। आबकारी टोल फ्री नम्बर-14405 व व्हाट्सएप नम्बर-9454466019 जिला आबकारी अधिकारी, मथुरा मोबाइल नं0-9454465663, आबकारी निरीक्षकगण मोबाइल नं0-क्षेत्र-1, सदर, मो0नं0-9454466362, क्षेत्र-2, छाता, मो0नं0-9454466363, क्षेत्र-3, मांट, मो0नं0-9454466364, क्षेत्र-4, महावन, मो0नं0-9454466859, क्षेत्र-5, गोवर्धन, मो0नं0-9454466365। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह जी ने जनपद-मथुरा के समस्त होटल/रिसोर्ट्स/ क्लब/बैंक्विट हॉल एवं मैरिज होम तथा अन्य प्रकार के आयोजन स्थलों के स्वामियों / प्रबन्धकों को निर्देशित किया है कि आयोजित होने वाले समारोहों में मदिरा परोसी जानी हो, तो समारोह से पूर्व आबकारी विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर एवं निर्धारित अनुज्ञापन शुल्क जमा करके जिला आबकारी अधिकारी, मथुरा कार्यालय से नियमानुसार अकेजनल बार अनुज्ञापन (एफ0एल0-11) प्राप्त कर सकते हैं। बिना अकेजनल बार अनुज्ञापन प्राप्त किये किसी भी समारोह में मदिरापान कराये जाने पर नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने गोरखनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



- गोरक्षपीठाधीश्वर सीएम योगी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया, अंगवस्त्र, प्रसाद और गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा भेंट की

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गोरखपुर आए नितिन नबीन ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया। पूरे विश्व में प्रसिद्ध नाथपंथ की इस पीठ पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भावपूर्ण स्वागत किया।

गोरखनाथ मंदिर आगमन पर नितिन नबीन शिवावतार गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धावनत होकर दर्शन-पूजन किया। उनके साथ गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। दर्शन-पूजन के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया।

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर और नाथपंथ से जुड़ी जानकारियां राष्ट्रीय अध्यक्ष को दीं। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंगवस्त्र, प्रसाद और गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा भेंटकर अभिनंदन किया। गोरखनाथ मंदिर में प्रसाद और जलपान ग्रहण करने के बाद नितिन नबीन पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पकंज चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री ग्रामीण विकास कमलेश पासवान, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद रविकिशन शुक्ल, विजय दूबे, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह, विधायक विपिन सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 100 मीटर तक डिवाइडर तोड़ता हुआ पलटा ट्रेलर



अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार दोपहरएक भीषण सड़क हादसा हो गया। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर दुर्गा गांव के पास किलोमीटर संख्या 156 के नजदीक एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए एक्सप्रेसवे से नीचे उतर गया। ट्रेलर करीब 100 मीटर तक डिवाइडर को क्षतिग्रस्त करता हुआ नीचे जा गिरा। हादसे में चालक केबिन के अंदर बुरी तरह फंस गया।

सूचना मिलते ही दोस्तपुर थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की यूपीडा टीम को भी बुलाया गया। ट्रेलर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण चालक को बाहर निकालना काफी मुश्किल हो रहा था। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद केबिन को काटकर चालक को बाहर निकाला जा सका। चालक की पहचान जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी दान बहादुर विश्वकर्मा के रूप में हुई है। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दोस्तपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रेलर किस वजह से अनियंत्रित हुआ और डिवाइडर तोड़ते हुए एक्सप्रेसवे से नीचे उतरा।

दूधिया रोशनी में जगमगाया काशी का अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम

- अक्टूबर में उद्घाटन और नवंबर में रणजी मुकाबले की उम्मीद

अवधनामा ब्यूरो



वाराणसी। गंजारी में बन रहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अपनी भव्यता और अनूठी बनावट को लेकर चर्चा में है। रात के समय दूधिया रोशनी में जगमगाते स्टेडियम का मनमोहक नजारा सामने आया है। भगवान शिव की थीम पर तैयार हो रहे इस स्टेडियम की खूबसूरती लोगों को आकर्षित कर रही है। इसकी त्रिशूल के आकार की फ्लड लाइटें और डमरू से प्रेरित डिजाइन इसे देश के अन्य क्रिकेट स्टेडियमों से अलग पहचान देते हैं। करीब 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहे इस स्टेडियम का निर्माण अंतिम चरण में है। सितंबर में सामने आई जानकारी के अनुसार, अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इसके उद्घाटन की तैयारी की गई थी। उद्घाटन के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की निरीक्षण टीम मैदान, पिच, दर्शक दीर्घा, खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेगी। सभी मानक पूरे होने पर नवंबर में यहां पहला रणजी ट्रॉफी मुकाबला आयोजित होने की संभावना जताई गई है। इसके बाद बड़े क्रिकेट आयोजनों की मेजबानी का रास्ता भी खुल सकता है। स्टेडियम शुरू होने से वाराणसी और पूर्वांचल को खेल के क्षेत्र में नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

गंजारी में बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की भव्यता अब रात में भी आकर्षण का केंद्र बन रही है। दूधिया रोशनी में जगमगाते स्टेडियम का खूबसूरत नजारा सामने आया है। भगवान शिव की थीम पर तैयार इस स्टेडियम में त्रिशूल के आकार की फ्लड लाइटें और डमरू से प्रेरित डिजाइन काशी की धार्मिक पहचान को दर्शाते हैं।

करीब 450 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस स्टेडियम का निर्माण अंतिम चरण में है। सितंबर में सामने आई जानकारी के अनुसार, अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इसके उद्घाटन की तैयारी की गई थी। उद्घाटन के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की निरीक्षण टीम मैदान, पिच और खिलाड़ियों व दर्शकों की सुविधाओं का निरीक्षण करेगी। सब कुछ मानकों के अनुरूप रहा तो नवंबर में यहां पहला रणजी ट्रॉफी मुकाबला आयोजित होने की संभावना है। स्टेडियम के शुरू होने से पूर्वांचल को अंतरराष्ट्रीय स्तर का नया खेल केंद्र मिलने की उम्मीद है।

खेत में मिला लापता राजगीर का शव, हत्या या आत्महत्या की आशंका



अवधनामा संवाददाता

कूरेभार/सुल्तानपुर। ग्राम सभा सैदखानपुर के पटना गांव निवासी फागू राम यादव का शव गुरुवार सुबह पटना ग्राउंड के पास एक खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। वह राजगीर का काम करते थे और बुधवार शाम करीब चार बजे से लापता थे। परिजनों के अनुसार, लापता होने के बाद उनका मोबाइल फोन भी बंद हो गया था। देर रात तक परिजन उनकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने पटना ग्राउंड के पास खेत में एक युवक का शव औंधे मुंह पड़ा देखा। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची कूरेभार पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की। शव की पहचान फागू राम यादव के रूप में हुई। घटनास्थल से कुछ दूरी पर उनकी साइकिल भी पड़ी मिली। वहीं पास में पानी की बोतल, चप्पल, मोबाइल फोन और देसी शराब के पाउच का एक फटा पैकेट भी मिला। एक और किसी चीज का पैकेट मिला है जो स्पष्ट नहीं हो पा रहा फिलहाल पुलिस ने इन वस्तुओं को घटनास्थल से साक्ष्य के रूप में सुरक्षित कर लिया है। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

हालांकि यह हत्या है या आत्महत्या अथवा मौत की कोई अन्य वजह है, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी कूरेभार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

दीपावली पर मुख्यमंत्री योगी ने स्वामीनारायण मंदिर के महंत को भेजा उपहार



अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। दीपावली पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से प्रदेश के साधु-संतों को उपहार भेजकर शुभकामनाएं देने की पहल के तहत मछेदरी स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर के महंत स्वामी प्रेमस्वरूप दास को भी दीपावली का उपहार भेंट किया गया। मुख्यमंत्री की ओर से प्रशासन के माध्यम से मिले उपहार को पाकर स्वामी प्रेमस्वरूप दास प्रसन्न हुए। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही स्वामीनारायण संप्रदाय की ओर से उनके सफल राजनीतिक कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीपावली के अवसर पर संतों तक शुभकामना संदेश और उपहार पहुंचाने की इस पहल को लेकर मंदिर परिसर में प्रसन्नता व्यक्त की गई।

कम डीजल एवरेज पर भड़के महोबा एआरएम, कर्मचारियों से अभद्रता का वीडियो वायरल

- लखनऊ रूट की बसों की समीक्षा में खोया आपा, पांच चालकों को लंबे रूट से हटाने के दिए कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता



महोबा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ;रोडवेजद्ध के महोबा डिपो में तैनात सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ;एआरएमद्ध कमल किशोर आर्य ने रोडवेज की बसों का डीजल एवरेज कम आने पर मातहत कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में अधिकारी कर्मचारियों से अभद्रता करते सुनाई दे रहे हैं।

डिपो के एआरएम के निरीक्षण दौरान लंबी दूरी के लखनऊ रूट पर चलने वाली बसों के डीजल खपत की समीक्षा की। समीक्षा दौरान बसों का एवरेज कम मिलने पर वे आपा खो बैठे। उन्होंने ड्यूटी चार्ट बनाने वाले कर्मचारी को स्पष्ट हिदायत दी कि कम एवरेज देने वाले चालकों को लखनऊ रूट की बसें न सौंपी जाएं।

वीडियो में एआरएम चालक आमिर अली, जगतवीर साहू, फरीद अहमद, शिववरन और महबूब खां को लंबी दूरी के रूट से हटाकर उनकी जगह बेहतर डीजल एवरेज देने वाले चालकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश देते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान किसी कर्मचारी ने उनकी अभद्र भाषा का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया।

न्याय में विलंब न हो : सभापति जितेन्द्र सिंह सेंगर



अवधनामा संवाददाता

- विधान परिषद सभागार में आवास विकास व विकास प्राधिकरणों की जांच समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

महोबा। विधान परिषद सभागार लखनऊ में आवास विकास परिषद, विकास प्राधिकरण, नगर निगमों एवं जिला पंचायतों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित जांच समिति की बैठक सभापति जितेन्द्र सिंह सेंगर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से संबंधित लंबित प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। सभापति ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को न्याय मिलने में कतई विलंब न हो। इस महत्वपूर्ण बैठक में माननीय विधान परिषद सदस्य सीपी चंद, अंगद सिंह, संतोष सिंह तथा डॉ. रतन पाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही प्रशासनिक स्तर पर नगर विकास एवं आवास विकास के प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद, पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव रविंद्र, आवास विशेष सचिव मनोज सिंह, विशेष सचिव राजेश राय, राकेश कुमार सिंह, पंचायती राज विशेष सचिव राजेश त्यागी, विशेष सचिव जयप्रकाश पांडे, औद्योगिक विकास सचिव विजय किरण आनंद, धर्मेंद्र सिंह तथा हरिप्रताप सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

मंडी में किसानों को मिले उपज का सही दाम, राज्यमंत्री ने दिए कड़े निर्देश

- कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य कुलजीत सिंह ने की समीक्षा बैठक, गौशालाओं में छायादार वृक्ष लगाने के भी दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



महोबा । उत्तर प्रदेश शासन के कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य एवं प्रभारी दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कुलजीत सिंह की अध्यक्षता में बिरमा भवन के सभागार में कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्यमंत्री ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अलावा किसानों से जुड़ी समस्याओं की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में कृषि, पशुपालन, मत्स्य, विद्युत, सिंचाई, सहकारिता, उद्यान एवं वन विभाग के अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। राज्यमंत्री ने सब्जी मंडी में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और प्रतिदिन सब्जियों के रेट बोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएं के अलावा बाजार में क्रय की जाने वाली सब्जियों की दर से अधिकतम 25 प्रतिशत मूल्य पर ही सब्जियों की बिक्री सुनिश्चित कराए जाने के मंडी सचिव को निर्देश दिए। पशुपालन विभाग ने अवगत कराया गया कि जिले की गोशालाओं में गोवंश संरक्षित हैं और उनके भरण-पोषण के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

राज्यमंत्री ने गोवंश के समुचित संरक्षण व देखभाल के निर्देश देते हुए उद्यान व वन विभाग को प्रत्येक गोशाला में छायादार वृक्ष लगाने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने लघु सिंचाई विभाग को वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराए गए बोरिंग कार्यों और भूमि संरक्षण विभाग द्वारा खेत तालाबों के निर्माण की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को लाभान्वित किए जाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए किसानों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाए के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित, विभागों उपनिदेशक कृषि सहित कृषि विभाग सिंचाई विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

किसानों को वितरित की मिनी किट : राज्यमंत्री ने कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य ने कबरई सीड स्टोर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बावत जानकारी हासिल की। उन्होंने किसानों को फसल की सिंचाई की समुचित व्यवस्था कराए जाने तथा लघु सिंचाई विभाग के राजकीय नलकूपों को संचालन व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान किसानों को मिनी किट का वितरण किया साथ ही दो किसानों को सोलर टैप भी दिए। उन्होंने खेत तालाब योजना के अंतर्गत निर्माण किए गए तालाबों का भी निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कृषि रक्षा विभाग ने किसानों को कीट नियंत्रण के आधुनिक एवं प्रभावी उपायों के प्रति प्रोत्साहित किया गया।

निर्धारित मूल्य पर मिल रही किसानों को उर्वरक : कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य ने बुंदेलखंड परियोजना के अंतर्गत सूपा मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने कहा कि मंडी को शीघ्र क्रियाशील कराया जाएगा, जिससे किसानों को अपनी उपज के विपणन के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। इसके अतिरिक्त राज्यमंत्री ने जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए बताया कि उर्वरक की कोई कमी नहीं है और निजी एवं सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

कालिका गली में सजेगा मां कालरात्रि का दरबार



वाराणसी। कालिका गली स्थित आदि शक्ति मां कालरात्रि देवी का काली पूजा जन्मोत्सव 8 नवंबर को धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। दीपावली के अवसर पर सुबह चार बजे से मां का भव्य चतुर्भुज शृंगार किया जाएगा। मंदिर में अपराह्न चार बजे से भक्तों को मां के दिव्य स्वरूप का दर्शन प्राप्त होगा। वहीं रात्रि 12 बजे मां की विराट आरती आयोजित की जाएगी। मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार इस दिन मां के दर्शन-पूजन से भक्तों की सभी प्रकार की बाधाओं का निवारण होता है। महोत्सव के क्रम में 10 नवंबर को मां का अन्नकूट आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन श्रद्धालुओं के सहयोग से संपन्न होगा। मंदिर प्रबंधन के अनुसार प्रसाद की रसीद मंदिर से ही उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर परिवार ने श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

त्योहारों से पहले खाद्य स्टॉलों पर चला सफाई अभियान



वाराणसी। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए उत्तर रेलवे प्रशासन ने वाराणसी जंक्शन के सभी खाद्य स्टॉलों पर विशेष कीट एवं चूहा नियंत्रण अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ वातावरण में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खानपान उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत सभी खाद्य स्टॉलों को बंद कराकर खाद्य सामग्री बाहर निकलवाई जा रही है। इसके बाद अधिकृत टीम द्वारा कॉकरोच, मक्खी, मच्छर और चूहों से बचाव के लिए विशेष छिड़काव कराया जा रहा है। पूरी कार्रवाई कैटरिंग प्रभारी, आईआरसीटीसी कर्मचारियों और मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक की निगरानी में हो रही है। रेलवे प्रशासन ने स्टॉल संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के नियमों का पालन करने तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले सावन माह से पूर्व भी ऐसा अभियान चलाया गया था। रेलवे ने यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए अभियान जारी रखने की बात कही है।

मोबाइल वेटरनरी यूनिट की सेवा से पशुपालक हो रहे लाभान्वित

अखण्डनगर/सुलतानपुर। सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं 1962 सेवा पशुपालकों के लिए काफी लाभ प्रद साबित हो रही है। 1962 टीम के द्वारा गांव-गांव में जाकर लगाये जा रहे हैं कैंप के माध्यम से निशुल्क दवाइयो का वितरण किया जा रहा है और बीमार पशुओं को इलाज किया जा रहा है। साथ में उनके रखरखाव और खान-पान तथा पशुओं को बीमारियों से कैसे बचाया जाए के बारे में बताया जा रहा है। 1962 पर कॉल करके पशुपालक 1962 की टीम को अपने घर पर बुलाकर बीमार पशुओं का इलाज करवा सकते हैं। अभी हाल में ही सुल्तानपुर जिले के अखंड नगर ब्लॉक के गोलहनपारा गांव के निवासी बृजेश जी की गाय को थनैला रोग हो गया, उन्होंने 1962 पर कॉल करके अपने गाय की परेशानी को बताया। 1962 की टीम के डाक्टर मित्रसेन यादव, डा0 अनिल यादव, पायलट राजेश उनके घर पर समय से पहुंच कर उनकी गाय का इलाज किया ।

वृद्धजनों की चिकित्सा में विशेष संवेदनशीलता की आवश्यकता : प्रो. शेट्टी

- राष्ट्रीय संगोष्ठी 'दीर्घायु 2026' के दूसरे दिन डिमेंशिया प्रबंधन, तंत्रिका विकारों की आयुर्वेदिक चिकित्सा, वृद्धजनों में शल्य चिकित्सा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने किया गहन मंथन

अवधनामा संवाददाता



गोरखपुर । महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के भारतीय ज्ञान परंपरा आईकेएस पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'दीर्घायु 2026' के दूसरे दिन के विभिन्न सत्रों में डिमेंशिया प्रबंधन, तंत्रिका विकारों की आयुर्वेदिक चिकित्सा, वृद्धजनों में शल्य चिकित्सा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने गहन मंथन किया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन के प्रथम तकनीकी सत्र में श्री बीएम कांकेनवाड़ी आयुर्वेद महाविद्यालय, बेलगावी के प्राचार्य एवं चिकित्सा निदेशक प्रो. डॉ.सुहास कुमार शेट्टी ने डिमेंशिया के प्रबंधन में समयबद्ध पहचान और पारिवारिक सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की चिकित्सा में विशेष संवेदनशीलता, धैर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल की आवश्यकता होती है। सत्र की अध्यक्षता डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने की। डॉ. संदीप कुमार उपाध्याय ने सह-अध्यक्ष तथा डॉ. रचना एएस ने सत्र संचालन का दायित्व निभाया।

गुरुवार को दूसरे तकनीकी सत्र में डॉ. बीआरकेआर राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय हैदराबाद के सेवानिवृत्त आचार्य डॉ. एम. श्रीनिवासुलु ने वात संतुलन एवं व्यक्ति की प्रकृति के अनुरूप आयुर्वेदिक चिकित्सा पर बल देते हुए कहा कि वृद्धावस्था में वात दोष की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। साथ ही तंत्रिका संबंधी विकारों के उपचार में वात संतुलन, रोगी की प्रकृति, शारीरिक क्षमता एवं रोगावस्था का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने पारंपरिक आयुर्वेदिक सिद्धांतों और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के समन्वय को प्रभावी एवं समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए आवश्यक बताया। सत्र की अध्यक्षता डॉ. चंद्र प्रताप सिंह ने की तथा डॉ. जितेंद्र कुमार मिश्रा ने सह-अध्यक्ष की भूमिका निभाई। डॉ. दीक्षा एवं डॉ. प्रीति ने सत्र का संचालन किया।

एक अन्य सत्र में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा एवं अनुसंधान से जोड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि आधुनिक शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के लिए भी महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान, दर्शन, संस्कृति एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों को आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि अपनी ज्ञान परंपरा के संरक्षण, संवर्धन एवं अकादमिक पुनर्स्थापना से ही भारतीय बौद्धिक विरासत को व्यापक पहचान मिल सकती है। सत्र की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम ने की तथा आचार्य साध्वी नंदन पांडेय ने सह-अध्यक्ष के रूप में सहभागिता की। बी.डी. भारती ने सत्र का संचालन किया तथा भावना कुमावत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

रिया सिंह ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण, साक्षी ने रिले दौड़ में हासिल किया कांस्य



अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। सरस्वती विद्या मंदिर विवेकानंद नगर की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। गाजियाबाद में विद्या भारती की ओर से आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा रिया सिंह ने भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की ओर से प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

वहीं विद्यालय की एक अन्य छात्रा साक्षी सिंह ने बाल वर्ग की 100म4 मीटर रिले दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। दोनों छात्राओं की इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। छात्राओं की उपलब्धि पर विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संगठन मंत्री हेमचंद, सह संगठन मंत्री डॉ. राममनोहर, काशी प्रांत के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी समेत अन्य पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता से लौटने पर रिया सिंह का विद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पवन सिंह, प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी और शिक्षकों ने घोष यंत्रों की धुन के बीच उनका अभिनंदन किया।

तिरुपति लड्डू घी मिलावट मामला: सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश से बाहर ट्रायल कराने की याचिका खारिज की

न्यायाधीश

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'अगर ऐसा कुछ होता है तो आप हमारे पास आ सकते हैं।'



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति लड्डू घी मिलावट मामले की सुनवाई आंध्र प्रदेश से बाहर शिफ्ट करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि इस मामले में राजनीतिक बयानबाजी से सुनवाई प्रभावित हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तिरुपति लड्डू में मिलावट घी के इस्तेमाल के मामले की सुनवाई आंध्र प्रदेश से बाहर कराने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस मामले के आरोपी महाराष्ट्र के डेयरी कारोबारी माचिंद्र शांताराम लंके की याचिका खारिज कर दी। लंके मालगंगा मिल्क एंड एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। लंके की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने दलील दी कि राजनीतिक नेता इस मामले पर लगातार बयान दे रहे हैं, जिससे निष्पक्ष सुनवाई के लिए माहौल अनुकूल नहीं रह गया है। दवे ने कहा, 'यह मामला राजनीतिक मुद्दा बन गया है। राज्य में माहौल खिलाफ है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री लगातार इस मामले पर बयान दे रहे हैं।' उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक रिपोर्ट में घी में पशु चर्बी होने की बात खारिज किए जाने के बावजूद राजनीतिक नेता इस तरह के बयान दे रहे हैं।

वकील ने कहा, 'निष्पक्ष सुनवाई के लिए इस मामले को किसी पड़ोसी राज्य में स्थानांतरित कर दिया जाए। ज्यादातर आरोपी उत्तर भारत से हैं। भाषा की भी समस्या है।' उन्होंने दलील दी कि भले ही सुनवाई करने वाला न्यायाधीश इन बयानों से प्रभावित न हो, लेकिन ऐसे माहौल में निष्पक्ष अभियोजन की उम्मीद नहीं की जा सकती।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'अगर ऐसा कुछ होता है तो आप हमारे पास आ सकते हैं।' दवे ने आगे कहा, 'कृपया देखिए कि किस तरह के बयान दिए जा रहे हैं। इससे मेरे मुकदमे पर असर पड़ रहा है। कोई भी इससे अछूता नहीं है। ऐसे राजनीतिक रूप से खिलाफ माहौल में मुकदमे की सुनवाई होगी। इसका नुकसान सिर्फ मुझे होगा। राजनीतिक नेताओं की लड़ाई में मुझे इस्तेमाल किया जा रहा है। मैं यह भी नहीं कह रहा कि मामले को यहीं स्थानांतरित किया जाए। इसे किसी भी पड़ोसी राज्य में भेजा जा सकता है। आखिरकार, इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। ज्यादातर आरोपी उत्तर भारत से हैं और भाषा की बड़ी समस्या है।' हालांकि, पीठ ने मामले को दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने की मांग पर सहमति नहीं जताई। अदालत ने कहा कि इस मामले में कई गवाह आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं और मुकदमे को दूसरे राज्य में भेजने से सुनवाई प्रभावित हो सकती है। पीठ ने यह भी कहा कि मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित विशेष जांच टीम ने की है। इसके बाद अदालत ने आदेश दिया, 'हम मुकदमे को स्थानांतरित करने के पक्ष में नहीं हैं। याचिका खारिज की जाती है।' चार अक्तूबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति के लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय स्वतंत्र एसआईटी गठित की थी। अदालत ने कहा था कि करोड़ों लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

विपक्ष की रैली से दूरी पड़ी भारी: यूथ कांग्रेस ने 200 से ज्यादा पदाधिकारियों को किया सस्पेंड



नई दिल्ली। राहुल गांधी की 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली से गैरहाजिर रहना यूथ कांग्रेस के करीब 200 पदाधिकारियों को भारी पड़ गया। संगठन ने सात राज्यों में प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव और जिलाध्यक्ष स्तर तक के नेताओं को निलंबित कर दिया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दिल्ली रैली में शामिल नहीं होना युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारियों को भारी पड़ गया है। संगठन ने 1 नवंबर को रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली से गैरहाजिर रहने वाले करीब 200 पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया है। कार्रवाई की जद में प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव और जिलाध्यक्ष स्तर तक के नेता आए हैं। पार्टी ने इस कदम के जरिए संगठन के भीतर जवाबदेही और अनुशासन का संदेश देने की कोशिश की है।

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को विपक्षी गठबंधन ढ्ढह्लष्ठढ्ढ की ओर से 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम में राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई नेताओं ने हिस्सा लिया था।

रैली के लिए युवा कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद नहीं रहे। इसके बाद संगठन ने उनकी उपस्थिति की समीक्षा की और करीब 200 पदाधिकारियों को निलंबित करने का फैसला लिया।

युवा कांग्रेस ने रैली में पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल व्यवस्था भी की थी। इसके तहत दिल्ली के मिंटो रोड पर बारकोड स्कैनर लगाए गए थे। रैली में पहुंचने वाले पदाधिकारियों और उनके साथ आए लोगों को संगठन के आधिकारिक एप 'With IYC' पर रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए थे। इसके जरिए उनकी डिजिटल उपस्थिति दर्ज की जानी थी।रैली में शामिल होने वाले कुछ पदाधिकारियों ने डिजिटल हाजिरी दर्ज नहीं होने के पीछे इंटरनेट की धीमी गति को वजह बताया था। उनका कहना था कि कनॉट प्लेस से रामलीला मैदान तक पहुंचने के दौरान इंटरनेट की समस्या के कारण वे एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा सके। इस वजह से कुछ ऐसे लोगों की भी हाजिरी दर्ज नहीं हो पाई, जो रैली में शामिल हुए थे।

इस मुद्दे को लेकर कार्यक्रम के बाद समीक्षा बैठक भी बुलाई गई। इसमें उपस्थिति से जुड़े आंकड़ों की जांच की गई।

संसद में 5-6 मिनट भी नहीं बैठ पाते, बहस क्या करेंगे संबित पात्रा का राहुल गांधी पर तंज



नई दिल्ली। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे संसद में 5-6 मिनट नहीं बैठ पाते और वे पीएम मोदी को बहस की चुनौती दे रहे हैं।

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खुली बहस की चुनौती पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को संसद में बहस करनी चाहिए, न कि सड़कों पर। उन्होंने सवाल किया कि नेताओं के बीच बहस सड़कों पर होनी चाहिए या लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर यानी संसद में? पात्रा ने कहा, 'राहुल गांधी कल प्रधानमंत्री के साथ बहस करना चाहते थे। एक तरफ प्रधानमंत्री बैठे होंगे और दूसरी तरफ वह खुद बैठेंगे। राहुल गांधी के पास किसी भी मुद्दे पर कोई आंकड़ा नहीं होता। उन्हें देश में चल रही ज्यादातर मुद्दों की जानकारी भी नहीं है। लेकिन जहां तक अव्यवस्था फैलाने की बात है, उसमें वह सबसे आगे हैं। नेताओं के बीच बहस सड़कों पर होनी चाहिए या लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद में? उन्होंने आगे कहा, 'लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी में संसद में लगातार पांच-छह मिनट से ज्यादा बैठने का धैर्य नहीं है। जो व्यक्ति संसद में लगातार पांच-छह मिनट नहीं बैठ सकता, वह वहां बहस भी नहीं करना चाहेगा। वह संसद में बहस करने के बजाय सड़क पर झगड़ा करना पसंद करेगा।' एक अन्य बयान में संबित पात्रा ने विपक्षी गठबंधन इंडी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हाल ही में गठबंधन के सभी नेता रामलीला मैदान में जुटे थे। उन्होंने दावा किया था कि वहां 10 लाख लोग आएंगे, लेकिन वास्तव में 20 हजार से ज्यादा लोग नहीं पहुंचे। पात्रा ने कहा, 'यह पूरे इंडी गठबंधन की कुल ताकत है। मेरी राहुल गांधी को सलाह है कि अगर आप बहस करना चाहते हैं तो अपने तथाकथित गठबंधन सहयोगी से बहस कीजिए। आप कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल आपके दोस्त हैं और इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। लेकिन कल आप ही कह रहे थे कि अगर सबसे भ्रष्ट सरकार कोई है तो वह पंजाब में अरविंद केजरीवाल की सरकार है।' उन्होंने आगे कहा, 'दिल्ली में आप दोनों भाई-भाई की तरह रहते हैं, लेकिन पंजाब में आप उनकी सरकार को सबसे भ्रष्ट बताते हैं। आखिर सच क्या है? आप दोनों साथ हैं या अलग-अलग? इस मुद्दे पर बहस होनी चाहिए।'

भाजपा ने आप पर लगाया पेपर लीक माफिया को संरक्षण देने का आरोप

संरक्षण

भाजपा ने आरोप लगाया है कि पीसीएस के नतीजों में धांधली हुई है और आप सरकार पर पेपर लीक माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।



नई दिल्ली। पंजाब पीसीएस रिजल्ट को लेकर भाजपा ने पंजाब की आप सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि पीसीएस के नतीजों में धांधली हुई है और आप सरकार पर पेपर लीक माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन (पीपीएससी) मेन्स परीक्षा में कथित रूप से धांधली और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ड्रग्स कारोबार के बाद आम आदमी पार्टी अब अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के इशारे पर पंजाब में 'पेपर लीक माफिया' चला रही है।

प्रदीप भंडारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 'यह मुद्दा पंजाब के भविष्य और यहां के युवाओं से जुड़ा हुआ है। पंजाब में भ्रष्टाचारी और चिट्टेवाली पार्टी (आम आदमी पार्टी) अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के इशारे पर पंजाब में 'पेपर लीक माफिया' चला रही है। पंजाब में एक पेपर लीक माफिया सक्रिय है। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार इसे समर्थन दे रही है और बचा रही है। कल रात पंजाब पीएससी मेन्स के नतीजे घोषित किए गए। नतीजों की घोषणा के तुरंत बाद ही इसमें गड़बड़ी, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं।'

उन्होंने कहा कि पीपीएससी मेन्स परीक्षा पिछली बार 2020 में हुई थी और पिछले दो वर्षों से इसका परिणाम घोषित नहीं किया गया। अभी सामने यह आया है कि इन नतीजों में ऐसे उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया, जिन्होंने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन तक नहीं कराया था। प्रदीप भंडारी ने कहा, 'यह आरोप हमारे नहीं है, बल्कि पंजाब के युवा और छात्र उठा रहे हैं।'

भाजपा प्रवक्ता ने यह भी कहा कि पंजाब पीसीएस मेन्स परीक्षा के परिणाम में 24.2 प्रतिशत सिलेक्शन सिर्फ एक सेंटर से हुआ है और उसके पास के सेंटर से सिर्फ दो प्रतिशत अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसमें सवाल यह उठता है कि जिस सेंटर से लगभग 25 प्रतिशत सिलेक्शन हुआ है और जो बिल्कुल भी संभव नहीं है, क्या आम आदमी पार्टी के नेता इसमें शामिल हैं।

प्रदीप भंडारी ने एक और आरोप लगाया कि अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए भी बुलाया जाता है, लेकिन इस प्रक्रिया का भी पालन नहीं हुआ। उन्होंने कहा, 'पटियाला जिले के जिस सेंटर से करीब 25 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए, वह आम आदमी पार्टी के विधायक और कांग्रेस सांसद के क्षेत्र में आता है, तो क्या कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की इसमें मिलीभगत है।'

किसानों को सीएम शुभेंदु का दिवाली तोहफा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। राज्य के 46 लाख किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ मिलेगा। आलू किसानों को 50 रुपये प्रति क्विंटल सब्सिडी और चार लाख किसानों को बिजली सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को किसानों के लिए कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा की। उन्होंने अलीपुरद्वार, झारग्राम और पुरुलिया जिलों के किसानों के लिए एक विशेष पैकेज देने का वादा किया, जो किसानों की भलाई के प्रति उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हुगली जिले के पुरसुराह में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के 46 लाख किसानों को 'पीएम किसान सम्मान निधि' का लाभ मिलेगा।

वेतन बढ़ाने की मांग पर कपड़ा मजदूरों का उग्र प्रदर्शन



ढाका। बांग्लादेश में न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कपड़ा मजदूरों का प्रदर्शन हिंसक हो गया है। मजदूर 12,500 टका से बढ़ाकर 30 हजार टका मासिक वेतन करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस से झड़प के बाद कई लोग घायल हुए और सैकड़ों फैक्ट्रियों में कामकाज ठप हो गया।

बांग्लादेश में न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कपड़ा उद्योग के मजदूरों का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। बुधवार को राजधानी ढाका और आसपास के औद्योगिक इलाकों में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। हालात संभालने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। कई दिनों से जारी आंदोलन के कारण देश की सैकड़ों गारमेंट फैक्ट्रियों में कामकाज ठप हो गया है।

मजदूरों की मांग है कि उनका न्यूनतम मासिक वेतन मौजूदा 12,500 टका से बढ़ाकर 30,000 टका किया जाए। उनका कहना है कि महंगाई और रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों ने उनकी आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ा दिया है। लगातार विरोध के चलते बांग्लादेश के प्रमुख कपड़ा औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

बांग्लादेश के गारमेंट उद्योग में करीब 40 लाख लोग काम करते हैं। इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं, जो ग्रामीण इलाकों से आकर फैक्ट्रियों में रोजगार करती हैं। मजदूरों का कहना है कि मौजूदा 12,500 टका का न्यूनतम मासिक वेतन बढ़ती महंगाई के बीच पर्याप्त नहीं है। इसलिए वे इसे बढ़ाकर 30,000 टका करने की मांग कर रहे हैं। उनके मुताबिक, खाने-पीने की चीजों, आवास और अन्य जरूरी सामानों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में मौजूदा वेतन से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।

कई दिनों से राजधानी ढाका में प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का आंदोलन बुधवार को आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों तक फैल गया। नारायणगंज जिले के फतुल्लाह इलाके में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, इस दौरान कई दर्जन लोग घायल हुए। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रोथोम आलो के अनुसार, पुलिस ने फतुल्लाह में कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया। वहीं, गाजीपुर जिले में मजदूरों ने एक प्रमुख राजमार्ग को जाम कर दिया। इससे यातायात पर भी असर पड़ा।

मजदूर आंदोलन का असर बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग पर साफ दिखाई दे रहा है। ढाका के पास सावर क्षेत्र के अशुलिया में करीब 100 फैक्ट्रियां बंद रहीं।

कॉमनवेल्थ देशों से एस. जयशंकर की अपील, भरोसेमंद सप्लाई चेन और कनेक्टिविटी कॉरिडोर बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कॉमनवेल्थ देशों के साझेदारों से आग्रह किया कि वे छोटे और भरोसेमंद रास्तों के जरिए सप्लाई चेन को जोखिम से बचाएं और उसमें विविधता लाएं। उन्होंने कहा कि ज्यादा कनेक्टिविटी कॉरिडोर कारोबार के लिए फायदेमंद हैं। विदेश मंत्री ने ये बातें कॉमनवेल्थ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट मीटिंग (सीएचओजीएम) 2026 के दौरान कॉमनवेल्थ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट और बिजनेस लीडर्स ब्रेकफास्ट मीटिंग में कहीं।

एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कॉमनवेल्थ साझेदारों को भी जोखिम कम करने और विविधता लाने की जरूरत है। इसके लिए छोटी और भरोसेमंद सप्लाई चेन की जरूरत है। ज्यादा कनेक्टिविटी कॉरिडोर कारोबार के लिए अच्छे हैं।

बम की धमकी से हवा में हड़कंप: डबलिन-रोम फ्लाइट का रास्ता बदला



पेरिस। यूरोप में विमानों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। गुरुवार को डबलिन से रोम जा रही एयरलाइंस की एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद फ्रांस की ओर मोड़ना पड़ा। एयरबस ए320 विमान को फ्रांस के नॉरमैंडी क्षेत्र में स्थित एबू सैन्य एयरबेस पर उतारा गया। घटना के बाद फ्रांस की सरकार और प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू का कार्यालय स्थिति पर नजर रख रहा है। पिछले कुछ दिनों में यूरोप की कई उड़ानों को इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। इससे हवाई यातायात और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। डबलिन से इटली की राजधानी रोम जा रहा एयरबस ए320 विमान गुरुवार को अपनी सामान्य यात्रा पर था। इसी दौरान विमान को बम की धमकी मिली। इसके बाद विमान का रास्ता बदलकर उसे फ्रांस के एबू सैन्य एयरबेस की ओर भेजा गया। यह एयरबेस नॉरमैंडी क्षेत्र में स्थित है। फ्रांस की प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि मामले की निगरानी की जा रही है। हालांकि, शुरुआती जानकारी में धमकी के स्रोत या उसकी प्रकृति के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। यह भी तत्काल स्पष्ट नहीं किया गया कि विमान में कितने यात्री सवार थे।

उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के अनुसार, एर लिंगस का विमान पेरिस के पास पहुंचने के बाद मुड़ गया। इसके बाद वह एबू इलाके के ऊपर चक्कर लगाता रहा। विमान ने उड़ान के दौरान आपातकाल की घोषणा भी की थी। बम की धमकी मिलने के बाद विमान को सुरक्षित स्थान पर उतारने के लिए यह कदम उठाया गया। फ्रांस के अधिकारियों ने विमान को सैन्य एयरबेस पर भेजा, जहां सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर नजर रख रही थीं। हालांकि, विमान की तलाशी, बम मिलने या यात्रियों को किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई जानकारी सामने नहीं आई।

यह घटना ऐसे समय हुई है, जब मंगलवार को यूरोप की कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिली थीं। अधिकारियों के मुताबिक, उस दिन कम से कम सात उड़ानों और एक क्रूज जहाज को निशाना बनाया गया। कुछ रिपोर्टों में करीब 10 उड़ानों को धमकी मिलने की जानकारी दी गई थी। इन धमकियों के कारण पोलैंड के वारसॉ हवाई अड्डे को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। रोम में भी लड़ाकू विमानों को उड़ान भरनी पड़ी। जिन एयरलाइंस की उड़ानों को धमकी मिली, उनमें पोलिश एयरलाइन लॉट, स्कैंडिनेवियन एयरलाइंस, विज एयर और रायनएयर शामिल थीं। हालांकि, जांच के दौरान किसी भी विमान में विस्फोटक उपकरण नहीं मिला।

मंगलवार की घटनाओं से एक दिन पहले भी इसी तरह की घटना हुई थी। बुल्गारिया जा रहे एक विमान को हवा में बम की धमकी मिलने के बाद हंगरी की ओर मोड़ दिया गया था। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से यूरोप के हवाई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक, इन धमकियों के बाद किसी विमान में विस्फोटक उपकरण नहीं मिला और किसी के घायल होने की खबर भी नहीं आई। इसके बावजूद हर धमकी को गंभीरता से लेते हुए विमानों का रास्ता बदलना और सुरक्षा जांच करना जरूरी हो गया है।

अमेरिका: प्रतिनिधि सभा के स्पीकर पद पर हकीम जेफ्रीज ने ठोकी दावेदारी

वॉशिंगटन। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत के बाद डेमोक्रेट नेता हकीम जेफ्रीज ने प्रतिनिधि सभा के स्पीकर पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। अगर जेफ्रीज जीत जाते हैं तो वे ऐसा करने वाले पहले अश्वेत नेता होंगे। अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के स्पीकर पद पर हकीम जेफ्रीज ने अपनी दावेदारी पेश की है। मंगलवार को (स्थानीय समय अनुसार) अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी की जीत के बाद हकीम जेफ्रीज ने स्पीकर पद पर चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा की। अगर हकीम जेफ्रीज चुनाव जीत जाते हैं तो वे इतिहास रच देंगे और इस पद पर पहुंचने वाले पहले अश्वेत नेता होंगे।

हकीम जेफ्रीज ने चुनाव नतीजों के बाद पार्टी के साथियों को लिखे पत्र में स्पीकर पद के लिए समर्थन मांगा।

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव नतीजों के बाद ट्रंप पर बढ़ा दबाव



अमेरिका। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद राष्ट्रपति ट्रंप की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को भी टैरिफ में इसे लेकर फायदा मिल सकता है।

अमेरिका के मध्यावधि चुनावों के बाद कांग्रेस पर रिपब्लिकन पार्टी का एकीकृत नियंत्रण समाप्त होने से भारत के लिए अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर तत्काल दबाव कम हो गया है। गुरुवार को जारी एक नई रिपोर्ट के अनुसार, यह भारत के लिए सकारात्मक घटनाक्रम माना जा रहा है क्योंकि इससे अचानक टैरिफ वृद्धि और व्यापारिक अनिश्चितताओं का जोखिम कुछ हद तक घट सकता है।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि 18 प्रतिशत की प्रस्तावित अमेरिकी टैरिफ दर कभी लागू नहीं हुई और फिलहाल भारतीय उत्पादों पर अपेक्षाकृत कम 10 प्रतिशत का सेक्शन 301 शुल्क लागू है। साथ ही अमेरिका अब इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत मिलने वाले कुछ प्रभावी दबावकारी विकल्पों का उपयोग नहीं कर पाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, मध्यावधि चुनावों के नतीजे टैरिफ ढांचे में बहुत बड़ा बदलाव नहीं ला सकते हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित कर सकते हैं। अब उनके पास व्यापारिक तनाव बढ़ाने के सीमित साधन होंगे, जबकि उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को नियंत्रित रखने और 2028 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले कुछ व्यापारिक समझौते करने का दबाव बढ़ सकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि भविष्य में यदि कोई नया व्यापारिक कदम उठाया जाता है, तो उसे 'सेक्शन 301' या 'सेक्शन 232' जैसी अपेक्षाकृत धीमी और जांच-आधारित प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। इससे अचानक लगाए जाने वाले टैरिफ या व्यापारिक प्रतिबंधों का जोखिम कम हो सकता है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि व्यापार अभी भी उन क्षेत्रों में से एक है जहां राष्ट्रपति के पास पर्याप्त अधिकार बने हुए हैं। इसलिए व्यापारिक नीतियों से जुड़ी सुर्खियों और अस्थिरता की संभावना पूरी तरह समाप्त नहीं होगी, भले ही उसका रुख पहले की तुलना में नरम पड़ जाए। रिपोर्ट ने भारत के लिए कुछ संभावित जोखिमों की भी पहचान की है। इनमें फार्मास्युटिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों पर संभावित सेक्शन 232 टैरिफ शामिल हैं। इसके अलावा रूस या ईरान से जुड़े कूटनीतिक प्रयासों में किसी प्रकार की विफलता भारत के कच्चे तेल आयात पर फिर से दबाव बढ़ा सकती है। विश्लेषकों के अनुसार, कमजोर अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितता में कमी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। इससे रुपए की स्थिरता को समर्थन मिलेगा, निर्यातकों की संभावनाएं बेहतर होंगी और भारतीय परिसंपत्तियों पर जोखिम प्रीमियम धीरे-धीरे कम हो सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रेंट क्रूड अक्टूबर 2026 के उच्चतम स्तर से लगभग 19 प्रतिशत गिरकर 94 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया है।

मस्क के समर्थन के बावजूद पैक्सटन को मिली हार



वाशिंगटन। टेक्सास में केन पैक्सटन को हराने के बाद डेमोक्रेटिक नेता जेम्स टालारिको ने एलन मस्क पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मस्क ने पैक्सटन के चुनाव अभियान में करोड़ों डॉलर लगाए, ताकि उन्हें अपना राजनीतिक सहयोगी बना सकें। टालारिको ने कहा कि टेक्सास की असली ताकत जनता के पास है।

टालारिको ने कहा, 'टेक्सास की जनता ने दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर को बिल्कुल साफ संदेश दे दिया है। टेक्सास बिकाऊ नहीं है। इस राज्य और इस देश की असली ताकत जनता के पास है, और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ताकत जनता के पास ही रहे।' नवनिर्वाचित सीनेटर ने कहा कि पैक्सटन को हराना, चुनावी फंडिंग के नियमों में सुधार करने और सरकार को साफ-सुथरा बनाने की दिशा में एक मजबूत जनादेश है। इसका मकसद बड़े दानदाताओं (मेगा-डोनर्स) के उस अनुचित राजनीतिक प्रभाव को रोकना है, जिसका वे अक्सर गलत इस्तेमाल करते हैं।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय खुलासों से पता चलता है कि इस बड़े उद्यमी ने चुनावी प्रक्रिया में भारी रकम लगाई थी। सितंबर में, उन्होंने रिपब्लिकन सीनेट उम्मीदवारों का समर्थन करने वाली मुख्य 'सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमिटी' (सुपर ब्भ्ब्) को 158 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि दी। बाद में, उस संगठन 'सीनेट लीडरशिप फंड पीएसी ' ने यह पैसा 'टेक्सास पीएसी ' को भेज दिया, जो पैक्सटन के चुनाव अभियान का समर्थन करने वाला एक बाहरी राजनीतिक संगठन था। इसके अलावा, सीबीएस न्यूज ने बताया कि मस्क के निजी ट्रस्ट ने 'लोन स्टार लिबर्टी पीएसी' को 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए। यह एक स्वतंत्र खर्च समूह है, जिसे पैक्सटन की सीनेटर बनने की महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। जब उनसे पूछा गया कि उनके चुनाव अभियान को रोकने के लिए इतना भारी निवेश क्यों किया गया, तो तालारिको ने कहा कि यह टेक दिग्गज एक ऐसा विधायी सहयोगी चाहता था जो उसके इशारों पर काम करे।

डेमोक्रेट नेता ने दावा किया, 'वह अपना खुद का निजी सीनेटर चाहता था। वह एक ऐसा सीनेटर चाहता था जो उसकी बात माने, जो टेक्सास की जमीन उसके डेटा सेंटरों को बेच दे, जो टेक्सास का पानी उसे दे दे, और जो हमारे करदाताओं का पैसा उसे सौंप दे।'

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि उसे पता है कि राज्य सरकार में अरबपतियों के खिलाफ खड़े होने का मेरा पुराना रिकॉर्ड रहा है।

उत्तर प्रदेश में चल रहे हैं 5 लाख करोड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य: गडकरी

अवधनामा संवाददाता

■ राज्य जल्द बनेगा ऊर्जा निर्यातक : नितिन गडकरी

जौनपुर। जनपद के सार्वजनिक इंटर कॉलेज, मुंगराबादशाहपुर परिसर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के भूमिपूजन, कार्य शुभारंभ एवं लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव, राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह, सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी, विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, विधायक मड़ियाहूं डॉ. आर.के. पटेल, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू, पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति और डॉ. अजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री का माला, स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे और सड़क कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देते हुए नितिन गडकरी ने मुंगरा-बादशाहपुर में आयोजित कार्यक्रम में 3,650 करोड़ से अधिक की कुल लागत वाली 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भूमिपूजन, कार्य शुभारंभ और लोकार्पण किया।

3 परियोजनाओं का लोकार्पण - लागत 3,210 करोड़-रायबरेली-प्रयागराज 4-लेन मार्ग (63 किमी) - 1,505 करोड़ जगतपुर-बाबूगंज-ऊंचाहार-आलापुर 4-लेन बाईपास व पुल (24 किमी) - 1,078 करोड़ मछलीशहर-जंघई-भदोही मार्ग (49 किमी) - 627 करोड़ 5 नई परियोजनाओं का शुभारंभ - लागत लगभग 400 करोड़- मुंगरा-बादशाहपुर बाईपास (4 किमी) - 198 करोड़- जौनपुर शहर के कुतुपुर तिराहे से सराय ख्वाजा तक 4-लेन चौड़ीकरण (12 किमी) - 128 करोड़- मड़ियाहूं रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज (1.5 किमी) - 92 करोड़- लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इंस्टीट्यूट तक 4-लेन मार्ग (5 किमी) - 33 करोड़- रामदयाल गंज में सई नदी पर 2-लेन पुल - 16 करोड़



■ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में 3650 करोड़ से अधिक की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

समारोह में नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों के 5 लाख करोड़ के कार्य चल रहे हैं। इसमें से 1 लाख करोड़ के काम पूरे हो चुके हैं, 3 लाख करोड़ की परियोजनाएं प्रक्रिया में हैं और बाकी के कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए पानी, बिजली, टेलीकम्युनिकेशन और सड़क की संरचना को मजबूत करना जरूरी है। जहां ये चारों तत्व मौजूद होते हैं, वहां विकास के साथ रोजगार के नए अवसर बनते हैं। कृषि पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता हैं, अब उन्हें ऊर्जादाता और इंधनदाता भी बनना है। देश में चावल और गन्ने से बड़े पैमाने पर इथेनॉल तैयार हो रहा है। इससे किसानों की गरीबी दूर हो रही है और युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है, इलेक्ट्रिक व सोलर ऊर्जा का उपयोग बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश जल्द ही ऊर्जा आयात करने के बजाय ऊर्जा निर्यात करने वाला राज्य बनेगा। राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि जौनपुर चारों ओर से रेलवे क्रॉसिंग से घिरा है, जिससे जाम की समस्या रहती है। केंद्रीय मंत्री द्वारा जनपद को रिंग रोड की सौगात दी गई है, जिसकी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इससे जाम से राहत मिलेगी। सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि इस बाईपास के निर्माण से वर्षो से चली आ रही जाम की समस्या से निजात मिलेगी। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जनपद को 3650 करोड़ से अधिक की 8 परियोजनाओं की सौगात देने पर केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर, पूर्व सांसद बी.पी. सरोज, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सुषमा पटेल, बाकेलाल सोनकर, ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर कपिल मुनी वैश्य, अजय शंकर दूबे, जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन., पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

कुलभास्कर में नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। 'नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम आज कुल भास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में संपन्न हुआ। आज के मुख्य वक्ता डॉक्टर मनीष कुमार, असिस्टेंट असिस्टेंट, प्रोफेसर शस्य विज्ञान विभाग, कुलभास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्रयागराज रहे।

डॉ सिंह ने अपने व्याख्यान में बताया कि नशा करने से केवल नशा करने वालों का ही नहीं बल्कि समाज, उसके परिवार व उसके आसपास रहने वालों एवं राष्ट्र का भी नुकसान होता है। प्रारंभ में नशा संगत से होती है और धीरे-धीरे इसकी लत पड़ जाती है। इस लत को छुड़वाना व छोड़ना बहुत कठिन हो जाता है। कुछ लोग अपनी समस्याओं गम, दुःख, दर्द को कम करने के लिए भी नशा करने लगते हैं। नशा करने से व्यक्ति का स्वयं आर्थिक, शारीरिक , मानसिक और सामाजिक नुकसान होता है।

इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। स्वयं सेविकाओं ने नशा मुक्ति पर लोकगीत की प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण कर्मचारी, अनिल कुमार यादव, निशांत श्रीवास्तव, संजय एवं 105 स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ मनोज कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर एस पी यादव, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रयागराज ने किया।

विद्यार्थियों के आइडिया से तैयार होंगे स्टार्टअप

अवधनामा संवाददाता

■ कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने डीन और विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने प्रयागराज में आयोजित पूर्वांचल स्टार्टअप संवाद से लौटने के बाद विश्वविद्यालय में स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने की पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में उन्होंने कुलपति सभागार में विभिन्न संकायों के अध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। कुलपति ने कहा कि प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की सोच है कि विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी अपने नवाचार और नए विचारों के साथ स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे आएं। इसी सोच को साकार करने के लिए विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय में स्टार्टअप संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग के शिक्षक अपने विद्यार्थियों को नए विचारों और उद्यमिता के लिए प्रेरित करें। विद्यार्थियों के बीच से ऐसे स्टार्टअप तैयार किए जाएं, जो छोटे प्रयासों से शुरू होकर भविष्य में बड़े उद्यम का रूप ले सकें। वर्तमान समय में नवाचार और नई सोच को प्रोत्साहित करना बेहद आवश्यक है। इसकी शुरुआत शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के पास अनेक रचनात्मक विचार और संभावनाएं होती हैं। आवश्यकता है कि उन विचारों को पहचानकर उन्हें व्यावहारिक स्वरूप देने के लिए उचित मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए सभी संकाय अध्यक्ष अपने-अपने संकायों में विद्यार्थियों के स्टार्टअप आइडिया सामने लाएं और उन्हें विकसित करने की दिशा में सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों के विचारों को आकार देने में मार्गदर्शक की भूमिका निभाएं। विश्वविद्यालय का प्रयास होना चाहिए कि विद्यार्थियों के विचार केवल कल्पना तक सीमित न रहें, बल्कि आगे चलकर उपयोगी उत्पादों, सेवाओं और सफल उद्यमों का रूप लें। इससे विद्यार्थियों में रचनात्मकता, समस्या समाधान की क्षमता और आत्मनिर्भर उद्यमी बनने की भावना विकसित होगी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी विनोद कुमार, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अविनाश, प्रो. मनोज मिश्रा, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. राजकुमार, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. ए.के. श्रीवास्तव समेत विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं एआर सरला यादव रहीं।

दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा से सजा दीपावली मेला


अवधनामा संवाददाता



आजमगढ़। उत्तर प्रदेश शासन एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, आजमगढ़ के तत्वावधान में जनपद के प्रतिष्ठित हरिऔध कला केंद्र में एक दिवसीय 'दिव्य दीपावली मेला' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मेले का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय विधान परिषद सदस्य, उत्तर प्रदेश विजय बहादुर पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा, सृजनशीलता एवं स्वावलंबन के प्रयासों की सराहना की।मेले में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के साथ-साथ विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं एवं विशेष विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। मेले के माध्यम से दिव्यांगजनों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ ही उनके आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक एवं उपस्थित अधिकारियों ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के कलात्मक दीपक, सुगंधित मोमबत्तियां, मनमोहक पेंटिंग्स, तोरण एवं विभिन्न सजावटी हस्तशिल्प उत्पादों की सराहना की।

मेले में कुल 20 स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इनमें बचपन डे केयर सेंटर, आजमगढ़, समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, अतरौलिया, आजमगढ़, हाफ वे होम, फकरुद्दीनपुर, सठियांव, आजमगढ़ तथा कैलाशी महिला विकास समिति, अतरौलिया, आजमगढ़ सहित अन्य संस्थाएं शामिल रहीं।

धार्मिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अपनी संस्कृति का योद्धा : महापौर



प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता) श्री प्राचीन श्री दधिकांदो मेला कमेटी कृष्णानगर त्रिवेणी मार्ग कीडगंज के द्वारा आयोजित सातवां सम्मान समारोह परिणय गेस्ट हाउस बैरहना में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने दधिकांदो मेला संपन्न कराने वाले सभी रोशनी कमेटी चौंकी कमेटी और मेला कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का अंगवस्त्रम पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महापौर ने कहा कि हमारे तीज त्यौहार और मेला हमें एकजुट करता है और हमारी सामूहिक एकता को दर्शाता है जो हमें अपने पूर्वजो से प्राप्त हुआ है जिसे हमें बचाना है, बनाए रखना है। उन्होंने कहा धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करने वाले स्वयं में अपनी संस्कृति के योद्धा हैं जो आने वाले पीढ़ी को पूर्वजों से प्राप्त हुई विरासत को बढ़ाने के काम करता है। कार्यक्रम संयोजक मनीष केसरवानी रहें और संचालन राजेश केसरवानी ने किया। इस अवसर पार्षद मुकेश कसेरा पार्षद रूद्रसेन जायसवाल, अजय जायसवाल, अमरेश जायसवाल, वेद प्रकाश, रमन सिंह शिव नारायण, गोपी केसरवानी, परमानन्द साहू टीएन दीक्षित, राबिन साहू, रूपेश बबलू कुशवाहा आदि रहे।

टीनशेड हटाकर दुकान में घुसे चोर, ष्टष्टञ्जङ्क का केबल काट उड़ाए 1.62 लाख रुपये

जौनपुर (अवधनामा संवाददाता) नवीन मंडी स्थित मां शीतला चौकियां क्षेत्र में चोरों ने एक किराना दुकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शातिर चोर दुकान का टीनशेड हटाकर अंदर दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देने से पहले सीसीटीवी कैमरे का केबल काट दिया। इसके बाद काउंटर तोड़कर उसमें रखे 1 लाख 62 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर दुकानदार के होश उड़ गए। जानकारी के अनुसार रामदासपुर नेवादा निवासी रतन सोनकर पुत्र स्व. फूलचन्द सोनकर की नवीन मंडी क्षेत्र में किराना की दुकान है। पीड़ित की ओर से शीतला चौकियां चौकी पुलिस को दी गई लिखित तहरीर के मुताबिक बीते 4 नवंबर की रात चोर दुकान के ऊपर लगा टीनशेड हटाकर अंदर घुस गए। इसके बाद पहचान छिपाने और वारदात का सुराग मिटाने के इरादे से सीसीटीवी कैमरे का केबल काट दिया। चोरों ने दुकान का काउंटर तोड़कर उसमें रखी 1,62,000 रुपये की नकदी पार कर दी और आराम से फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी और लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने और चोरी गई रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस को तहरीर मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त है।

दीपोत्सव पर आजमगढ़ में दो एलईडी प्रचार वाहन रवाना

आजमगढ (अवधनामा संवाददाता) दीपोत्सव-2026 के अवसर पर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जनमानस को योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हरिऔध कला केन्द्र के प्रांगण से विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक एवं जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद के लिए प्रेषित 02 एलईडी प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने कहा कि सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गो के कल्याण एवं उत्थान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए उनका व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। एलईडी वैन के माध्यम से जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से उपलब्ध हो सकेगी।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ALI MOHAMMAD S/O SAYED MEHDI AKHTAR ग्राम बेला परसा टांडा जिला अम्बेडकर नगर उ प्र का निवासी हूं मैने अपना नाम संशोधित कर SAYED ALI MOHAMMAD S/O SAYED MEHDI AKHTAR ग्राम बेला परसा टांड अम्बेडकर नगर रख लिया है

अतः मुझे अब SAYED ALI MOHAMMAD S/O SAYED MEHDI AKHTAR ग्राम बेला परसा टांड जिला अम्बेडकर नगर से जाना और पहचाना जाये

SAYED ALI MOHAMMAD
S/O SAYED MEHDI AKHTAR
ग्राम बेला परसा टांड
अम्बेडकर नगर

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की शपथी मरियम मुशीर पुत्री मो0 मुशीर खान निवासी मोहल्ला पूरे बसावन कस्बा रुदौली परगना व तहसील रुदौली जनपद अयोध्या की स्थाई निवासी है शपथी का पासपोर्ट जारी था जिसपर शपथी का नाम मरयम (MARYAM) दर्ज है जबकि शपथी के आधार कार्ड व शपथी के शैक्षिक अभिलेखों में शपथी का नाम मरियम मुशीर (MARIYAM MUSHEER) अंकित है जो सत्य व सही है शपथी अब अपना पासपोर्ट मरियम मुशीर (MARIYAM MUSHEER) नाम से बनवाना चाहती है। भविष्य में शपथी को मरियम मुशीर (MARIYAM MUSHEER) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

शपथी
मरियम मुशीर
पता उपरोक्त

सूचना

मैं सोनाली (SONALI) पत्नी राम जी कश्यप पुत्री राकेश निवासी मोहल्ला ऊपरी मलकाना चौपार टोला कस्बा थाना व तहसील संडीला जिला हरदोई मेरे आधार कार्ड संख्या 214326339989 पर मेरा नाम सलोनी लिखा है जो कि गलत है और मेरा सही नाम जन्म प्रमाण पत्र पर सोनाली (SONALI) लिखा है मुझे अब सोनाली के नाम से जाना व पहचाना व पुकारा जाये। सोनाली पुत्री राकेश पत्नी राम जी कश्यप
निवासी मोहल्ला ऊपरी मलकाना चौपार टोला संडीला, जिला-हरदोई

राहुल गांधी की हाईकोर्ट से एफआईआर वाली याचिका खारिज

■ अमेरिका में बोले थे-क्या सिख को भारत में पगड़ी-कड़ा पहनने का अधिकार है

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। अमेरिका दौरे के दौरान सिख समुदाय को लेकर दिए गए कथित बयान के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकल पीठ ने नागेश्वर मिश्रा और अन्य की याचिका पर यह फैसला सुनाया। ज्ञात हो कि 10 सितंबर, 2024 को अमेरिका में राहुल ने कहा था कि भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? क्या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे? ये चिंता सिर्फ सिखों की नहीं, बल्कि सभी धर्मो के लिए है।

वाराणसी निवासी नागेश्वर मिश्रा ने राहुल के बयान के खिलाफ सारनाथ थाने में स्नढ्ढक्र दर्ज कराने के लिए शिकायत दी थी, लेकिन स्नढ्ढक्र दर्ज नहीं हुई। इस पर उन्होंने अदालत में केस दाखिल किया। मजिस्ट्रेट (द्वितीय) ने 28 नवंबर 2024 को यह कहते हुए केस खारिज कर दिया कि मामला अमेरिका में दिए गए भाषण से जुड़ा है। यह उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। इसके बाद नागेश्वर मिश्रा ने एमपी/एमएलए कोर्ट में निगरानी याचिका दाखिल की। जिसे 21 जुलाई 2025 को अदालत ने स्वीकार कर लिया। इसके खिलाफ राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। जो खारिज हो गई। परिणाम स्वरूप पुनः एसीजेएम चतुर्थ वाराणसी के यहां सुनवाई हुई। एसीजेएम नीरज त्रिपाठी ने पुनः यह कहते हुए खारिज कर दिया कि घटना का समय और तिथि-नहीं दी गई है। इसके बाद नागेश्वर मिश्र ने पुनः एडीजे पंचम के यहां निगरानी दाखिल की।

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की शपथी मरियम मुशीर पुत्री मो0 मुशीर खान निवासी मोहल्ला पूरे बसावन कस्बा रुदौली परगना व तहसील रुदौली जनपद अयोध्या की स्थाई निवासी है शपथी का पासपोर्ट जारी था जिसपर शपथी का नाम मरयम (MARYAM) दर्ज है जबकि शपथी के आधार कार्ड व शपथी के शैक्षिक अभिलेखों में शपथी का नाम मरियम मुशीर (MARIYAM MUSHEER) अंकित है जो सत्य व सही है शपथी अब अपना पासपोर्ट मरियम मुशीर (MARIYAM MUSHEER) नाम से बनवाना चाहती है। भविष्य में शपथी को मरियम मुशीर (MARIYAM MUSHEER) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

शपथी
मरियम मुशीर
पता उपरोक्त

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम आफताब फातिमा रिज़वी(**AFTAB FATIMA RIZVI**) था जिसे बदलकर मैंने आफताब फातिमा(**AFTAB FATIMA**) कर लिया है। भविष्य में मुझे आफताब फातिमा (**AFTAB FATIMA**) नाम से जाना पहचाना जाए।

आफताब फातिमा
पत्नी— अहमद हसन
पता— सराय हिजरा, पोस्ट भानमऊ,
जिला बाराबंकी

इस्माइल, मानस, प्रिंस, अंशु व राजवीर बने जीत में नायक



प्रयागराज। एसए इंडोर क्रिकेट क्लब ने निर्वाणानंद अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में प्रयाग क्रिकेट क्लब को 152 रन से, डीएसए बी क्रिकेट क्लब ने सोनमती क्रिकेट क्लब को एक विकेट से, किशोरी लाल क्रिकेट क्लब ने गंगा डिग्री कॉलेज को दो रन से, फाफामऊ क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से और देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। भवम मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाज करते हुए एस ए इंडोर क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में पांच विकेट पर 281 रन (मो. इस्माइल 104, अमृतानश यादव 49 नाबाद, हनी सिंह 38, प्रिंस सरोज 23 रन, अली हैदर 1/30) पर बनाए। जवाब में प्रयाग क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 28.4 ओवर में 129 रन (अभिनन्दन सोनकर 43, नरहरी दीक्षित 21 रन, अंश सरोज 4/47, आयुष त्रिपाठी 3/26, हनी सिंह 2/00) पर सिमट गई।

डीएसए मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करते हुए सोनमती क्रिकेट क्लब की पूरी टीम तीस ओवर में महज 92 रन (सनी यादव 21 रन, मानस भारती 6/13, मोहित पटेल 2/16, जन्मेजय त्रिपाठी व सुभाशु एक - एक विकेट) पर बिखर गई। जवाब में डीएसए बी क्रिकेट क्लब ने डीएसए बी क्रिकेट क्लब की टीम ने 39.1 ओवर में 94 रन (यश आनंद 24, तानिश केशरवानी 13 रन, प्रिंस 4/12, आकाश वैभव 2/24) पर बना लिए। भानु प्रताप मैदान पर किशोरी लाल क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाज करते हुए 40 ओवर में 168 रन (शिवांक 55, आयुष 18 नाबाद, अंश यादव 18 रन, प्रत्युश 1/11, अंशु पटेल 1/16, प्रांजल यादव 1/22) पर बनाए। जवाब में गंगा डिग्री कॉलेज की टीम 33.2 ओवर में 166 रन (अभिताब 52, अंशु पटेल 34 रन, शिवराज 4/15, शुभ 2/43) ही बना सकी। फाफामऊ मैदान पर फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाज करते हुए 37.5 ओवर में 157 रन (समर 47, बॉबी पटेल 30 रन, जइल कुमार 4/21, लकी 2/25, आदर्श यादव 2/39, मो. नुज़ैफ़ 1/16) पर बनाए। जवाब में फाफामऊ क्रिकेट क्लब की टीम ने 39.4 ओवर में सात विकेट पर 158 रन (राजवीर मौर्या 56, शिष्ट सिंह 54 रन, श्रेय कुमार सिंह 3/26, लोक सारंग 2/19) पर बना लिए।

दौलत हुसैन मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दौलत हुसैन इंटर कॉलेज की पूरी टीम 22.4 ओवर में महज 43 रन (माविया 10 रन, प्रशांत पाण्डेय 3/07, शिवा सिंह 2/04, आयुष सिंह 2/11, सार्थक शुक्ला व सजल मिश्रा एक - एक विकेट) पर बिखर गई। जवाब में देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने 7.3 ओवर में दो विकेट खोकर 44 रन (युवराज 32, अब्दुल बासित 1/02, आशान अहमद 1/22) पर बना लिए।

मैनपुरी में मतदेय स्थलों के संभाजन के बाद 26 बूथ घटे

■ मैनपुरी में अब 1782 मतदेय स्थल और 1277 मतदान केंद्र

अवधनामा संवाददाता



मैनपुरी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्यामलता आनंद ने विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को जनपद के मतदेय स्थलों के संभाजन के उपरांत नए मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध कराते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के संभाजन के उपरांत जनपद में विधानसभावार मतदेय स्थलों की संख्या निर्धारित की गई है, जिसकी सूची आपको उपलब्ध कराई गई है, आप सब गहनता से सूची का अध्ययन कर विधानसभावार मतदेय स्थलों, मतदान केन्द्रों की संख्या से संज्ञानित हो लें।

उन्होने बताया कि 107-विधानसभा मैनपुरी में संभाजन से पूर्व 434 मतदेय स्थल थे, जो संभाजन के उपरांत घटकर 419 रह गए हैं, 108-विधानसभा भोगांव में 448 के स्थान पर 443, 109-विधानसभा किशनी में पूर्व की भांति संभाजन के उपरांत भी 423 मतदेय स्थल रहेंगे जबकि 110-विधानसभा क्षेत्र करहल में संभाजन से पूर्व 503 मतदेय स्थल थे, जो संभाजन के उपरांत घटकर 497 रह गए हैं, इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र मैनपुरी में 257 मतदान केन्द्रों के सापेक्ष 256, भोगांव विधानसभा में 331 के सापेक्ष 332, विधान सभा क्षेत्र किशनी में 331 के सापेक्ष 330 जबकि विधानसभा करहल में 354 के सापेक्ष मतदान केन्द्रों की संख्या बढ़कर 359 हो गयी है। उन्होंने बताया कि संभाजन के उपरांत अब जनपद में 1782 मतदेय स्थल एवं 1277 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं, संभाजन के उपरांत जनपद में 26 मतदेय स्थल कम हुये हैं जबकि 04 मतदान केन्द्रों की बढ़ोत्तरी हुयी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष कॉग्रेस गोपाल कुलश्रेष्ठ, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, भारतीय जनता पार्टी से पंकज भदौरिया, समाजवादी पार्टी से राम नरायन बाथम, देवेन्द्र सिंह, राजीव कुमार, बहुजन समाज पार्टी से दुर्गेश चन्द्रा, अपना दल से सुरजन सिंह पाल, कॉग्रेस से नवीन शर्मा के अलावा डिप्टी कलेक्टर अरविन्द कुमार सिंह, अनुराग प्रताप सिंह, निर्वाचन कार्यालय से अवनीश सक्सैना, अजय अम्बेश, मनीष यादव आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

पत्रांक :- 5027 /98काम-गो0वृ0/26-27 दिनांक : 30.10.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद/ खण्ड/ विधान साभ का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
		(विधान सभा-तरबगंज)					
1	गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2	उत्तरी भवानी बेनुवा मार्ग से भारत गैस एंजेसी होते हुए बरौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	32.50	3.25	2600.00	2 माह	ए,बी,सी
2	गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2	लिलोई कला सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	39.75	3.98	2600.00	2 माह	ए,बी,सी
3	गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2	अइली परसौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	42.30	4.12	2600.00	2 माह	ए,बी,सी
4	गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2	पी0डी0बंधा से अहिरनपुरवा गोसाई पुरवा गढी पासीपुरवा तिवारीपुरवा होते हुए जबरनगर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	94.50	6.75	2600.00	2 माह	ए,बी,सी

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट-http://etender.up.nic.in पर दिनांक 07.11.2026 से 21.11.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 21.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 21.11.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 21.11.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(विनोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., गोण्डा

UPID-260363 Dated-04-11-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

इस दिवाली, टाइटन उन रिश्तों का जश्न मना रहा है जो परिवार बन जाते हैं



नई दिल्ली। जीवन से जुड़ी दो दिल छू लेने वाली कहानियों के ज़रिए, टाइटन त्योहारों पर उपहार देने की परंपरा को एक नया भाव देता है। यहाँ एक घड़ी उन रिश्तों की यादगार निशानी बन जाती है, जिन्हें हम जीवन के सफर में संजोते हैं।

भारत की जानी-मानी घड़ी निर्माता कंपनी, टाइटन वॉचेस ने अपने नए कैंपेन चोज़न फैमिली के साथ त्योहारों की शुरुआत की है। टाइटन की 55 फीसदी घड़ियाँ उपहार देने के लिए खरीदी जाती हैं, ऐसे में उपहार देने की कला हमेशा से टाइटन की है; आज हम अपने हर दोस्त, सहकर्मी और हर उस व्यक्ति को खास मौके पर उपहार देना चाहते हैं, जो जीवन के सफ़र में हमारे साथ जुड़ जाते हैं। अपने नए कैंपेन 'चोज़न फैमिली' कैंपेन के ज़रिए, टाइटन का 'उत्सव' कलेक्शन परिवार के बदलते स्वरूप और उन रिश्तों को उजागर है जो पारंपरिक बंधनों से कहीं आगे हैं।

इस कैंपेन के बारे में बात करते हुए, टाइटन कंपनी लिमिटेड में एनालॉग वॉचेस डिवीज़न की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, सुश्री रंजनी कृष्णस्वामी ने कहा, 'परिवार सिर्फ वह नहीं है जिसमें हम पैदा होते हैं, बल्कि वह भी है जिसे हम जीवन के सफर में खुद चुनते हैं और बनाते हैं। जीवन के कई अनुभवों से गुज़रते हुए, दोस्त परिवार बन जाते हैं, सहकर्मी साथी बन जाते हैं और ये रिश्ते जीवन भर के लिए गहरे हो जाते हैं। इस कैंपेन के ज़रिए, टाइटन इन खूबसूरत रिश्तों कहानी का एक अहम हिस्सा रही है। यह रिश्तों का जश्न मनाने और खास मौकों को यादगार बनाने का एक ज़रिया है। टाइटन का 'उत्सव' कलेक्शन, साथ रहने की खुशी और सोच-समझकर दिए गए उपहारों के ज़रिए इसी भावना को जीवंत करता है। आज के दौर में परिवार का दायरा बड़ा हो गया है, और अब इसमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें हम अपने साथ खुशियाँ मनाने के लिए चुनते हैं। उपहार देना अब केवल पारंपरिक पारिवारिक रिश्तों तक ही सीमित नहीं का जश्न मनाता है।

इस धनतेरस इंस्टामार्ट पर पाएं 0.1 ग्राम से शुरू होने वाले सोने के सिक्के

लखनऊ। धनतेरस से पहले, भारत के अग्रणी क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने अपने विक्रेताओं के माध्यम से कल्याण ज्वेलर्स के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत ग्राहकों के लिए ज्वेलर के सोने के सिक्कों का कलेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इस कलेक्शन में 0.1 ग्राम के सोने के सिक्के भी शामिल हैं, जिससे ग्राहकों के लिए सोना खरीदना अधिक सुलभ होगा और वे इस त्योहारी अवसर को एक सार्थक खरीदारी के साथ मना सकेंगे। इंस्टामार्ट पर कल्याण ज्वेलर्स के सोने के सिक्के खरीदने वाले ग्राहकों को अपनी खरीदारी पर कुछ अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। 1 से 6 नवंबर तक, प्रतिदिन पूरे भारत में इंस्टामार्ट पर कल्याण ज्वेलर्स का सोने का सिक्का खरीदने वाले पहले 1,000 ग्राहकों को 1 ग्राम का चांदी का सिक्का मुफ्त दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कल्याण ज्वेलर्स के सोने के प्रत्येक सिक्के की खरीद पर ग्राहकों को 5 ग्राम के चांदी के सिक्के के मूल्य के बराबर एक डिजिटल डिस्काउंट वाउचर मुफ्त मिलेगा। नियम एवं शर्तें लागू। यह ऑफर 31 दिसंबर 2026 तक वैध है और इसे पूरे भारत में कल्याण ज्वेलर्स के स्टोर्स पर रिडीम किया जा सकता है। इस साझेदारी का उद्देश्य धनतेरस से पहले ग्राहकों को कीमती धातुओं की खरीदारी का एक सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध कराना है। धनतेरस, दिवाली उत्सव का पहला दिन होता है, जब सोना और चांदी खरीदना शुभ माना जाता है और इसे समृद्धि एवं सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। त्योहारी सीजन से पहले इंस्टामार्ट पर 0.5 ग्राम से लेकर 10 ग्राम तक के सोने के सिक्कों और 1 ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के चांदी के सिक्कों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। यह साझेदारी ऐसे समय में हुई है, जब इंस्टामार्ट विशेष अवसरों और उपहार देने के लिए सोने और चांदी के सिक्के खरीदने का एक सुविधाजनक माध्यम बनकर उभरा है। पिछले 12 महीनों में प्लेटफॉर्म पर 0.5 ग्राम के सोने के सिक्कों से लेकर 1 किलोग्राम की चांदी की बार तक के उत्पाद उपलब्ध रहे हैं।

किंगफिशर स्ट्रॉन्ग पावर सोडा ने दोस्ती और खुशियों के संगीतमय जश्न के साथ इस दिवाली घर लौटने के सफर को बनाया खास



लखनऊ। इस दिवाली, किंगफिशर स्ट्रॉन्ग पावर सोडा भारत की सबसे प्यारी सालाना परंपराओं में से एक, घर लौटने के सफर का जश्न एक नई म्यूज़िकल ब्रांड फिल्म के ज़रिए मना रहा है। यह फिल्म दिवाली के दौरान उत्तर प्रदेश में घर लौटने की उस खास परंपरा से प्रेरित है, जब देशभर में काम करने वाले लोग अपने गृहनगर लौटते हैं, अपनों से मिलते हैं और ऐसी यादें संजोते हैं जो त्योहार को और भी खास बनाती हैं।विक्रम बहल, चीफ, यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड, ने कहा दिवाली अपनों के साथ जुड़ने और खुशियां बांटने का त्योहार है। इस फिल्म के जरिए हम दोबारा मिलने की खुशी और उन खुशनुमा पलों का जश्न मनाना चाहते थे, जो इस त्योहार को खास बनाते हैं। यह फिल्म स्थानीय परंपराओं और अनुभवों से प्रेरित प्रासंगिक कहानियों के जरिए उपभोक्ताओं के साथ गहरा जुड़ाव बनाने की किंगफिशर की सोच को भी दर्शाती है।फिल्म की कहानी एक सरल और दिल को छू लेने वाले पल से शुरू होती है। एक युवा कामकाजी पेशेवर को अपने दोस्तों का संदेश मिलता है आ रहे हो ना? सब आ रहे हैं।

यह संदेश उसे पल भर में घर की यादों से जोड़ देता है। वह अपना लैपटॉप बंद करता है घर के लिए निकल पड़ता है और उन जानी-पहचानी गलियों चेहरों और यादों के बीच लौट आता है जिन्हें उसने पूरे साल याद किया है। फिल्म का अंत छत पर दोस्तों के एक खुशनुमा मिलन के साथ होता है जहां सभी दोस्त साथ बैठकर हंसी-मजाक करते हैं पुरानी यादें ताजा करते हैं और उन खुशियों का जश्न मनाते हैं जो दिवाली को खास बनाती हैं।क्रिएटिव एजेंसी कलेक्टिव के सहयोग से तैयार इस फिल्म में एआई से निर्मित विजुअल्स और संगीतकार तनीष्क सेठ द्वारा तैयार की गई एक ओरिजिनल ठुमरी-प्रेरित धुन का खूबसूरत मेल देखने को मिलता है।

उत्तर प्रदेश की भोजपुरी लोक संगीत परंपराओं से प्रेरित यह फिल्म दोस्ती, घर वापसी और साथ बिताए खुशनुमा पलों का एक भावनात्मक उत्सव पेश करती है।यह कैंपेन प्रमुख बाजारों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर डिजिटल माध्यम से प्रसारित किया जाएगा।

यूपी भाजपा खेल प्रकोष्ठ के सह-संयोजक जसपाल सिंह सम्मानित



लखनऊ। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के खेल प्रकोष्ठ के सह-संयोजक बनाए जाने पर सरदार जसपाल सिंह का भव्य सम्मान किया गया। यह समारोह गोमतीनगर के विनय खंड स्थित मॉडर्न एकेडमी में स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया और एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि, लखनऊ बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने सरदार जसपाल सिंह को सम्मानित करते हुए बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके दीर्घकालिक अनुभव से प्रदेश में खेल गतिविधियों को नई गति मिलेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में यूपी तलवारबाजी संघ के सचिव यूजिन पाल उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने की।

सम्मान से अभिभूत सरदार जसपाल सिंह ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करना और खेल संस्कृति को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाना है।

एचपी ने पेश किए ओमनीबुक 5 और प्रोबुक 4 जी2आईएस, पढ़ाई और कारोबार को मिलेगी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नई ताकत

नई दिल्ली। एचपी इंडिया ने आज एचपी ओमनीबुक 5 और एचपी प्रोबुक 4 जी2आईएस लॉन्च करने की घोषणा की। एचपी ओमनीबुक 5 को छात्रों की शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों में सहयोग देने के लिए तैयार किया गया है। वहीं, एचपी प्रोबुक 4 जी2आईएस को भारत के तेजी से बढ़ते कारोबारों और चलते-फिरते काम करने वाले पेशेवरों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। बेहतर प्रदर्शन, आसान आवागमन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अनुभव पर ध्यान देते हुए इन नए उपकरणों को पढ़ाई और काम करने के अधिक लचीले तरीकों के अनुरूप तैयार किया गया है।

एचपी इंडिया के वरिष्ठ निदेशक - व्यक्तिगत कंप्यूटर प्रणाली, विनीत गेहानी ने कहा, 'भारत के छात्र और कारोबारी लगातार डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे हैं और ऐसे में तकनीक से उनकी अपेक्षाएं भी बदल रही हैं। छात्रों को ऐसी तकनीक की जरूरत है, जो उनकी पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी सहयोग कर सके। वहीं, उभरते कारोबारों को ऐसे भरोसेमंद और सुरक्षित कंप्यूटर की जरूरत है, जो उनके विकास के साथ उत्पादकता बनाए रखने में मदद करें।

एचपी ओमनीबुक 5 और एचपी प्रोबुक 4 जी2आईएस के माध्यम से हम उपभोक्ताओं के अलग-अलग वर्गों के लिए उपयोगी कंप्यूटिंग अनुभव लेकर आ रहे हैं। इन्हें इस तरह से डिजाइन किया गया है, जो उनकी पढ़ाई, रचनात्मकता और काम करने के तरीकों के अनुरूप हों। '

एचपी ओमनीबुक 5 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रदर्शन की सुविधा दी गई है। इसमें इंटेल कोर 7 प्रोसेसर और 16 टॉप्स तक की क्षमता वाला एकीकृत तंत्रिका प्रसंस्करण इकाई (एनपीयू) दिया गया है। इससे छात्र अपनी पढ़ाई और निजी परियोजनाओं से जुड़े काम अधिक प्रभावी ढंग से कर सकते हैं।

यात्रा के दौरान इस्तेमाल को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इस लैपटॉप में 42 घंटे तक की स्थानीय वीडियो चलाने की बैटरी क्षमता, 11.77 मिलीमीटर का बेहद पतला आकार, 1.16 किलोग्राम का हल्का डिजाइन और 180 डिग्री तक खुलने वाला लचीला कब्जा दिया गया है।

इसमें दो पूर्ण सुविधा वाले यूएसबी-सी पोर्ट और एचपी का कॉम्पैक्ट 65 वाट यूएसबी मिनी गैलियम नाइट्राइड चार्जर भी मिलता है।

मनोरंजन के बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप में शानदार जैविक प्रकाश उत्सर्जक डायोड (ओएलईडी) प्रदर्शन-पटल, 100 प्रतिशत डीसीआई-पी3 रंग कवरेज, एचपी की आंखों की सुरक्षा तकनीक और 90 प्रतिशत तक स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात दिया गया है।

इसके अलावा, पूर्ण उच्च परिभाषा अवरक्त कैमरा के साथ विंडोज हेलो चेहरे की पहचान, दो माइक्रोफोन, पॉली स्टूडियो ट्यून ध्वनि और डीटीएस एक्स अल्ट्रा की सुविधा भी उपलब्ध है।

ये सुविधाएं छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं, आभासी बैठकों और रोजमर्रा की बातचीत के दौरान बेहतर तरीके से जुड़े रहने तथा आत्मविश्वास के साथ भाग लेने में मदद करती हैं।

इंडस टॉवर्स ने 50,000 सोलर संचालित टेलीकॉम साइट्स के साथ रचा नया इतिहास

लखनऊ। इंडस टॉवर्स लिमिटेड, विश्व की एक सबसे बड़ी दूरसंचार टॉवर अवसंरचना कंपनी, ने भारत भर में 50,000 सोलर संचालित टेलीकॉम साइट्स को सफलतापूर्वक स्थापित कर एक नया इतिहास रच दिखाया है। इसके साथ ही, इंडस टॉवर्स व्यापक स्तर पर संधारणीय अवसंरचनाओं में वैश्विक मानक स्थापित करने वाली पहली पैसिव टेलीकॉम अवसंरचना कंपनी बन गई है। भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए, कंपनी 100,000 टेलीकॉम साइट्स को भी सोलर संचालित बनाने का लक्ष्य रखती है, जिससे संधारणीय टेलीकॉम अवसंरचना के क्षेत्र में कंपनी की स्थिति और मजबूत हो जाएगी। लगभग 300 MW की कुल स्थापित सोलर क्षमता वाले इस पहल की सहायता से टेलीकॉम अवसंरचना क्षेत्र में एक बड़े वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी का जन्म हो पाया है। हमारे आंकलन के अनुसार, इसका पर्यावरणीय प्रभाव लगभग 2 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है, जबकि पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करके, यह परियोजना सालाना लगभग 420,000 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस वैश्विक कीर्तिमान पर बात करते करते हुए, प्रचुर साह, MD और CEO, इंडस टॉवर्स लिमिटेड, ने कहा, '50,000 सोलर संचालित टेलीकॉम साइट्स के साथ लगभग 300 MW की सोलर क्षमता का आँकड़ा प्राप्त करना केवल एक व्यावसायिक उपलब्धि नहीं है; बल्कि यह संधारणीय टेलीकॉम अवसंरचना के विकास में एक ऐतिहासिक मोड़ है। इस स्तर की सफलता हासिल करने वाली पहली पैसिव अवसंरचना कंपनी होने के नाते, हमने यह साबित कर दिखाया है कि नवाचार, टेक्नोलॉजी और संधारणीयता को साथ में लेकर चलना, उद्योग और पर्यावरण दोनों के लिए कितना बड़ा और सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

आईटेल ने भारत में 15 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा पार किया



लखनऊ। भारत के प्रमुख किफायती कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स में से एक आईटेल ने आज भारत में 15 करोड़ (150 मिलियन) ग्राहकों का आंकड़ा पार करने की घोषणा की। यह उपलब्धि भारत में ब्रांड के 10 साल पूरे होने के मौके पर हासिल हुई है। मजबूती, भरोसा और किफायती कीमत के अपने ब्रांड वादे के साथ आईटेल ने भारत के वैल्यू सेगमेंट में मजबूत जगह बनाई है। Counterpoint Research के आंकड़ों के मुताबिक, CY2026 में 34 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ आईटेल भारत का नंबर 1 फीचर फोन ब्रांड है। वहीं 10,000 से कम कीमत वाले फोन सेगमेंट में 36 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ कंपनी सबसे आगे है।

आज आईटेल का पोर्टफोलियो सिर्फ मोबाइल फोन तक सीमित नहीं है। इसमें स्मार्टफोन, फीचर फोन, टीवी, होम अप्लायंसेज, स्पीकर्स, एक्सेसरीज़ और कई दूसरे कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स शामिल हैं। कंपनी का मकसद बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों और गांवों तक, ज्यादा से ज्यादा परिवारों तक भरोसेमंद टेक्नोलॉजी पहुंचाना है।

'15 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा हमारे लिए सिर्फ एक नंबर नहीं, बल्कि पिछले 10 सालों में भारतीय परिवारों द्वारा हम पर जताए गए भरोसे का प्रतीक है। यह उपलब्धि दिखाती है कि हम भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों को समझते हुए उनके लिए भरोसेमंद और किफायती टेक्नोलॉजी लाने के अपने वादे पर लगातार काम कर रहे हैं।

मोबाइल फोन से लेकर टीवी और होम अप्लायंसेज तक, हमारा सफर हमेशा ऐसी कैटेगरी में आगे बढ़ने का रहा है, जो भारतीय परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हैं।

बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम ने श्री जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ

कानपुर। बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम ने भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख पदयात्रा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' में केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ भाग लिया। बरेली मे आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रज क्षेत्र के विभिन्न जिलों से पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियों के तेज होने के बीच इस पदयात्रा को आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के महत्व पर बात करते हुए बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कहा, 'लोकतंत्र केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह ऐसी जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन प्रत्येक जनप्रतिनिधि को अपने कार्यों, जवाबदेही और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान के माध्यम से करना चाहिए। हमारे लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति उसकी संस्थाओं, नागरिकों की भागीदारी और देश के भविष्य को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर सार्थक संवाद करने की क्षमता में निहित है। सार्वजनिक जीवन में केवल राजनीतिक बयान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जिन लोगों का हम प्रतिनिधित्व करते हैं, उनके प्रति जिम्मेदारी निभाना भी आवश्यक है। बरेली में हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि जनभागीदारी, नागरिक जिम्मेदारी और आम लोगों के हित प्रत्येक पहल के केंद्र में रहें। शहर के विकास और यहां के नागरिकों के कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे कार्यों में दिखाई देनी चाहिए। '

यह पदयात्रा भाजपा की प्रदेशव्यापी पहल का हिस्सा थी, जिसके माध्यम से लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों, राजनीतिक जवाबदेही और जनभागीदारी से जुड़े मुद्दों को उठाया गया। कार्यक्रम ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक प्रक्रियाओं को लेकर विभिन्न स्तरों पर चर्चा जारी है। इस दौरान नेताओं को इन विषयों पर अपने विचार रखने का अवसर मिला।

डॉ. उमेश गौतम ने कार्यक्रम की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाई। इसमें जनभागीदारी, पदयात्रा के मार्ग और नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श शामिल रहा।

युवाओं ने साझा की सशक्त भारत की तस्वीर

लखनऊ। एक तरफ बुंदेलखंड का राई नृत्य तो दूसरी तरफ चैती और आल्हा का गायन, कविता में उकेरे गए विकसित भारत के शब्द और कूची से रंग भरती सशक्त भारत की तस्वीर। गुरुवार को लखनऊ पब्लिक पीजी कालेज में आयोजित मंडल स्तरीय युवा उत्सव में कला और संस्कृति के कुछ ऐसे ही रूप देखने को मिले।



युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित उत्सव में लखनऊ मंडल के छह जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया7 भारत सरकार के विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के तहत आयोजित कार्यक्रम में 200 से अधिक युवाओं ने अपनी प्रतिभा से हर किसी का मन? मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सहायक विकास आयुक्त डॉ. शिवाकांत तिवारी रहे।

भारतीय संस्कृति और विविधताओं को समर्पित युवा उत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं 'वंदे मातरम' की संगीतमय प्रस्तुति के संग हुआ। लोक नृत्य प्रतियोगिता में लखनऊ टीम पहले, लखीमपुर दूसरे स्थान पर रही। वहीं लोक संगीत प्रतियोगिता में हरदोई की टीम पहले, लखनऊ की टीम दूसरे और रायबरेली की टीम तीसरे स्थान पर रही। नुक्कड़ नाटक में लखनऊ की अदम्य ग्लोबल फाउंडेशन को पहला पुरस्कार मिला। चित्रकारी में लखनऊ के अमित कुमार एवं काव्य लेखन में हरदोई के हर्षवर्धन मिश्र विजयी रहे।

युवा कल्याण एवम् प्रांतीय रक्षक दल की उप निदेशक शिल्पी पाण्डेय ने बताया कि प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी अनिल कुमार तिवारी, संस्थान के डीन डॉ. लक्ष्मी शंकर अवस्थी, सेवा योजना अधिकारी डॉ. आशीष कौशल, अनीता चौधरी, आशीष मिश्र और राहुल सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने इस दिवाली घर में खुशियों के कई रंगों का जश्न मनाने के लिए 'खुशियों की चाबी

नोएडा। इस दिवाली, गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 'खुशियों की चाबी, मेरा गोदरेज घर' नाम से एक डिजिटल-फर्स्ट, अखिल भारतीय (पैन-इंडिया) अभियान शुरू किया है। यह अभियान इस विचार पर आधारित है कि अलग-अलग लोगों के लिए खुशी के मायने अलग हो सकते हैं, लेकिन घर ही वह जगह है जहाँ ज़िंदगी के सबसे यादगार और खास पल संवरते हैं।

एए वर्ल्ड की परिकल्पना पर तैयार यह अभियान उन भावनाओं, रिश्तों और रोजमर्रा के पलों का जश्न मनाता है, जो एक मकान को घर का रूप देते हैं। भावनात्मक कहानी कहने के अंदाज में तैयार यह अभियान घर को केवल रहने की जगह के रूप में नहीं, बल्कि यादों, जीवन के खास पड़ावों और अपनों के साथ बिताए गए पलों के केंद्र के रूप में पेश करता है।

इस अवसर पर गोदरेज प्रॉपर्टीज के चीफ सेल्स, मार्केटिंग एंड कस्टमर सेंट्रिसिटी ऑफिसर, शुभाशीष पटनायक ने कहा, 'घर अक्सर वही जगह होती है जहाँ ज़िंदगी के सबसे प्यारे और अनमोल पल आकार लेते हैं। चाहे कोई त्योहार मनाना हो, पारिवारिक परंपराएं बनाना हो या बस अपनों के साथ वक्त बिताना हो–घर खुशियों को जीवंत करने की एक अनोखी ताकत रखता है। 'खुशियों की चाबी, मेरा गोदरेज घर' के साथ हम इन्हीं बेहद निजी कहानियों का जश्न मनाना चाहते थे और अपने ग्राहकों को इस कहानी के केंद्र में रखना चाहते थे। यह अभियान उन भावनाओं, यादों और अनुभवों को समर्पित है जो हर घर को सचमुच खास बनाते हैं। एक ब्रांड के रूप में, हमारे ग्राहक हम पर जो भरोसा जताते हैं, वह हमारे ऊपर केवल घर सौंपने तक ही नहीं, बल्कि उसके बाद भी उनके जीवन को बेहतर बनाने वाले घरों और समुदायों का निर्माण करने की ज़िम्मेदारी लाता है। इस दिवाली, हम उन्हीं की खुशियों और कहानियों का जश्न मना रहे हैं।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की दमदार रफ्तार जारी -शेयर बाजार में लिस्टिंग के बाद वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में दर्ज की सबसे ज्यादा ग्रोथ

नई दिल्ली। भारत के मशहूर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार में लिस्ट होने के बाद, पिछले साल के मुकाबले अपनी सबसे ज्यादा ग्रोथ हासिल की है। यह लगातार दूसरी तिमाही है जब कंपनी ने डबल-डिजिट ग्रोथ दर्ज की है। इन नतीजों पर बात करते हुए, एलजीई इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री होंग जू जियोन ने कहा, 'हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमने लगातार दूसरी तिमाही में शानदार नतीजे दिए हैं, जिससे हमारी पहली छमाही भी बहुत मजबूत रही है। यह प्रदर्शन भारत की कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडस्ट्री की ताकत को दिखाता है। लोगों की बढ़ती आमदनी, प्रीमियम प्रोडक्ट्स की बढ़ती चाहत और शहरों से लेकर उभरते बाजारों तक पहुंच बढ़ने का फायदा इस इंडस्ट्री को मिल रहा है। एक लिस्टेड कंपनी के तौर पर एलजीई इंडिया का पहला साल पूरा हो रहा है, और यह प्रदर्शन हमारे शेयरधारकों के हम पर भरोसे और उनके लिए लंबे समय का फायदा बनाने के हमारे वादे को दिखाता है। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से आगे बढ़कर, हम तेजी से बदलते बी टू बी सेक्टर में भी अपने कदम बढ़ा रहे हैं और एक नए बी टू बी वर्टिकल, व्हीकल सॉल्यूशंस में एंट्री कर रहे हैं। हमारी तीन मुख्य रणनीतियां- मेक-इन-इंडिया, मेक-फॉर-इंडिया, और मेक-इंडिया-ग्लोबल- आगे भी घरेलू और एक्सपोर्ट बाजारों में हमारी ग्रोथ को रफ्तार देती रहेंगी। '

एलजीई इंडिया ने अपनी ग्रोथ की रफ्तार बरकरार रखते हुए वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में ऑपरेशंस से 73.80 अरब रुपये की शानदार आमदनी की है, जो पिछले साल इसी समय के 61.74 अरब रुपये के मुकाबले 19.5 प्रतिशत ज्यादा है। एबिटा 28.0 प्रतिशत बढ़कर 7.01 अरब रुपये हो गया है और इसका मार्जिन 63 बेसिस पॉइंट्स बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया है। वहीं, टैक्स चुकाने के बाद का मुनाफा 25.7 प्रतिशत बढ़कर 4.89 अरब रुपये तक पहुंच गया है। कंपनी ने यह मुनाफा तब हासिल किया है जब कच्चे माल की कीमतें ज्यादा थीं, रुपये की कीमत में गिरावट आई थी और आने वाले त्योहारी सीजन की मांग को पूरा करने के लिए बाजार में निवेश किया गया था।

एलजीई इंडिया ने एक नए बी टू बी सेगमेंट - व्हीकल सॉल्यूशंस, इन-व्हीकल इंफोटेनमेंट में कदम रखने का भी ऐलान किया है। इस पहल के जरिए, एलजी कोरिया का प्रमुख ग्लोबल बी टू बी ऑटोमोटिव बिजनेस (जिसमें ऑटोमोटिव इंफोटेनमेंट और टेलीमैटिक्स सॉल्यूशंस शामिल हैं) अब भारत में आएगा। ये सभी प्रोडक्ट्स एलजीई इंडिया के आंध्र प्रदेश स्थित श्री सिटी के तीसरे प्लांट में बनाए और सप्लाई किए जाएंगे।

प्रोडक्ट्स के हिसाब से प्रदर्शन

होम अप्लायंसेस और एयर सॉल्यूशन (H&A) ने लिस्टिंग के बाद अपनी सबसे अच्छी तिमाही ग्रोथ दर्ज की है। इसकी आमदनी पिछले साल के मुकाबले 20.9 प्रतिशत बढ़कर 47.72 अरब रुपये हो गई है। वाशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और रूम एयर कंडीशनर जैसी मुख्य कैटेगरीज में शानदार डबल-डिजिट ग्रोथ देखने को मिली है, जबकि डिशवॉशर की बिक्री में भी ज़बरदस्त तेज़ी आई है। कंपनी की रणनीति ने आम और प्रीमियम, दोनों तरह के ग्राहकों को

उत्तर प्रदेश में उद्यमशीलता को बढ़ावा देंगे इंटेलिकैप और आविष्कार फाउंडेशन, इन्वेस्ट यूपी से की रणनीतिक साझेदारी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नए कारोबार और उद्यमशीलता को नई गति देने के लिए इंटेलिकैप और आविष्कार फाउंडेशन ने राज्य सरकार की संस्था इन्वेस्ट यूपी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस संबंध में लखनऊ में आयोजित संकल्प भारत 2026 के दौरान तीनों संस्थाओं के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य प्रदेश में नए कारोबार का मजबूत तंत्र विकसित करना, स्थानीय उद्यमियों को निवेशकों, विशेषज्ञों और सरकारी संस्थानों से जोड़ना तथा नवाचार को प्रोत्साहित करना है। इसके तहत इन्वेस्ट यूपी के उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के सहयोग से उद्यमियों की पहचान, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और उनके कारोबार को आगे बढ़ाने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही एक जिला, एक उत्पाद योजना के समूहों और स्थानीय बाजार की जरूरतों को भी उद्यम विकास से जोड़ा जाएगा। इस पहल से नए कारोबार शुरू करने वालों को निवेश, संपर्क और व्यवसाय विस्तार के नए अवसर मिलेंगे। वहीं, उद्योग जगत, प्रशिक्षण संस्थानों और निवेशकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। आविष्कार समूह के संस्थापक एवं उपाध्यक्ष विनीत राय ने कहा कि यह साझेदारी उत्तर प्रदेश को उद्यमशीलता और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे रोजगार सृजन, समावेशी आर्थिक विकास और प्रदेश को एक लाख करोड़ नहीं, बल्कि एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी।

अब घर बैठे होगी जनगणना की शुरुआत, 16 नवंबर से ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे परिवार का ब्योरा

- डीएम संजय चौहान की अपील—स्व-गणना में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा
- ओटीपी सत्यापन के बाद मिलेगा विशिष्ट रजिस्ट्रेशन नंबर

अवधनामा ब्यूरो



कुशीनगर। देश की आगामी दस वर्षीय जनगणना को लेकर कुशीनगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। जनगणना के प्रथम चरण में 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया चलेगी। इसके तहत अब लोगों को अपने परिवार का विवरण दर्ज कराने के लिए शुरुआती तौर पर घर से बाहर निकलने की जरूरत नहीं होगी। नागरिक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से घर बैठे ही परिवार और आवास से जुड़ी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।

जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपदवासियों से अपील की है कि निर्धारित समयावधि में स्व-गणना की सुविधा का लाभ उठाएं और अपने परिवार का सही एवं पूरा विवरण स्वयं दर्ज करें। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी बेहद जरूरी है। स्व-गणना की प्रक्रिया के तहत परिवार का मुखिया अथवा उसका कोई अधिकृत सदस्य आधिकारिक वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप में आवश्यक जानकारियां भर सकेगा। प्रक्रिया के दौरान परिवार के मुखिया के मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। ओटीपी का सत्यापन होने के बाद स्व-गणना पूरी हो जाएगी और एक विशिष्ट रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त होगा। इस नंबर को सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा, क्योंकि बाद में घर-घर पहुंचने वाले प्रगणक इसी के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज विवरण का सत्यापन करेंगे। डीएम ने कहा कि जनगणना महज आबादी की गिनती नहीं, बल्कि देश की सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय तस्वीर तैयार करने का महत्वपूर्ण आधार है। इससे मिलने वाले आंकड़ों के आधार पर सरकार विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने, संसाधनों का बेहतर आवंटन करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का काम करती है। ऐसे में प्रत्येक परिवार का सटीक विवरण दर्ज होना आवश्यक है।

उन्होंने लोगों से विशेष अपील की कि स्व-गणना के दौरान किसी भी जानकारी को गलत या अधूरा न भरें और प्रक्रिया पूरी होने पर प्राप्त रजिस्ट्रेशन नंबर को संभालकर रखें। मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने भी जनपदवासियों से 16 से 30 नवंबर के बीच स्व-गणना में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। अधिकारियों का कहना है कि जनसहभागिता से ही जनगणना के आंकड़ों को अधिक सटीक और विश्वसनीय बनाया जा सकेगा।

पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र छात्राओ को जागरुक किया गया



फर्रुखाबाद। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस फतेहगढ़ द्वारा यातायात जागरूकता माह नवम्बर-2026 एवं मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के अंतर्गत सरस्वती बालिका विद्यालय बनखड़िया फतेहगढ़ में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जागरूक किया गया।

निर्माणाधीन क्रासिंग पुल का छज्जा ढहा, मलबे की चपेट में आकर मजदूर घायल

- हाटा कोतवाली के सामने महाराणा प्रताप चौक पर हुआ हादसा, निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मजदूरों की सुरक्षा पर उठे सवाल

अवधनामा संवाददाता



हाटा, कुशीनगर। फोरलेन पर हाटा कोतवाली के सामने महाराणा प्रताप चौक पर एनएचएआई की ओर से निर्माणाधीन क्रासिंग पुल के पाया की छज्जा ढलाई के दौरान अचानक एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। इसकी चपेट में आने से एक मजदूर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया और अन्य मजदूर बाल-बाल बच गए।

गुरुवार दोपहर एनएच-28 पर महाराणा प्रताप चौक के पास क्रासिंग पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान पुल के पाया पर छज्जे की ढलाई कराई जा रही थी। अचानक छज्जे का एक हिस्सा नीचे गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आकर काम कर रहा एक मजदूर घायल हो गया। मौके पर मौजूद मजदूरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घायल मजदूर को सीएचसी हाटा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार जया सिंह, नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार पांडेय और पुलिस फोर्स सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का जायजा लिया। हादसे के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर पुल जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य में मानकों और मजदूरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। फिलहाल छज्जा गिरने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। संबंधित विभाग की ओर से भी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लोगों ने एनएचएआई और कार्यदायी संस्था से घटना की जांच कराने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

दीपावली पर पत्रकारों का सम्मान, राजन जायसवाल ने दिया सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश

- शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सहभागिता से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना : राजन जायसवाल

अवधनामा संवाददाता



पत्रकारों को सम्मानित करते सीएमडी राजन जायसवाल

कसया, कुशीनगर। दीपावली के पावन पर्व पर गुरुवार को अमेरिकारप इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी राजन जायसवाल ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों को सम्मानित कर आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत बनाने का संदेश दिया। सम्मान समारोह के माध्यम से उन्होंने पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सभी की सहभागिता का आह्वान किया।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी राजन जायसवाल ने पत्रकारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में दीपावली प्रकाश, प्रेम, सम्मान और खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एकता और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना को आत्मसात करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षा एवं रोजगार को विकास की बुनियाद बताते हुए कंपनी के उद्देश्यों और भावी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा होगा, जब समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर कृष्ण मोहन पाण्डेय, नईम अंसारी, अजय मिश्रा, शैलेश कुमार सिंह, बृज बिहारी त्रिपाठी, उमर फारूक अंसारी, फैजुल हक, उपेंद्र तिवारी, शकील अहमद, आकिब अंसारी, कामख्या नारायण मिश्रा, मोहम्मद असलम, अबुलैस अंसारी, सतीश कुमार सिंह, पवन कुमार शर्मा, एहतेशाम लारी, मंतोष जायसवाल, हरिंद्र द्विवेदी, उग्रसेन गुप्ता, मेराज अहमद, सरफराज मीर, विजय यादव एवं उमेश निषाद सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

दिवाली पर लेखपालों को मिला पदोन्नति का तोहफा, कुशीनगर के कर्मचारियों में खुशी की लहर

- कुशीनगर के सात लेखपाल बने राजस्व निरीक्षक, वर्षों से लंबित पदोन्नति का इंतजार हुआ खत्म

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। दिवाली के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के लेखपालों को पदोन्नति का बड़ा तोहफा दिया है। लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुशीनगर जनपद के सात लेखपालों को राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। इस फैसले से संबंधित कर्मचारियों में खुशी और उत्साह का माहौल है। वर्षों से पदोन्नति की राह देख रहे कर्मचारियों के लिए सरकार का यह निर्णय दिवाली की सौगात साबित हुआ है।

पदोन्नति पाने वालों में पडरौना तहसील से योगेंद्र गुप्ता, अब्दुल कुद्दूस, रविंद्र राय, अरविंद कुमार और बृज नारायण प्रसाद शामिल हैं। वहीं तमकुहीराज तहसील से जयंत गुप्ता तथा खड्डा तहसील से चंद्रभान और राम अवध प्रसाद को पदोन्नति मिली है। इसके अलावा जनपद मुख्यालय स्थित ट्रेजरी में कार्यरत तुफैल अहमद को भी राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है।

बताया जाता है कि पडरौना तहसील में पदोन्नति पाने वाले अधिकांश लेखपाल पहले से ही राजस्व निरीक्षक का कार्यभार संभाल रहे थे। अब औपचारिक पदोन्नति मिलने से उन्हें इस पद पर स्थायी रूप से कार्य करने का अवसर मिलेगा। लंबे समय से अटकी पदोन्नति प्रक्रिया पूरी होने से कर्मचारियों की निराशा दूर हुई है। लेखपालों का कहना है कि समय से पदोन्नति मिलने से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है और वे नई ऊर्जा व जिम्मेदारी के साथ विभागीय कार्यों का निर्वहन कर सकेंगे।

शांति समिति की बैठक संपन्न

बस्ती। आगामी त्योहारों धनतेरस दीपावली एवं छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा शांति समिति (पीस कमेटी) बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सभी संभ्रान्त नागरिकों को शासन एवं प्रशासन द्वारा आगामी पर्वों के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों तथा सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनके क्षेत्रों और त्योहारों से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, सुझाव या शिकायतों के बारे में पूछा गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे आपसी भाईचारे, आपसी सौहार्द और परंपरागत हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाएं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर

दूरभाष संख्या- 05862244858 ई-मेल -nodelnpp2011@gmail.com
वेबसाइट- www.nagarpalikaparishadsitapur.org.in

पत्रांक :- 1626/सं0अनु0/न0पा0परि0सी0/2026-27 दि0 :- 05/11/2026

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि पालिका सीमान्तर्गत प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग सीतापुर कार्यालय से प्राप्त मूल्यांकन के आधार पर टाउन हाल के निकट यूकेलिप्टिस के पेड़ कुल 07 अद्द, मिशन स्कूल के निकट यूकेलिप्टिस 07 अद्द पेड़, व गोपाल घाट के निकट यूकेलिप्टिस के पेड़ 08 अद्द, कुल पेड़ों की संख्या 22 अदद पेड़ों की नीलामी पुनः दिनांक 13.11.2026 समय 12:00 बजे पालिका सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार निर्धारित तिथि एवं समय पर पालिका के नियम/शर्तों के अधीन नीलामी में भाग ले सकते है, नियम/शर्तों एवं अन्य नीलामी सम्बन्धी जानकारी कार्य दिवसों में सम्पत्ति अनुभाग से की जा सकती है।

शर्तें

1. पेड़ों की नीलामी निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित रहना होगा।
2. निर्धारित समय पर उपस्थित न होने पर नीलामी में भाग लेने हेतु सम्मलित नहीं किया जायेगा।
3. नीलाम कमेटी के समक्ष वन विभाग द्वारा पेड़ो के मूल्यांकन की धनराशि नीलामी के पूर्व जमा करना होगा।
4. नीलामी समय में उपस्थित व्यक्ति को आधार की फोटो कॉपी जमा करनी होगी।
5. नीलाम स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित रहेगा।
6. नीलाम की सम्पूर्ण धनराशि स्वीकृत उपरान्त पालिका कोष में जमा करना होगा।
7. मूल्यांकन सूची के पेड़ों का कटान पालिका के गार्डन सुपरवाइजर की उपस्थिति में करना होगा।
8. वन विभाग के नियमों का पालन करना होगा।
9. किसी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति में पालिका का निर्णय स्वीकार होगा।
10. नीलामी होने उपरान्त नीलामी की समस्त धनराशि उच्चतम बोलीदाता को निर्धारित तिथि में स्वीकृत के पूर्व जमा करना होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

जर्जर पीएचसी सुकरौली के पुनर्निर्माण का रास्ता साफ, जल्द होगा कार्य शुरू

- शासन ने कार्यदायी संस्था नामित कर शीघ्र कार्रवाई के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



हाटा, कुशीनगर। सुकरौली स्थित जर्जर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के पुनर्निर्माण की उम्मीद अब जगी है। क्षेत्रीय विधायक मोहन वर्मा की पहल पर उत्तर प्रदेश शासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वास्थ्य केंद्र के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए कार्यदायी संस्था नामित कर आवश्यक कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर पूरी करने को कहा गया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव चंद्र शेखर मिश्र ने तीन नवंबर 2026 को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश को पत्र जारी कर सुकरौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पुनर्निर्माण के संबंध में शीघ्र अग्रिम कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित यह स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। भवन जर्जर होने के कारण लंबे समय से यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। पुनर्निर्माण की दिशा में शासन की पहल से स्थानीय लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। पीएचसी के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया और कहा कि क्षेत्र के विकास

नन्हे बच्चों ने अधिकारियों को भेंट किए दीप और शुभकामना कार्ड

- सेंट जेवियर्स स्कूल में धूमधाम से मना दीपोत्सव

अवधनामा संवाददाता



कप्तानगंज, कुशीनगर। सेंट जेवियर्स स्कूल, कप्तानगंज में दीपावली के उपलक्ष्य में गुरुवार को दीपोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए आकर्षक मिट्टी के दीये और रंग-बिरंगे शुभकामना कार्ड तैयार किए।

कार्यक्रम का खास आकर्षण उस समय देखने को मिला, जब नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उपजिलाधिकारी सुश्री आकांक्षा मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें अपने हाथों से बनाए गए दीये और दीपावली की शुभकामनाओं से सुसज्जित ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए। बच्चों के इस अनूठे प्रयास की सराहना करते हुए एसडीएम ने उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार राय, उपनिरीक्षक आकाश गिरी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को भी दीप एवं शुभकामना कार्ड भेंट किए। थानाध्यक्ष ने बच्चों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक आकाश चंद्रा एवं रत्नेश चंद्र ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वैभव वांटू एवं उपप्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जूनियर कोऑर्डिनेटर विकास कुशवाहा, प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर रेहाना बेगम तथा शिक्षिकाओं शालिनी जायसवाल, मुस्कान कसौधन, प्रिया विश्वकर्मा, आरती वर्मा एवं करन कुमार का विशेष योगदान रहा। अधिकारियों से बच्चों की मुलाकात कराने एवं उन्हें मार्गदर्शन देने में उपप्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया सहित संबंधित शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य वैभव वांटू ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रदूषणमुक्त एवं पर्यावरण अनुकूल हरित दीपावली मनाने की अपील की। साथ ही समाज में प्रेम, भाईचारा, आपसी सौहार्द और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

रत्नेश खरवार बने किसान मोर्चा के जिला सोशल मीडिया संयोजक

तमकुहीराज, कुशीनगर। भाजपा किसान मोर्चा की जिला इकाई में सलेमगढ़ निवासी रत्नेश खरवार को जिला सोशल मीडिया संयोजक मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। मनोनयन की जानकारी मिलते ही समर्थकों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। रत्नेश खरवार इससे पूर्व मंडल स्तर पर सोशल मीडिया का दायित्व संभाल रहे थे। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और कार्यकुशलता को देखते हुए जिला इकाई ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन पर समाजसेवी मिथिलेश ठाकुर, विशाल पटेल, दिनेश चौरसिया, विकास सिंह पटेल उर्फ बिट्टू, संजीव साह, मुकुल शर्मा, रितेश ठाकुर और मन्नू चौरसिया सहित अनेक लोगों ने बधाई दी। समर्थकों ने विश्वास जताया कि वह अपने नए दायित्व से संगठन को और मजबूती प्रदान करेंगे।

22 नवंबर से चलेगा पल्स पोलियो अभियान, घर-घर पिलाई जाएगी खुराक



अवधनामा ब्यूरो

- बूथ दिवस पर विशेष इंतजाम, मेले-हाट बाजार और पोलिंग सेंटरों पर भी लगेंगे टीकाकरण कैंप

कुशीनगर। जनपद में 22 नवंबर से पल्स पोलियो एस.एन.आई.डी. अभियान शुरू होगा। इसके तहत 22 नवंबर को बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, जबकि 23 से 27 नवंबर तक स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर-विभागीय समन्वय बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभियान में कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहे। इसके लिए माइक्रोप्लान के अनुसार टीमें तैनात करने और व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने मेले, हाट-बाजार और सार्वजनिक आयोजनों में विशेष टीमें लगाने के साथ मतदाता पुनरीक्षण की विशेष तिथियों पर पोलिंग सेंटरों में भी टीकाकरण कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम और प्रभात फेरियां निकालने तथा आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने को कहा। दूरस्थ क्षेत्रों और मलिन बस्तियों में विशेष सतर्कता बरतने तथा अभियान की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई– निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 27.11.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदादाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

	निविदा सूचना संख्या	01142026 दिनांक 04.11.2026
1	कार्य का नाम	1. वरि. मंडल अभियन्ता–तृतीय/उ.रे./लख. के कार्य क्षेत्र में खलीसपुर, जफराबाद, अकबरपुर, जौनपुर, शाहगंज, शिवपुरी तथा लोहता स्टेशनों पर पांच साल के लिए संचालन और रखरखाव के साथ न्यूनतम क्लोरीनीकरण स्तर बनाए रखने के लिए स्वचालित जल क्लोरीनेटर प्रदान करना एवं स्थापित करना। 2. वरि. मंडल अभियन्ता–तृतीय/उ.रे./लख. के कार्य क्षेत्र में सहायक मंडल अभियन्ता-जौनपुर के अधीन वाराणसी–जफराबाद के बीच में पुल संख्या 51 अप तथा डाउन, 62 डाउन एवं 67 अप (कुल 03 सं0) के गर्डर को बदलने का कार्य।
2	अनुमानित लागत	1. रु. 54,59,671.14 2. रु. 98,00,908.66
3	धरोहर राशि	1. रु. 1,09,200.00 2. रु. 1,96,000.00
4	कार्य की समापन अवधि	**क्रम सं. 01 के लिए:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से साठ (60) माह। **क्रम सं. 02 के लिए:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह।
5	निविदा डालने का प्रारंभ	**क्रम सं. 01 तथा 02 के लिए** : 13.11.2026
6	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	**क्रम सं. 01 तथा 02 के लिए** : 27.11.2026 15:00 बजे
7	वेबसाइट	www.ireps.gov.in

नोट : तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

3857/26

कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर

दूरभाष संख्या- 05862244858 ई-मेल -nodelnpp2011@gmail.com
वेबसाइट- www.nagarpalikaparishadsitapur.org.in

पत्रांक :- 1627/सं0अनु0/न0पा0परि0सी0/2026-27 दि0 :- 05/11/2026

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि पालिका सीमान्तर्गत प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग सीतापुर कार्यालय से प्राप्त मूल्यांकन के आधार पर पुराने जज कालोनी के बाहर यूकेलिप्टिस के पेड़ कुल 07 अद्द, टाउन हॉल परिसर में यूकेलिप्टिस 01 अद्द पेड़, जज कालोनी के बाहर चिलबिल के पेड़ 01 अद्द, टाउन हॉल परिसर में चिलबिल का पेड़ 01 अद्द तथा पी0डब्यू0डी0 के बाहर सेमल के पेड़ 01 अद्द कुल पेड़ों की संख्या 11 अद्द पेड़ों की नीलामी दिनांक 13.11.2026 समय 12:00 बजे पालिका सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार निर्धारित तिथि एवं समय पर पालिका के नियम/शर्तों के अधीन नीलामी में भाग ले सकते है, नियम/शर्तों एवं अन्य नीलामी सम्बन्धी जानकारी कार्य दिवसों में सम्पत्ति अनुभाग से की जा सकती है।

शर्तें

1. पेड़ों की नीलामी निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित रहना होगा।
2. निर्धारित समय पर उपस्थित न होने पर नीलामी में भाग लेने हेतु सम्मलित नहीं किया जायेगा।
3. नीलाम कमेटी के समक्ष वन विभाग द्वारा पेड़ो के मूल्यांकन की धनराशि नीलामी के पूर्व जमा करना होगा।
4. नीलामी समय में उपस्थित व्यक्ति को आधार की फोटो कॉपी जमा करनी होगी।
5. नीलाम स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित रहेगा।
6. नीलाम की सम्पूर्ण धनराशि स्वीकृत उपरान्त पालिका कोष में जमा करना होगा।
7. मूल्यांकन सूची के पेड़ों का कटान पालिका के गार्डन सुपरवाइजर की उपस्थिति में करना होगा।
8. वन विभाग के नियमों का पालन करना होगा।
9. किसी प्रकार के वाद-विवाद की स्थिति में पालिका का निर्णय स्वीकार होगा।
10. नीलामी होने उपरान्त नीलामी की समस्त धनराशि उच्चतम बोलीदाता को निर्धारित तिथि में स्वीकृत के पूर्व जमा करना होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

फर्जी पासबुक थमा एजेंट ने आठ लाख हड़पे, डाकघर के दो कर्मचारी निलंबित

कानपुर। घाटमपुर डाकघर में एजेंट और कर्मचारियों की मिलीभगत से ग्राहक के आठ लाख रुपये से अधिक हड़पने का मामला सामने आया है। एजेंट ने महिला के माता-पिता के नाम खाता खोलकर डाकघर की मुहर लगाकर महिला को फर्जी पासबुक दे रखी थी। इसमें वह रकम की प्रविष्टियां भरता रहा लेकिन धन डाकघर में जमा करने के बजाय खुद रखता था। शिकायत पर डाक विभाग ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच शुरू कर दी है। मामले में तत्कालीन उपडाकपाल राकेश मिश्रा और क्लर्क शिवम सचान को निलंबित कर दिया गया है।

मूलरूप से घाटमपुर निवासी और वर्तमान में शहर में रहने वाली आकांक्षा चौरसिया के पिता जितेंद्र चौरसिया ने वर्ष 2007 में एजेंट शैलेंद्र पांडेय के माध्यम से डाकघर में खाता खुलवाया था। वर्ष 2012 में उनके पिता की मृत्यु के बाद एजेंट ने खाता मां के नाम स्थानांतरित कराने की बात कही। वर्ष 2024 में मां की मृत्यु के बाद आकांक्षा ने जमा रकम निकालने के लिए एजेंट से संपर्क किया लेकिन वह टालमटोल करता रहा।

सेक्टर मजिस्ट्रेटों और निर्वाचन से जुड़े समस्त वरिष्ठ अधिकारियों को कर्तव्य और जिम्मेदारियां

अवधनामा संवाददाता



फिरोजाबाद। आगामी विधानसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की संयुक्त मौजूदगी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेटों और निर्वाचन से जुड़े समस्त वरिष्ठ अधिकारियों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति विस्तार से निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पोलिंग पार्टियों, राजनीतिक दलों और रिटर्निंग अधिकारियों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए गए। आमतौर पर 10 से 12 पोलिंग स्टेशनों के बीच एक सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है, जिन्हें 1 घंटे के भीतर अपने सेक्टर के सभी मतदान केंद्रों को कवर करना होगा। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने निर्धारित क्षेत्रों में लगातार क्षेत्र भ्रमण करने, ग्रामीण स्तरीय कर्मचारियों एवं आम जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इलेक्टोरल रोल (मतदाता सूची) के प्रबंधन के तहत ईव्हीव रेशियो, जेंडर रेशियो और एज कोहॉर्ट (आयु वर्ग) का सत्यापन करने पर बल दिया गया। ईवपीव रेशियो लगभग 61: बनाए रखने तथा 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं के नाम फॉर्म 6 के माध्यम से जोड़ने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। अपने आवंटित क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की सामान्य स्थिति पर नजर रखने के लिए वल्नरेबिलिटी मैपिंग एवं अन्य निर्वाचन दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। चुनावी प्रक्रियाओं को तकनीकी रूप से संचालित करने के लिए बीवएलवओव ऐप (ठस्व् ।चच) के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन (अपडेट) करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की जानकारी दी गई। सभी संबंधित अधिकारियों और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के पास उनके क्षेत्र के सभी बीवएलवओव, सुपरवाइजर, ईवआरवओव और एवईवआरवओव के मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से होने चाहिए। साथ ही, ठड1 से लेकर ठड4 तक के विभिन्न फॉर्म्स और रिपोर्ट्स का समय पर अध्ययन कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और

जेल अधीक्षक जांच पूर्ण कराएं

फिरोजाबाद। उप जिला मजिस्ट्रेट, सदर सुदर्शन कुमार ने बताया कि कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद के आदेश के माध्यम से जिला जेल में सिद्धदोष बन्दी ध्यानपाल उर्फ पप्पू पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी-गढ़ी पाण्डे थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद की एस0एन0 मेडिकल कॉलेज आगरा में उपचार के दौरान 19.07.2026 को मृत्यु होने पर जेल अधीक्षक जिला कारागार फिरोजाबाद द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद द्वारा प्रश्नगत घटना की नियमानुसार जॉच पूर्ण कर जॉच आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रश्नगत घटना की मजिस्ट्रियल जांच अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जा रही है। अतः उक्त घटना निम्न लोग मृतक होने की सूचना प्राप्त हुयी है। ध्यानपाल उर्फ पप्पू पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी-गढ़ी पाण्डे थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद। प्रश्नगत घटना में मृतक हुये ध्यानपाल उर्फ पप्पू पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी-गढ़ी पाण्डे थाना रजावली जनपद फिरोजाबाद की मृत्यु के संबंध में किसी व्यक्ति को यदि लिखित या मौखिक साक्ष्य-कथन प्रस्तुत करना हो तो वह उप जिला मजिस्ट्रेट सदर फिरोजाबाद तहसील व जिला फिरोजाबाद के न्यायालय-कार्यालय में 03.11.2026 से 17.11.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

बच्चों के बनाए मॉड्यूल में दिखा विज्ञान और कला का संगमः धनवंता





■ सेंट नॉरबर्ट स्कूल में हुआ विज्ञान कला प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद के सेंट नॉरबर्ट स्कूल अमीनपुर में आज एक विज्ञान, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुनील कुमार धनवंता मुख्य विकास अधिकारी और विशिष्ट अतिथि सौरभ दूबे एडीएम बहराइच रहे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की गई।

सेंट नॉरबर्ट स्कूल में आज विज्ञान कला पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनी का शुभारंभ दीव प्रजवल्लित करके किया गया। बच्चों द्वारा मुख्य अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत परस्तु किया गया तथा जीवन में विज्ञान के महत्व पर नाट्य मंचन किया किया।

मुख्य अतिथियों द्वारा इस प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा की गई तथा बच्चों से बनाए गए मॉडलों के संबंध में जानकारी हासिल की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने कहा कि कला से लेकर विज्ञान तक जो मॉड्यूल बनाए गए हैं मन को मोहित करने वाले हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य पाल डिसूजा मुख्य संचालिका सिस्टर कुची रानी,एसपी श्रावस्ती चंद्रकेश सिंह सहित अन्य सिस्टर्स शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यालय स्टाफ अभिभावकों सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

व्यक्ति के जीवन को सहज और सरल बनाता है विज्ञान : सौरभ दूबे

बहराइच। जनपद के सेंट नॉरबर्ट स्कूल में आयोजित कला विज्ञान प्रदर्शनी के विशिष्ट अतिथि मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दूबे ने दीप प्रज्जवलन करके प्रदर्शनी को प्रारंभ करने के लिए फीता काटकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मौजूद अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंसान के जीवन में विज्ञान का बहुत महत्व होता है जो जीवन को सहज और सरल बनाता है अपने बच्चों को वैज्ञानिक बनाने के लिए प्रेरित करना होगा जब युवा विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तो देश भी और तरक्की करेगा। विज्ञान के क्षेत्र में जितनी उन्नति हमे करनी चाहिए उतनी हम अभी नहीं कर पाए है। हमे वैज्ञानिकों का सम्मान करना होगा समाज में उन्हें सबसे ज्यादा इज्जत देनी होगी तभी हमारे बच्चे इस क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में अपना बेहतरीन जीवन बनाने का प्रयास करेंगे।

जांच पूर्ण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। उप जिला मजिस्ट्रेट, सदर सुदर्शन कुमार ने बताया कि कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद के आदेश पत्र के माध्यम से जिला जेल में सिद्धदोष बन्दी मो0 हसन उर्फ भूरी पुत्र स्व0 इकराम हसन निवासी-गुदाऊं थाना जलेसर जनपद-एटा की जिला चिकित्सालय फिरोजाबाद में हुई मृत्यु होने पर जेल अधीक्षक जिला कारागार फिरोजाबाद द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद द्वारा प्रश्नगत घटना की नियमानुसार जॉच पूर्ण कर जॉच आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

प्रश्नगत घटना की मजिस्ट्रियल जांच अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जा रही है। अतः उक्त घटना में निम्न लोग मृतक होने की सूचना प्राप्त हुयी है। मो0 हसन उर्फ भूरी पुत्र स्व0 इकराम हसन निवासी-गुदाऊं थाना जलेसर जनपद-एटा। प्रश्नगत घटना में मृतक हुये मो0 हसन उर्फ भूरी पुत्र स्व0 इकराम हसन निवासी-गुदाऊं थाना जलेसर जनपद-एटा की मृत्यु के संबंध में किसी व्यक्ति को यदि लिखित या मौखिक साक्ष्य-कथन प्रस्तुत करना हो तो वह उप जिला मजिस्ट्रेट सदर फिरोजाबाद तहसील व जिला फिरोजाबाद के न्यायालय-कार्यालय में 03.11.2026 से 17.11.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

त्योहार पर घर पहुंचने के लिए ट्रेनों में बढ़ रही यात्रियों की भीड़

कानपुर। दिवाली और छठ पर घर पहुंचने के लिए ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। दिल्ली, मुंबई, बिहार और हावड़ा रूट की प्रमुख ट्रेनों में सीटों के लिए मारामारी है। कई ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है, जबकि कुछ में नो रूम की स्थिति है। आनंद विहार-छपरा और आनंद विहार-कानपुर सेंट्रल समेत कई ट्रेनों में टिकट मिलना मुश्किल हो गया है।रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनों का संचालन बढ़ाने के बावजूद यात्रियों को राहत नहीं मिल रही है। दिवाली के आसपास आवागमन करने वालों को भीड़ का सामना करना पड़ेगा। छठ के बाद बिहार से कानपुर, दिल्ली और मुंबई लौटने वाले यात्रियों को कनेक्टिंग स्टेशनों के जरिये सफर करना पड़ सकता है। बृहस्पतिवार शाम सात बजे कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ रही। ट्रेन का हॉर्न बजते ही सीट पाने के लिए यात्रियों में धक्का-मुक्की शुरू हो गई। स्थिति संभालने के लिए आरपीएफ जवान तैनात रहे।

बी डी एम गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं ने विज्ञान मॉडलों से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शिकोहाबाद (अवधनामा संवाददाता) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद श्रीमती मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में बी डी एम गर्ल्स इंटर कॉलेज, शिकोहाबाद में विद्यालय स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीरा माथुर एवं जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रधानाचार्या श्रीमती नीरा माथुर एवं अश्वनी कुमार जैन ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। श्रीमती नीरा माथुर ने सभी प्रतिभागियों के विज्ञान मॉडलों की सराहना करते हुए उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित किया।

दो स्पेशल ट्रेनें टूंडला स्टेशन पर मिलेगा ठहराव, यात्रियों को मिलेगा लाभ



अवधनामा संवाददाता

टूंडला। त्योहारों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दो आरक्षित विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। दोनों ट्रेनें टूंडला जंक्शन होकर गुजरेंगी। इससे दिल्ली, बिहार और पश्चिम बंगाल की ओर जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। प्रयागराज मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 04066/04065 आनंद विहार टर्मिनल-सबौर-आनंद विहार टर्मिनल विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा। आनंद विहार से सबौर जाने वाली ट्रेन छह, सात, 11 और 12 नवंबर को चलेगी। यह ट्रेन सुबह 8:15 बजे टूंडला पहुंचेगी और 8:17 बजे रवाना होगी। वापसी में सबौर से आनंद विहार जाने वाली ट्रेन सात, आठ, 12 और 13 नवंबर को संचालित होगी। यह टूंडला जंक्शन पर सुबह 6:30 बजे पहुंचेगी और दो मिनट ठहराव के बाद रवाना होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 04054/04053 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस का भी संचालन किया जाएगा। नई दिल्ली से हावड़ा जाने वाली ट्रेन चार, पांच, सात, 11 और 12 नवंबर को चलेगी। यह ट्रेन टूंडला जंक्शन पर रात 10:58 बजे पहुंचेगी और 11 बजे रवाना होगी। वापसी में हावड़ा से नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन छह, सात, नौ, 13 और 14 नवंबर को संचालित होगी। यह ट्रेन टूंडला स्टेशन पर रात 12:58 बजे पहुंचेगी और 1 बजे रवाना होगी। आनंद विहार-सबौर विशेष ट्रेन में एसी द्वितीय श्रेणी के तीन, एसी तृतीय श्रेणी के 11 और दो एसएलआर कोच सहित कुल 16 डिब्बे होंगे। वहीं नई दिल्ली-हावड़ा विशेष ट्रेन में एसी तृतीय श्रेणी के दो, स्लीपर के आठ, सामान्य श्रेणी के चार और दो एसएलआर कोच लगाए जाएंगे। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों के समय और अन्य जानकारियां रेलवे पूछताछ सेवा अथवा आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त करने की अपील की है।

6 नवम्बर से होगा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह नवम्बर 2026 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 06 से 30 नवम्बर 2026 तक किया जायेगा। वितरण अवधि मे प्रत्येक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर 2026 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

चाचा के घर रह रही युवती ने फंदा लगाकर दी जान

■ आत्महत्या की वजह नहीं बता सके परिजन

अवधनामा संवाददाता



कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के तिरंगा चौराहे के पास खुर्द इलाके में चाचा के घर पर रही 20 वर्षीय युवती ने बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर जान दे दी। चाची ने कमरे में उसका शव फंदे से लटकता देखा तो चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

कन्नौज के तालग्राम निवासी आदेश की बेटी संध्या छह माह से चाचा रमन के घर रहकर सिलाई का काम करती थी। बृहस्पतिवार को चाची आरती ने उसे कमरे में फंदे से लटकता देखा तो पिता और पुलिस को सूचना दी। बेटी की मौत की खबर मिलते ही मां गीता बदहवास हो गई। परिवार में संध्या के दो भाई सौरभ और गौरव और तीन बहनें हैं। पिता मजदूरी करते हैं। चाचा ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात तक संध्या किसी तनाव में नहीं दिख रही थी। उसके इस कदम से वह भी हैरान हैं। थाना प्रभारी केशव तिवारी ने बताया कि परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके हैं। मामले की जांच की जा रही है।



चित्रकूट में 95 पदों पर भर्ती का विज्ञापन निकला फर्जी, सीएमओ ने वीडियो जारी कर किया खुलासा

लोगों से अपील– फर्जी विज्ञापन के झांसे में आकर न भरें फॉर्म, न करें किसी से पत्राचार

अवधनामा संवाददाता



चित्रकूट। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय चित्रकूट के नाम से सोशल मीडिया पर 95 पदों पर बंपर भर्ती का वायरल हो रहा विज्ञापन पूरी तरह फर्जी है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने वीडियो जारी कर भर्ती के दावे का खंडन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके कार्यालय की ओर से ऐसी कोई भर्ती न तो प्रस्तावित है और न ही इस संबंध में कोई आधिकारिक विज्ञापन जारी किया गया है।

सीएमओ ने जनपद के बेरोजगार युवाओं एवं आमजन को सावधान करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 95 पदों पर भर्ती के संदेश पर विश्वास न करें। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण की जानकारी पहले ही प्रेस को दी जा चुकी है। साथ ही पुलिस अधीक्षक को भी पूरे मामले से अवगत कराया गया है।

फर्जी विज्ञापन वायरल करने वाले प्लेटफॉर्म की जांच कराने के लिए साइबर सिक्योरिटी को भी पत्र लिखा गया है, ताकि इस मामले की वास्तविकता सामने आ सके और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

सीएमओ ने आमजन से अपील की है कि भर्ती के नाम पर किसी भी तरह के झांसे में न आएं। कोई भी व्यक्ति इस विज्ञापन के आधार पर आवेदन फॉर्म न भरे, न किसी से पत्राचार करे और न ही किसी कथित नियुक्ति पत्र को स्वीकार करे।

उन्होंने दोहराया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय चित्रकूट से 95 पदों पर भर्ती का कोई आदेश या विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। इसलिए लोग सतर्क रहें और किसी भी भ्रामक सूचना पर भरोसा करने से बचें।

बूथ व शक्ति केंद्रों की मजबूती से ही संगठन बनेगा सशक्त : अशोक मिश्रा

नगरपालिका हॉल में संपन्न हुई भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता



सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की मासिक बैठक गुरुवार को स्थानीय नगरपालिका हॉल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज गंगापार के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रभारी अशोक मिश्रा उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अशोक मिश्रा ने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके बूथ और शक्ति केंद्र हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय रखने और समर्पण भाव से कार्य करने पर बल दिया। मंडल अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी कार्यक्रमों को लेकर सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ मैदान में उतरें।

इस दौरान भाजपा के विभिन्न मोर्चों में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया और संगठन के प्रति उनके योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सह मीडिया प्रभारी अमन मौर्या, नगर महामंत्री ऋतु अग्रहरि, नगर उपाध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय, अभिषेक गुप्ता, आलोक रावत, ध्रुकांत द्विवेदी, रंजन पाण्डेय, संतोष भारती, वंदना वर्मा, रीता गुप्ता, अनीता, दुर्गेश केडिया, लालू सोनी सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई कर फरियादियों की सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों को शिकायतों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से उसका समाधान किया जाए।

उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

आजम खां के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर छात्र संगठन ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन



मौदहा। वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां की जमानत पर रिहाई के तुरंत बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें हिरासत में लिए जाने के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन कांग्रेस ने आवाज उठाई है। गुरुवार को संगठन के जिलाध्यक्ष सत्तार अहमद के नेतृत्व में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मौदहा के माध्यम से भेजा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आजम खां को जिला कारागार से बाहर आते ही ईडी द्वारा हिरासत में लिया जाना न्यायिक प्रक्रिया और व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करता है। संगठन ने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 के पुराने मामलों को आधार बनाकर बार-बार कार्रवाई किया जाना राजनीतिक प्रतिशोध की भावना को दर्शाता है। ज्ञापन में आजम खां की बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनके साथ मानवीय व्यवहार किए जाने की मांग की गई। साथ ही मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना में उनके शैक्षिक योगदान का उल्लेख करते हुए पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कराने, कथित मनमानी पर रोक लगाने और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की गई। इस दौरान कांग्रेसी नेता सलीम मजदूर, जलीस समेत आधा दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे।

हमीरपुर में 1015 से घटकर 991 हुए मतदेय स्थल, आयोग ने दी मंजूरी

मतदेय स्थलों के सम्भाजन के बाद हमीरपुर विधानसभा में 509 और राठ में 482 बूथ निर्धारित, 12 नवंबर को प्रकाशित होगी मतदाता सूची की आलेख्य सूची

अवधनामा संवाददाता



हमीरपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदेय स्थलों के सम्भाजन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनपद में अब 991 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। आयोग ने नए मतदेय स्थलों को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। पूर्व में जनपद में कुल 1015 मतदेय स्थल थे। मतदाताओं की अधिकतम 1200 संख्या के मानक के आधार पर किए गए सम्भाजन के बाद बूथों की संख्या में 24 की कमी हुई है।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के बाद आयोग से अनुमोदित बूथों की जानकारी दी गई। निर्धारित 991 मतदेय स्थलों में विधानसभा क्षेत्र 228-हमीरपुर के 509 तथा विधानसभा क्षेत्र 229-राठ (अजा) के 482 मतदेय स्थल शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से नए मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नामित कर उनकी सूची शीघ्र उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीएलओ और बीएलए के बीच बेहतर समन्वय से निर्वाचक नामावली को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जा सकेगा। साथ ही नए बूथों से जुड़े मतदाताओं को भी समय से आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा सकेगी।

बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को तथा अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाने और निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करने की अपेक्षा की।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार, भाजपा के जिला महामंत्री लक्ष्मीरतन साहू, बसपा के विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र वर्मा, कांग्रेस के जिला मंत्री सूर्यकिशोर तिवारी, सपा यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मिस्बाहुल हसन एवं युगांक मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

जनगणना प्रशिक्षण लेने जा रहे प्रधानाध्यापक की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल, अस्पताल पहुंचते ही तोड़ा दम, प्रशिक्षण केंद्र में शोक की लहर

अवधनामा संवाददाता



भरुआ सुमेरपुर। जनगणना का प्रशिक्षण लेने कस्बे के पॉलिटेक्निक कॉलेज आ रहे बाइक सवार प्रधानाध्यापक को गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिक्षक को पुलिस एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही शिक्षकों और परिजनों में कोहराम मच गया।

जिला मुख्यालय के रमेड़ी मोहल्ला निवासी रामप्रकाश निषाद (57) अतरैया स्थित कंपोजिट विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे। उनकी ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई थी। गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे वह बाइक से कस्बे के पॉलिटेक्निक कॉलेज में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण में शामिल होने आ रहे थे। इसी दौरान कुंडौरा-नरायनपुर के बीच आदर्श ऑटो मोबाइल के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में शिक्षक और परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक अपने पीछे पत्नी रामजानकी और दो पुत्रों अमित राज व अजय कुमार को छोड़ गए हैं। शिक्षक की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

पीस कमेटी की बैठक में गूंजा जर्जर हाईवे का मुद्दा, दीपावली से पहले मरम्मत की मांग

भरुआ सुमेरपुर। बुधवार देर शाम थाने में सीओ सदर यशपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में कस्बे के अंदर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे की जर्जर हालत का मुद्दा जोर-शोर से उठा। व्यापार मंडल ने दीपावली पर्व से पहले हाईवे की मरम्मत कराने की मांग की।

बैठक में साफ-सफाई, पेयजल और बिजली व्यवस्था के साथ हाईवे की बदहाल स्थिति पर चर्चा हुई। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता 'दीपू' ने कस्बे के मध्य सड़क की जर्जर हालत से होने वाली परेशानियों को उठाते हुए त्योहार से पहले मरम्मत कराने की मांग रखी। इस पर सीओ सदर यशपाल सिंह ने आश्वस्त किया कि गुरुवार रात से मरम्मत कार्य शुरू करा दिया जाएगा। बैठक के अंत में प्रभारी थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने सभी का आभार जताया।

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खड़िया परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर हुई पर्यावरणीय जनसुनवाई

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के उत्तर प्रदेश स्थित खड़िया क्षेत्र की परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर 4 नवंबर 2026 को पर्यावरणीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जनसुनवाई की अध्यक्षता एसडीएम वैढ़न श्री सुरेश जादव ने की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्री रतिपाल ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जनसुनवाई में जिला प्रशासन, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा एनसीएल प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

जनसुनवाई के दौरान परियोजना के विस्तारीकरण से जुड़े विभिन्न पर्यावरणीय पहलुओं, स्थानीय क्षेत्र पर संभावित प्रभावों तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रस्तावित उपायों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई तथा उनकी आपत्तियों, सुझावों और अपेक्षाओं को सुनवाई प्रक्रिया के अंतर्गत दर्ज किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने परियोजना के विस्तारीकरण से संबंधित विभिन्न प्रश्न, समस्याएं एवं सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। एनसीएल प्रबंधन की ओर से पर्यावरण अधिकारी श्री रोहित गुप्ता ने ग्रामीणों द्वारा उठाए गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का क्रमवार उत्तर दिया तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति प्रबंधन की संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल किए जाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर एसडीएम वैढ़न श्री सुरेश जादव, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्री रतिपाल ठाकुर, एनसीएल खड़िया क्षेत्र से श्री के डी जैन महाप्रबंधक खड़िया क्षेत्र सहित विभागाध्यक्ष, जेसीसी व श्रमिक संघ प्रतिनिधि एवं एनसीएल मुख्यालय के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, ग्रामीणजन तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सोन नदी तट पर भव्य महागंगा आरती, जनपद सोनभद्र में पहली बार हुई नौका दौड़; लोकसंस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा गंगा उत्सव

अवधनामा संवाददाता



सोनभद्र। जिला गंगा समिति, सोनभद्र के तत्वावधान में गंगा उत्सव-2026 के अवसर पर सोन नदी तट स्थित छठ घाट, चोपन में भव्य महागंगा आरती, नौका दौड़ प्रतियोगिता एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नदी संरक्षण, जनसहभागिता एवं सोनभद्र की समृद्ध आदिवासी लोकसंस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली।

गंगा उत्सव का प्रमुख आकर्षण जनपद सोनभद्र में पहली बार आयोजित नौका दौड़ प्रतियोगिता रही। सोन नदी की सहायक नदियों के नाम पर आयोजित इस प्रतियोगिता में बजरंग घाट से छठ घाट, चोपन तक विभिन्न नदियों के नाम पर नाविकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गंडक नदी के नाविकों ने प्रथम, पांडु नदी के नाविकों ने द्वितीय तथा बिजुल नदी के नाविकों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सोन, रिहंद, कर्मनाशा, कनहर, बेलन सहित अन्य नदियों के नाविकों ने भी प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

सायंकाल छठ घाट, चोपन पर भव्य महागंगा आरती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी श्री आशुतोष कुमार जायसवाल, एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्री उस्मान अली द्वारा दीप प्रज्वलित कर महागंगा आरती का शुभारंभ किया गया। दीपों की जगमगाहट एवं आरती के भक्तिमय वातावरण ने पूरे घाट को आध्यात्मिक एवं उत्सवमय स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई व रंगोली बनाकर कार्यक्रम मे अलग ही चाप छोड़ी। वहीं स्थानीय आदिवासी लोक कलाकारों द्वारा सोनभद्र की पारंपरिक लोकसंस्कृति के प्रतीक करमा एवं परसोना नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

इस अवसर पर गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं संवर्धन हेतु उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन को संरक्षण शपथ दिलाई गई तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनसहभागिता का संदेश दिया गया।

शांति समिति की बैठक में सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



इटावा। आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार के निर्देशन में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती बबीता सिंह,सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर एवं क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं संभ्रांत व्यापारियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में अधिकारियों द्वारा आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, पारस्परिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। साथ ही व्यापारियों से बाजारों में सुरक्षा, यातायात एवं साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपेक्षा की गई।

गांव जा रहा बाइक सवार बाइक से हुआ दुर्घटनाग्रस्त

मौदहा। मौदहा से बीती शाम बाईक से अपने गांव जा रहा बाईक सवार सिसोलर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल से प्राथमिक ईलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र सिसोलर निवासी शत्रुघन 22 वर्ष पुत्र मुल्लू बुधवार की देर शाम बाईक द्वारा मौदहा से अपने गांव जा रहा था तभी मौदहा सिसोलर मार्ग पर उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल लाया गया जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सक ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

आधा दर्जन लोगों के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का मुकदमा

मौदहा। ग्राम करहिया में एक सप्ताह पूर्व दो पक्षों में हुई गाली गलौज व मारपीट के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी व जाति सूचक शब्द कहके अपमानित करने का मामला दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम करहिया में बाबूलाल वर्मा व मोहन लाल यादव के परिजनों में 30 अक्टूबर को आपसी विवाद के चलते गाली गलौज व मारपीट शुरू हो गई इस पर घटना में दोनों पक्षों के हल्की-फुल्की चोटे भी आयी जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने एक पक्ष के रामपति पत्नी बाबूलाल की तहरीर पर दूसरे पक्ष के पुष्पेंद्र पुत्र मोहनलाल, शिव प्रसाद, सौरभ, सोहन यादव, छोटा व शोभित के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी व दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सहोदय इंटर स्कूल डांस प्रतियोगिता में सेवन हिल्स इंटर कॉलेज ने हासिल किया प्रथम स्थान

वहाज अली 'निहाल'



इटावा। सहोदय इंटर स्कूल डांस प्रतियोगिता में सेवन हिल्स इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।प्रतियोगिता में कुल 31 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की थीम रेट्रो टू मेट्रो 80 के दशक से 2025 तक का सफर रही, जिसमें क्लासिक बॉलीवुड के सुनहरे दौर से लेकर आधुनिक बॉलीवुड तक की शानदार संगीतमय एवं नृत्य यात्रा प्रस्तुत की गई।इस प्रतियोगिता में सेवन हिल्स इंटर कॉलेज की 12 छात्राओं ने अपनी बेहतरीन नृत्य प्रस्तुति, शानदार तालमेल और आकर्षक मंच प्रदर्शन से निर्णायकों एवं दर्शकों का दिल जीतते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।विजेता छात्राओं में

ऋषिका, चित्रांशी राय, तनिष्का माथुर, परी शुक्ला, भूमि भदौरिया, गार्गी राजपूत, समृद्धि, परी यादव, सृष्टि राजपूत, तनु राजपूत, तपस्या चौहान, तन्वी यादव रही।

इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे,ट्रस्टी सुनील राजपूत एवं चेयरमैन एडवोकेट शिवकिशोर दुबे ने सभी विजेता छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा, मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। सेवन हिल्स इंटर कॉलेज की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है।

नारायन कालेज में हुआ सहोदया इण्टर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता नृत्योत्सव का आयोजन

इटावा। नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल सभागार में सहोदया इण्टर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा.आनन्द मोहन,सिटी कॉर्डिनेटर सीबीएसई, प्रधानाचार्य संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल, डा.श्रेता तिवारी, निदेशिका नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, डा.नमिता तिवारी, कोरियोग्राफर, फैशन डिजाइनर, श्रीमती परोमिता असीन विश्वास, कथक नृत्यांगना व समाजसेविका, विशिष्ट अतिथि श्री अभिषेक सक्सेना, प्रधानाचार्य पुलिस मार्डन स्कूल, रॉय बरगीश, प्रधानाचार्य एस.आर. मेमोरियल स्कूल, विवेक श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य रेडवुड ग्लोबल स्कूल, सौरभ दुबे प्रधानाचार्य सेविन हिल्स इंटर कालेज, डा0 कैलाश चन्द्र यादव, निदेशक, पान कुंवर इण्टरनेशनल स्कूल, श्रीमती पूनम शर्मा, डा.धर्मेन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य नारायन कालेज एवं प्रेसीडेंट सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नृत्य कला कौशल का एक बहुत ही पवित्र हिस्सा है।

एसएमजीआई में हुआ जेनरो 2026 का भव्य समापन

वहाज अली 'निहाल'



इटावा। एसएमजीआई इटावा के बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव जेनेरो 2026' का बड़ी ही भव्यता के साथ समापन संपन्न हुआ।जेनेरो 2026 के अंतिम दिन में भी डांस,नाटक तथा रैम्प वॉक की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें एसएमजी आई के बीसीए, बीबीए, एमबीए, एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, डी फार्मा तथा बी फार्मा के छात्रों ने प्रतिभाग किया। डांस प्रतियोगिता में बीफार्मा प्रथम, बीएससी नर्सिंग द्वितीय तथा एमबीए को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नाटक प्रतियोगिता में फार्मेसी प्रथम, नर्सिंग द्वितीय तथा मैनेजमेंट डिपार्टमेंट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।रैम्प वॉक प्रतियोगिता में एमबीए प्रथम,बी फार्मा द्वितीय तथा बीसीए को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को चेयरमैन डॉ विवेक यादव तथा डायरेक्टर डा उमा शंकर शर्मा द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर भव्य मंच से सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में अभिनीत चौहान,मानसी दुबे तथा प्रियंका सक्सेना ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जेनेरो 2026 के समापन में संस्थान की को चेयरपर्सन डॉ.प्रीति यादव तथा डीपीएस प्रिंसिपल भावना सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

जेनरो 2026 को सफल बनाने के लिये संस्थान के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने सभी शिक्षकों,छात्रों व आयोजक टीम को बधाई दी।छात्रों में विशेष रूप से विवेक,अमित यादव, शिव कुमार, हार्दिक गुप्ता, निष्ठा, आकृति तथा रितिका तिवारी ने जैनरो 2026 को आयोजित किया।

मुनादी कर छेड़खानी करने वालों को चेतावनी, शिकायत पर होगी कानूनी कार्रवाई

मौदहा। सिसोलर थाना क्षेत्र के भैंसमरी गांव में गुरुवार को लड़कियों और महिलाओं से छेड़खानी व अभद्रता रोकने के लिए पुलिस और ग्राम प्रधान ने मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही शरारती तत्वों को चेतावनी दी गई कि ऐसी हरकत करने वालों के खिलाफ शिकायत मिलने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। छेड़खानी और अश्लील हरकतों को छोटी शरारत नहीं, बल्कि गंभीर अपराध माना जाएगा। ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस और ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव में सुरक्षित माहौल बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी तरह की अभद्रता या छेड़खानी की घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

घर छोड़ने के बहाने महिला से युवको ने की टप्पेबाजी

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में जेठानी की मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने आई महिला को रात में वापस जाते समय बाइक सवार युवको ने घर छोड़ने के बहाने रास्ते में टप्पेबाजी कर ली और बाइक लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

फतेहपुर जनपद की लालौली थानाक्षेत्र के महना गांव निवासी उषा देवी सोनकर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह कस्बे की इमिलिया थोक में अपनी जेठानी की मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आई थी रात करीब 9:15 बजे रेलवे क्रासिंग के पास बांदा मार्ग में साधन का इंतजार कर रही थी तभी बाइक सवार दो युवक आये है और घर तक छोड़ने का आश्वासन देकर बाइक में बैठा दिया इसौली गांव के पास शिव मंदिर में दर्शन करने के नाम पर युवकों ने उससे जेवरात मंगलसूत्र, पायल, कान के टॉप्स नगदी पर्स में रखने की बात कही और पर्स ले लिया जैसे ही वह मंदिर की तरफ जाने लगी वैसे ही दोनों युवक बाइक लेकर भाग निकले। प्रभारी थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात युवको के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भाजपा से लोकतंत्र बचाने की जरूरतः आराधना मिश्रा

अवधनामा ब्यूरो



- एसआईआर पर कांग्रेस का भाजपा पर हमला
- लोकतंत्र के खिलाफ है भाजपाः कांग्रेस

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने भारतीय जनता पार्टी की देश-प्रदेश में निकाली जा रही लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा को भाजपा से लोकतंत्र बचाने की यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि असल में भाजपा ही प्रजातंत्र के खिलाफ है, क्योंकि एसआईआर के नाम पर करोड़ों वोट काट दिये गये। उन्होंने आरोप लगाया कि अमित शाह की प्रदेश यात्रा और ज्ञानेश कुमार का वोट काटना दोनों आदित्यनाथ की सत्ता बदलने के लिए है। एसआईआर के पीछे नरेन्द्र मोदी और अमित शाह हैं। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए आराधना मिश्रा ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन गोरखपुर में, पूर्व अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा बरेली और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान लखनऊ में यात्रा में सड़कों पर उतरे। गृहमंत्री अमित शाह हैदराबाद और करनाल में अभियान का हिस्सा बने। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में हम वोट चोरों के खिलाफ इस प्रजातंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें विश्वास है कि देश यह लड़ाई जीतेगा और हम लोकतंत्र की पुर्नस्थापना में कामयाब होंगे। उन्होंने संविधान सभा में 16 जून 1949 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कहे शब्द याद दिलाए, जिसमें बाबा साहब ने कहा था कि चुनाव आयुक्त का कार्यकाल निश्चित और सुरक्षित करने का कोई लाभ नहीं, अगर संविधान में किसी मूर्ख, धूर्त या सरकार के अंगूठे के नीचे काम करने वाले व्यक्ति को रोकने का प्रावधान न हो। वोट कटने से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं आराधना मिश्रा ने भाजपा नेताओं के वोट कटने पर सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि एसआईआर से नाम कटने वालों को सरकारी राशन, सरकारी लाभ और सामाजिक योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। इसी तरह बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी पूर्व में एसआईआर से नाम कटने वालों को सरकारी सेवाओं से अलग करने की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आंकड़े ही सच बता रहे हैं, जिनके अनुसार प्रदेश की अनुमानित जनसंख्या 25.70 करोड़ है और इसके लगभग 65 प्रतिशत मतदाता होने चाहिए, यानि 16 करोड़ 70 लाख 50 हजार। राज्य निर्वाचन आयोग की स्थानीय निकाय सूचियों में भी लगभग इतने ही मतदाता दर्ज हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों, नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों आदि मिला कर बताया कि इसके अनुसार कुल मतदाता 16 करोड़ 77 लाख, 8379 होते हैं। इसके मुकाबले ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के बाद प्रदेश में सिर्फ 13 करोड़, 39 लाख, 84 हजार 792 मतदाता ही रहने दिए। उन्होंने भाजपा कार्यसमिति की मीडिया रिपोर्टस के अनुसार मुख्यमंत्री के प्रदेश में मतदाताओं की संख्या कम होने का जिक्र किया। आराधना मिश्रा ने कहा कि अमित शाह की उत्तर प्रदेश यात्रा इंडिया गठबंधन की जीत की गारण्टी होगी, क्योंकि वे आदित्यनाथ की रेजिम चेंज कराना चाहते हैं।

यूनिटी कॉलेज (द्वितीय पाली) में इंटर-हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। यूनिटी कॉलेज (द्वितीय पाली) में दो श्रेणियों में एक इंटर-हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। वरिष्ठ छात्रों ने 'हमें एक कैशलेस समाज बनना चाहिए' विषय पर बहस की, जबकि कनिष्ठ छात्रों ने 'स्मार्टफोन हमें मानसिक रूप से निष्क्रिय बना रहे हैं' विषय पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अली अकबर और विशिष्ट अतिथि रोशन तकी तथा वसीम अब्बास शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और छात्रों को इतनी अच्छी तरह तैयार करने के लिए उनके शिक्षकों की भी सराहना की। कार्यक्रम में कॉलेज सचिव नजमुल हसन रिज़वी, प्रबंधक डॉ. एस. कल्बे सिब्तैन नूरी, अकादमिक सलाहकार श्रीमती तहसीन जैदी और प्रधानाचार्या शबाना अहमद भी उपस्थित थीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में यास्मीन नकवी और सबीहा सलमान शामिल थीं। श्रीमती नकवी सेंट एग्नेस लोरेटो डे स्कूल से और श्रीमती सलमान यूनिटी कॉलेज से सेवानिवृत्त अंग्रेजी शिक्षिका हैं। प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास, दृढ़ता और शालीनता के साथ अपने तर्क प्रस्तुत किए, जिससे यह कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली और दिलचस्प बन गया। 'चैंपियन ट्रॉफी' संयुक्त रूप से 'नवाब मोहम्मद अली शाह हाउस' और 'डॉ. राधाकृष्णन हाउस' ने जीती।

पीएनबी विशेष क्रेडिट ऑफर के साथ लाया ग्राहकों के लिए उत्सव की खुशियां

लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो) भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने उत्सव के उल्लास को बढ़ाते हुए नवंबर 2026 के पूरे महीने के लिए अपने रिटेल क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए विशेष ऑफ़र की एक रोमांचक श्रृंखला की घोषणा की है। ये विशेष उत्सव ऑफ़र ग्राहकों को खरीदारी, ट्रैवल, डाइनिंग, मनोरंजन और कई दैनिक व्यय श्रेणियों में आकर्षक छूट, तत्काल बचत और कैशबैक प्रदान करके ग्राहकों के उत्सवों को अधिक लाभप्रद बनाने के लिए तैयार किए गए हैं।



